RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 7 अंक 344
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 24 अक्टूबर, 2019
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



महान पटकथाओं से ही महान फिल्में बनती हैं: कल्कि

विविध-16

## मोदी सरकार का दिवाली तोहफा

# नियमित होंगी दिल्ली की अवैध कॉलोनियां

- 40 लाख लोगों को मिलेगा मालिकाना हक, लगेगा मामूली शुल्क, सैनिक फार्म समेत 69 संपन्न कॉलोनियां फैसले के दायरे से बाहर
- डीडीए करेगा मैपिंग- होगा विकास, बनेंगी सड़कें-सीवर और पार्कः पुरी
- फैसले को कानूनी जामा पहनाने को संसद सत्र में आएगा बिलः जावडेकर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



हरदीप सिंह पुरी

**मोदी** सरकार ने विधानसभा चुनाव से ऐन पहले दिल्ली की अवैध कॉलोनियों को नियमित करने का बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत, इनमें रहने वाले 40 लाख बाशिंदों को मालिकाना हक मिल जाएगा। अनधिकृत कॉलोनियों के लोग लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शहरी विकास मंत्रालय के इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। राष्ट्रीय राजधानी में 1797 अवैध कॉलोनियां हैं जिन्हें नियमित करने का मुद्दा मोदी सरकार के सौ दिन के एजेंडे में प्रमुखता से शामिल था।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने संवाददाताओं को कैबिनेट के फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इससे 40 लाख लोग लाभान्वित होंगे। दिल्ली की अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के फैसले को कानूनी जामा पहनाने के लिए संसद के आगामी सत्र में विधेयक पेश किया जाएगा।

बैठक के बाद, आवास एवं शहरी मामलों के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभाव) हरदीप सिंह पुरी ने बताया कि केंद्र सरकार के इस फैसले का लाभ दिल्ली की अनधिकृत कालोनियों में रह रहे लगभग उन लाखों लोगों को मिलेगा जिन्हें पिछले कई दशकों से संपत्ति का मालिकाना हक मिलने का इंतजार था। पुरी ने यह भी स्पष्ट किया कि इसमें सरकारी और निजी इन दोनों ही श्रेणियों की जमीन पर बसी अनधिकृत कालोनियों को शामिल किया गया है लेकिन, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की जमीन पर बने फार्म हाउस, सैनिक फार्म, महेंद्रू एनक्लेव और अनंत राम डेयरी इलाके में बने फार्म हाउस समेत 69 संपन्न कॉलोनियों को इस फैसले के दायरे से बाहर रखा गया है।

गौरतलब है कि संपन्न कॉलोनियों में रहने वालों को भी अपनी संपत्ति को नियमित किए जाने के फैसले का लंबे समय से इंतजार है। इन इलाकों के अनधिकृत होने के कारण यहां बने फार्म हाउस व कॉलोनियां भी कानूनी तौर पर नियमित नहीं हो पाई हैं।

पुरी ने बताया कि नियमित होने वाली कॉलोनी में निर्मित संपत्ति के अलावा खाली प्लॉट को भी नियमित कराकर संपत्ति का मालिकाना हक दिया जाएगा। इन कॉलोनियों में आम तौर पर निम्न आयवर्ग के लोग रहते हैं, इसलिए संपत्ति को ( शेष पेज 10 )

## केजरीवाल ने किया स्वागत बोले-तुरंत शुरू हो प्रक्रिया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में अनधिकृत कालोनियों को नियमित करने के फैसले का स्वागत किया है। साथ ही यह भी कहा है कि इसका रोड मैप दिल्ली सरकार के भेजे प्रस्ताव पर आधारित है। अब केंद्र सरकार को नियमित करने की प्रक्रिया बगैर देरी के तुरंत शुरू कर देनी चाहिए। मीडिया से मुखातिब केजरीवाल ने कहा कि केंद्र ने दिल्लीवासियों की सालों पुरानी मांग पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

संसद के आगामी सत्र में विधेयक लाने के पुरी के बयान पर ट्वीट करते मुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही संसद में बिल पारित होगा, दिल्ली सरकार रजिस्ट्री का काम शुरू कर देगी। केजरीवाल के अनुसार, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नवंबर 2015 में भेजे गए दिल्ली सरकार के प्रस्ताव के आधार पर रोड मैप तैयार किया है। वह चाहते हैं कि केंद्र सरकार इसकी प्रक्रिया तुरंत शुरू करे। इसमें और देरी नहीं होनी चाहिए। आप सरकार ने पिछले पांच साल में अनधिकृत कॉलोनियों पर उनके नियमित होने की प्रतीक्षा किए बिना 6,000 करोड़ रुपये खर्च किए है। इस सवाल पर कि शहरी विकास मंत्री पुरी ने आप सरकार पर अनधिकृत कॉलोनियों की सीमाएं तय करने में देरी करने का आरोप लगाया है, पलटवार करते केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार सभी चीजों का श्रेय लेती है और हर गलती दिल्ली सरकार पर थोप देती है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) इन कॉलोनियों की मैपिंग करेगा, यह उल्लेख करते मुख्यमंत्री ने इस प्रक्रिया में देरी होने की आशंका जताई।

# एमटीएनएल का बीएसएनएल में विलय, वीआरएस-स्पेक्ट्रम मंजूर

## लाभ में लाने की कवायद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- घाटे में चल रहीं सार्वजनिक क्षेत्र की दोनों कंपनियों के लिए 68,751 करोड़ के पुनरुद्धार पैकेज पर कैबिनेट की मुहर

**केंद्र** सरकार ने घाटे में चल रही सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों एमटीएनएल और बीएसएनएल को लाभ में लाने के लिए ठोस पहल की है। इसके तहत, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उक्त कंपनियों के लिए 68,751 करोड़ रुपये का पुनरुद्धार पैकेज मंजूर किया है जिसमें एमटीएनएल का बीएसएनएल में विलय, कर्मचारियों के लिए स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) और 4जी स्पेक्ट्रम आवंटन शामिल है।

केंद्रीय दूरसंचार मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने पैकेज से जुड़ी जानकारियां साझा करते हुए कहा कि बीएसएनएल और एमटीएनएल के विलय को मंजूरी दे दी गई है। विलय प्रक्रिया पूरी होने तक एमटीएनएल- प्रमुख दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल की अनुषंगी के रूप में काम करेगी। पुनरुद्धार पैकेज में दोनों कंपनियों की तत्काल पूंजी जरूरतों को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये के सरकारी बॉंड , 4जी स्पेक्ट्रम के लिए 20,140 करोड़ रुपये, कर्मचारियों के वीआरएस के लिए 29,937 करोड़ रुपये और जीएसटी के तौर पर 3,674 करोड़ रुपये की राशि देना शामिल है।

कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के तौर पर दी जाने वाली राशि में कंपनी के 50 प्रतिशत कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। दूरसंचार कंपनी को दिए जाने वाले स्पेक्ट्रम आवंटन पर जीएसटी (माल एवं सेवाकर) के रूप में दी जाने वाली 3,674 करोड़ रुपये की राशि भी पैकेज में शामिल की गई है। प्रसाद ने कहा कि बीएसएनएल और एमटीएनएल के मामले में सरकार का रुख स्पष्ट है और ये भारत की सामरिक संपत्तियां हैं। ( शेष पेज 10 )

## गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 85 रु. बढ़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने बुधवार को गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 85 रुपए बढ़ाकर 1,925 रुपये क्विंटल कर दिया। वहीं दलहनों के एमएसपी में 325 रुपये क्विंटल तक की वृद्धि की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में संपन्न कैबिनेट की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) की बैठक में यह निर्णय किया गया। बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने संवाददाताओं से कहा कि किसानों की आय बढ़ाने की पहल के तहत चालू वर्ष के लिए रबी फसलों के लिए एमएसपी बढ़ाने का फैसला लिया गया है। सीसीईए ने 2019-20 के लिए गेहूं का एमएसपी 85 रुपए क्विंटल बढ़ाकर 1,925 रुपये प्रति क्विंटल किया है। पिछले साल यह 1,840 रुपये प्रति क्विंटल था। चालू फसल वर्ष के लिए जौ का एमएसपी भी 85 रुपये बढ़ाकर 1,525 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है जो कि पिछले साल 1,440 रुपए प्रति क्विंटल था। ( शेष पेज 10 )

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 31.6°C (0) |
| न्यूनतम | 17.5°C (-1) |

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,058 | ↑ | 94 |
| निफ्टी | 11,604 | ↑ | 15 |
| सोना | 38,932 | ↑ | 177 /10g |
| चांदी | 46,560 | ↑ | 290 /kg |

## क्विक न्यूज

### संसद का शीतकालीन सत्र 18 नवंबर से

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र 18 नवंबर से शुरू होगा और इसके 13 दिसंबर तक चलने की उम्मीद है। लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालय के आधिकारिक संवाद में यह बात कही गई है। यह 17वीं लोकसभा का दूसरा और राज्यसभा के 250वां सत्र होगा। लोकसभा सचिवालय के बयान में कहा गया, 17वीं लोकसभा का दूसरा सत्र 18 नवंबर, 2019, सोमवार को शुरू होगा। सरकारी कामकाज के विषयों को देखते हुए यह सत्र 13 दिसंबर को समाप्त होने की उम्मीद है।

### रामदेव के आपत्तिजनक वीडियो हटाने को कहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक, गूगल, यू ट्यूब और ट्विटर को योग गुरु रामदेव के खिलाफ आपत्तिजनक विषय-वस्तु वाले एक वीडियो के लिंक को वैश्विक स्तर पर ब्लॉक या निष्क्रिय करने का आदेश दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह ने कहा कि सिर्फ भारत के उपयोगकर्ताओं के लिए आपत्ति जनक विषय-वस्तु को निष्क्रिय या ब्लॉक करना काफी नही है क्योंकि यहां रह रहा उपयोगकर्ता किसी अन्य माध्यम से भी विषय वस्तु देख सकता है। अदालत ने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी है कि वह इस विषय-वस्तु तक लोगों की पहुंच आंशिक नही बल्कि पूरी तरह रोके।

### चुनाव याचिका पर की गई आपत्ति पर फैसला सुरक्षित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से एक चुनाव याचिका पर की गई आपत्ति पर अपना निर्णय बुधवार को सुरक्षित रख लिया। प्रधानमंत्री की ओर से तेज बहादुर द्वारा दायर याचिका पर आपत्ति की गई है। वाराणसी संसदीय क्षेत्र से सांसद के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी के निर्वाचन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मनोज गुप्ता ने निर्णय सुरक्षित रख लिया।

# अलकायदा से जुड़े आतंकी गुट एजीएच का कश्मीर से सफाया



दिलबाग सिंह (डीजीपी, जम्मू-कश्मीर)

**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**जम्मू** कश्मीर के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने बुधवार को कहा कि आतंकवादी संगठन अंसार गजवात-उल हिंद (एजीएच) के सरगना हमीद लोन और दो अन्य आतंकवादियों के घाटी में मारे जाने के बाद अलकायदा के इस सहयोगी संगठन का कश्मीर से सफाया हो गया है। कश्मीर में एजीएच के संस्थापक जाकिर मूसा के बाद लोन उर्फ हामिद लल्हारी ने कमान संभाली थी। मूसा ने अलकायदा के प्रति निष्ठा जताई थी जो इस साल मई में एक मुठभेड़ में वह मारा गया था। स्थानीय पुलिस से गुप्त सूचना मिलने के बाद दक्षिण कश्मीर में पुलवामा जिले के त्राल इलाके में तीनों आतंकवादियों के मारे जाने के एक दिन बाद राज्य के पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह (डीजीपी) ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। मंगलवार को मुठभेड़ में लोन के अलावा नवीद अहमद टाक और जुनैद राशिद भट भी मारे गए।

सिंह ने कहा, पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार मारे गए सभी आतंकवादी जाकिर मूसा के संगठन का हिस्सा थे और सुरक्षा प्रतिष्ठानों पर हमले तथा आम नागरिकों पर अत्याचार के कई मामलों समेत आतंकवाद से जुड़ी अपराध की अनेक घटनाओं में संलिप्तता को लेकर वांछित थे। पुलिस प्रमुख ने कहा कि आतंकवाद रोधी अभियान ने एजीएच को करारा झटका दिया है। सिंह ने कहा कि आतंकी समूह पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के साथ ( शेष पेज 10 )

# सुभाष चोपड़ा बने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष

- भाजपा से आए कीर्ति आजाद को आलाकमान ने सौंपी चुनाव प्रचार समिति की कमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सुभाष चोपड़ा कीर्ति आजाद

**लंबे** समय तक ऊहापोह, जद्दोजहद और विचार-मंथन के बाद बुधवार को आखिर दिल्ली कांग्रेस को नया अध्यक्ष मिल गया। विधानसभा चुनाव से ऐन पहले आलाकमान ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष रहे सुभाष चोपड़ा को यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के निधन के बाद से ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद खाली था। उनके साथ ही भाजपा से कांग्रेस में आए कीर्ति आजाद को चुनाव प्रचार समिति का चेयरमैन बनाया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजधानी के तमाम वरिष्ठ और युवा नेताओं से अलग-अलग चर्चा के बाद चोपड़ा और कीर्ति के नामों पर मुहर लगाई है। हालांकि अनेक नेता सुभाष चोपड़ा और कीर्ति आजाद दोनों का ही खुलकर विरोध कर रहे थे और उन्होंने अपनी राय सोनिया गांधी और राहुल गांधी तक पहुंचा दी थी।

कांग्रेस की तरफ से बुधवार शाम जारी बयान के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सुभाष चोपड़ा को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमिटी (डीपीसीसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कीर्ति आजाद को डीपीसीसी की प्रचार समिति का चेयरमैन बनाया गया है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष चोपड़ा पहली बार 1998 में कालकाजी से विधायक चुने गए थे। इसके बाद 2003 और 2008 में भी इसी सीट से एमएलए रहे। यही नहीं, 2003 में वह दिल्ली कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे हैं। उसी साल विधानसभा स्पीकर की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व क्रिकेटर आजाद ने इस नियुक्ति के साथ लंबे समय के बाद दिल्ली की राजनीति में वापसी की है। भाजपा में रहते हुए वह बिहार के दरभंगा से सांसद रहे थे। कीर्ति के पिता भागवत झा आजाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और बिहार के मुख्यमंत्री रहे थे।

# शिवकुमार को मिली जमानत सोनिया ने तिहाड़ में की भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



डीके शिवकुमार

**कांग्रेस** अध्यक्ष सोनिया गांधी धनशोधन के आरोप में गिरफ्तार कर्नाटक के पूर्व मंत्री डीके शिवकुमार से मुलाकात करने बुधवार को तिहाड़ जेल पहुंचीं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक सोनिया सुबह करीब नौ बजे तिहाड़ पहुंचीं। एक सूत्र ने बताया कि सोनिया कर्नाटक के वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवकुमार की खैरियत जानने के साथ साथ उनके प्रति एकजुटता प्रकट करने जेल पहुंचीं।

गौरतलब है कि धनशोधन के आरोप में गिरफ्तार शिवकुमार को प्रवर्तन निदेशालय ने कुछ हफ्ते पहले गिरफ्तार किया था और वह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। सोनिया ने आईएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम से भी तिहाड़ पहुंचकर मुलाकात की थी। इसीक्रम में डी. के. शिवकुमार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर धनशोधन मामले में बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से जमानत मिल गई। न्यायमूर्ति सुरेश कैत ने कांग्रेस नेता को राहत देते हुए कहा कि शिवकुमार के विदेश भागने की आशंका नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि शिवकुमार सबूतों के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकते क्योंकि दस्तावेज जांच एजेंसियों के पास हैं।

साथ ही यह दिखाने के लिए भी कोई सामग्री नहीं है कि उन्होंने गवाहों को प्रभावित किया है। अदालत ने निर्देश दिया कि उन्हें 25 लाख रुपए के निजी मुचलके ( शेष पेज 10 )

## महाराष्ट्र-हरियाणा के साथ उपचुनाव के नतीजे आज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**महाराष्ट्र** और हरियाणा में सोमवार को हुए विधानसभा चुनाव और सतारा लोकसभा उपचुनाव की मतगणना बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे शुरू होगी। चुनाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस दौरान उपचुनाव के नतीजे भी आएंगे। एक्जिट पोल में दोनों राज्यों में राजग के आसानी से सत्ता हासिल करने की संभावना प्रकट की गई है। महाराष्ट्र के एक चुनाव अधिकारी ने बुधवार को बताया कि मतगणना ड्यूटी के लिए करीब 25,000 कर्मियों की तैनाती की गई है। पुलिस ने मतगणना शांतिपूर्वक कराने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 288 विधानसभा क्षेत्रों के लिए राज्य के 269 स्थानों पर मतगणना होगी। सोमवार को 61.13 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि वर्ष 2014 में 63.20 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था।

# अब भारतीय क्रिकेट की अगुवाई करेंगे दादा

## पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली बने बीसीसीआई के 39वें अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई



**पूर्व** भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने बुधवार को बीसीसीआई के 39वें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाल लिया। वह दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड का प्रमुख बनने वाला सबसे बड़ा नाम हैं। गांगुली (47) को यहां बीसीसीआई की आम सभा की अगली बैठक तक अगले नौ महीने के लिए आधिकारिक रूप से भारतीय क्रिकेट के प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति का 33 महीने का कार्यकाल भी खत्म हो गया।

बीसीसीआई ने अपने ट्विटर पेज पर लिखा, यह आधिकारिक है- सौरव गांगुली को औपचारिक रूप से बीसीसीआई का अध्यक्ष चुना गया। गांगुली की नियुक्ति को पिछले हफ्ते अंतिम रूप दिया गया। सीओए की नियुक्ति से पहले बोर्ड से जुड़े कुछ नाम एक बार फिर साथ काम करते नजर आएंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बेटे जय शाह को सचिव बनाया गया है। अपने कार्यकाल के दौरान गांगुली पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन और पूर्व सचिव निरंजन शाह जैसे पूर्व पदाधिकारियों के साथ समन्वय का प्रयास करेंगे जिनके बच्चे अब बीसीसीआई का हिस्सा हैं। उत्तराखंड के माहिम वर्मा नए उपाध्यक्ष बने।बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष और मौजूदा वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर के छोटे भाई अरूण धूमल कोषाध्यक्ष जबकि केरल के जएश जार्ज संयुक्त सचिव बने।

मैच फिक्सिंग प्रकरण के बाद 2000 में सबसे बुरे दौर में से एक के दौरान भारतीय टीम के कप्तान बने गांगुली को नए संविधान के प्रावधानों के अनुसार अगले साल जुलाई के अंत में पद छोड़ना होगा क्योंकि उन्हें छह साल पद पर रहने के बाद अनिवार्य ब्रेक पर जाना होगा।भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे कलात्मक बाएं हाथ के बल्लेबाजों में से एक गांगुली से उम्मीद की जा रही है कि वह बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव और फिर अध्यक्ष के अपने पद से मिले अनुभव का पूरा फायदा उठाएंगे।उन्होंने कुछ लक्ष्य निर्धारित किए हैं जिसमें से एक प्रथम श्रेणी क्रिकेट के ढांचे का पुनर्गठन, प्रशासन को सही ढें पर लाना और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद में भारत को उसकी मजबूत स्थिति फिर लौटाना है।इसके अलावा अनुभवी विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय भविष्य, दिन-रात्रि टेस्ट और स्थाई टेस्ट केंद्रों पर उनका नजरिया भी अहम होगा।गांगुली का कार्यकाल उस समय शुरू हो रहा है जब आईसीसी ने भारत को अपने नवगठित कार्यकारी समूह से बाहर कर दिया है जिससे वैश्विक संस्था के राजस्व में देश का हिस्सा प्रभावित हो सकता है। इस समूह का गठन वैश्विक संस्था का नया संचालन ढांचा तैयार करने के लिए किया गया है।

## उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत के खिलाफ मामला दर्ज

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**सीबीआई** ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और उनकी तत्कालीन सरकार में मंत्री रहे हरक सिंह रावत के खिलाफ विधायकों की खरीद-फरोख्त की कथित कोशिश में शामिल होने के लिए मामला दर्ज किया है। हरक सिंह रावत फ्लिहाल भोजपा नीत उत्तराखंड सरकार में मंत्री हैं। सीबीआई ने 23 मार्च 2016 की एक कथित वीडियो को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उस समय राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू था। वीडियो में रावत भाजपा में जाने वाले असंतुष्ट विधायकों के समर्थन को वापस पाने के लिए कथित रूप से पैसे को लेकर चर्चा करते हुए दिख रहे हैं, ताकि वह वापस सत्ता पा सकें। हरीश और हरक सिंह रावत के अलावा प्राथमिकी में स्टिंग ऑपरेशन करने वाले नोएडा स्थित चैनल समाचार प्लस के प्रधान संपादक उमेश शर्मा का नाम भी शामिल है।

# नोएडा में बसाया जाएगा दूसरा ट्रांसपोर्ट नगर, योजना दिवाली पर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सड़क पर खड़े होने वाली भारी वाहनों की वजह से लगने वाले ट्रैफिक जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए शहर में दूसरा ट्रांसपोर्ट नगर बसाया जाएगा। नोएडा के सेक्टर-88 में बसाए जाने वाले ट्रांसपोर्ट नगर में 79 भूखंड चिन्हित किए गए हैं। इसमें 120 मीटर के भूखंड होंगे।

नोएडा विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी ने बताया कि इस योजना को दिवाली से पहले ही लॉन्च करने की तैयारी है। योजना में स्थानीय ट्रांसपोर्टरों को प्राथमिकता दी जाएगी। फेज टू स्थित फूल मंडी के पास ट्रांसपोर्ट नगर बसाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस ट्रांसपोर्ट नगर में सभी सुविधाएं दी जाएंगी। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले सेक्टर-69 में ट्रांसपोर्ट नगर बसाया जा चुका है। इसमें 501 भूखंड हैं। इनमें से करीब 440 भूखंड की रजिस्ट्री भी हो चुकी है। अनियमितता पाए जाने पर इस योजना में सात भूखंड का आवंटन निरस्त कर दिया गया था।

इस जगह 24060 रुपए प्रति वर्ग मीटर की रेट से भूखंड आवंटित किए गए थे लेकिन, अब जो ट्रांसपोर्ट नगर योजना लॉन्च की जाएगी उसमें रेट में बढ़ोतरी करने की तैयारी है।

अधिकारियों ने बताया कि इस ट्रांसपोर्ट नगर में धीरे-धीरे ट्रांसपोर्टर अपने भूखंड पर कब्जा ले रहे हैं। भूखंड योजना लॉन्च करते समय प्राधिकरण ने जो वादा किया था, वह अभी तक पूरा नहीं हो सका है।

### ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की योजना

नोएडा प्राधिकरण दिवाली के मौके पर 7 से 8 ग्रुप हाउसिंग भूखंडों की योजना लाने की तैयारी कर रहा है। बिल्डर-खरीदारों के बढ़ते विवाद के कारण बीते कुछ साल से ग्रुप हाउसिंग भूखंड आवंटित नहीं किए जा रहे थे। इनमें से कई आवंटन की जांच सीएजी कर रही है। नियमों को ताक पर रखकर बिल्डरों को जमीन दी गई। शहर में सबसे ज्यादा ग्रुप हाउसिंग भूखंडों का आवंटन 2008 से 2013 तक हुआ। वहीं खाली पड़े 400 से अधिक भूखंडों की योजना भी दिवाली तक आ सकती है। इसके लिए हर वर्क सर्किल की टीम होंगी। सेक्टर-155 में प्राधिकरण 2 औद्योगिक भूखंडों की योजना लेकर आएगा। ये बड़े आकार के भूखंड होंगे।

# खुले में शौच करने वाले 38 लोगों से वसूला गया जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● स्वच्छता अभियान के तहत नोएडा प्राधिकरण ने की कार्रवाई**

गौतमबुद्धनगर जिले में खुले में शौच करने वाले 38 लोगों पर बुधवार को नोएडा प्राधिकरण ने 4,200 रुपए का जुर्माना लगाया। नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग के उप महाप्रबंधक एस सी मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान के तहत नोएडा प्राधिकरण ने शहर को खुले में शौच से मुक्त करने का अभियान चला रखा है। इसी के तहत खुले में शौच व मूत्र करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने बताया कि तीन अक्टूबर से लेकर बुधवार 23 अक्टूबर तक इस अभियान के तहत खुले में शौच व मूत्र करने पर 27,000 रुपए का अर्थदंड वसूला गया है। उन्होंने बताया कि नोएडा में जगह-जगह निशुल्क शौचालयों का निर्माण किया गया है। इसके बावजूद भी लोग खुले में शौच करने से बाज नहीं आ रहे हैं। मिश्रा ने बताया कि बुधवार को सेक्टर 5, 9 ,10 ,11 ,74,94 तथा 124 एवं नयाबास में अभियान चलाया गया।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा सेक्टर 15, 25, 26, 27, 62 और सेक्टर 88 में सड़कों पर घूम रहे 15 गोवंश को पकड़कर सेक्टर 135 स्थित गौशाला भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है इसके तहत अभी तक 3,55,400 रुपए का जुर्माना वसूला गया तथा 3,092 किलो पॉलिथीन जप्त की गई है।

# शहर की शादियों में डीजे पर लगा बैन

## आदेश नहीं मानने पर 5 साल की सजा और एक लाख जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**● सिटी मजिस्ट्रेट ने संचालकों को पढ़कर सुनाया सुप्रीम कोर्ट का आदेश**

गौतमबुद्धनगर जिला प्रशासन ने आदेश जारी कर शादियों में डीजे बजाने पर रोक लगा दी है। डीजे संचालकों से एडवांस बुकिंग के रुपये को तत्काल वापस करने और नई बुकिंग न करने के आदेश दिए हैं। यह आदेश सोमवार को सेक्टर-6 स्थित एसपी सिटी कार्यालय में डीजे संचालकों की बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट शैलेंद्र कुमार मिश्र ने दी।

सिटी मजिस्ट्रेट ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद प्रदूषण नियंत्रण कानून के मानकों के विपरीत तेज ध्वनि वाले संयंत्रों को बजाने पर पूर्णतया रोक है। इसलिए जिले में किसी भी शादी, मांगलिक कार्य और पार्टी इत्यादि में डीजे बजने पर रोक लगा दी है। यदि कोई नियमों का उल्लंघन करता मिलता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सिटी मजिस्ट्रेट मिश्रा और एसपी सिटी अशोक कुमार की सयुंक्त अध्यक्षता में डीजे संचालकों के साथ बैठक हुई। बैठक में कहा गया कि डीजे एक हजार डेसीबल से अधिक की आवाज करता है, इससे ध्वनि प्रदूषण होता है और इसे बजाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। बैठक में शहर के 45 डीजे संचालक शामिल हुए।

सिटी मजिस्ट्रेट ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को डीजे संचालकों को पढ़कर सुनाया है। डीजे संचालक पिछले एक महीने से डीजे बंद करने को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। बैठक के दौरान डीजे संचालकों ने प्रशासन से रोजगार की मांग की। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि डीजे संचालकों को जिला प्रशासन द्वारा स्वरोजगार प्रशिक्षण दिलाया जाएगा, जो पूर्णतया नि:शुल्क होगा ताकि वे अपना रोजगार स्थापित कर सके। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण कानून का उल्लंघन करना मूल अधिकारों का उल्लंघन है।

कोर्ट ने शहरी, रिहायशी, व्यावसायिक आदि इलाकों को ध्वनि मुक्त क्षेत्र में डीजे पर पूर्णतया बैन लगा दिया है, जिसके चलते शहर में डीजे पर प्रतिबंध लगाया गया है। यदि यहां किसी व्यक्ति द्वारा इन स्थानों पर डीजे बजाने गया तो उसके खिलाफ एफ आईआर दर्ज की जाएगी। कानून का उल्लंघन करने पर पांच साल की सजा और एक लाख रुपये तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

# रात दस बजे के बाद आतिशबाजी के लिए जिम्मेदार होंगे थानेदार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

प्रतिबंधित क्षेत्रों में पटाखे जलाए जाने पर संबंधित क्षेत्र के एसएचओ इसके लिए जिम्मेदार होंगे। इतना ही नहीं रात आठ बजे से दस बजे तक ही आतिशबाजी की जा सकेगी वह भी सिर्फ ग्रीन पटाखों की, इसके अलावा अन्य पटाखे जलाने पर कड़ी कार्रवाई का सामना लोगों को करना पड़ सकता है।

इस संबंध में प्रमुख सचिव कल्पना अवस्थी ने मंडलायुक्त, डीएम, एसएपी को पत्र लिखकर दिवाली पर सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक आतिशबाजी करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में और भी कई बिन्दुओं पर निर्देश दिए गए हैं। इसके मुताबिक दिवाली के दौरान कम वायु प्रदूषण वाले ग्रीन पटाखों का ही इस्तेमाल किया जाएगा, सीरीज वाले पटाखों पर प्रतिबंध रहेगा। पटाखे आठ बजे से रात दस बजे तक ही चलाए जा सकेंगे।

एनसीआर में सामुदायिक क्षेत्र में ही पटाखों के प्रयोग की अनुमति होगी। पटाखों की बिक्री लाइसेंसधारी विक्रेताओं के द्वारा ही की जाएगी। पटाखों का प्रयोग अनुमन्य स्थलों जैसे अस्पताल, स्कूल, नर्सिंग होम, हेल्थ केयर सेन्टर, धार्मिक स्थल, न्यायालय परिसर से सौ मीटर की परिधि में नहीं छोड़े जा सकेंगे।


प्रेसवार्ता के दौरान नोडल प्रभारी विनोद कुमार सिंह, जिलाधिकारी अजय शंकर पांडे और एसएसपी सुधीर कुमार सिंह।

# तालमेल और सहयोग से अपराध पर लगाम संभव : एडीजी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत व चुस्त-दुरुस्त करने तथा अपराधमुक्त समाज का निर्माण करने की कवायद के तहत शासन द्वारा छेड़ी गई मुहिम को अमलीजामा पहनाते हुए गाजियाबाद के नोडल प्रभारी एडीजी वीके सिंह ने बुधवार को जिला मुख्यालय सभागार में आयोजित एक समन्वय गोष्ठी को संबोधित किया।

गोष्ठी में मौजूद कई विभागों के विभागाध्यक्षों व उनके सहयोगियों को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी ने कहा कि कोर्डिनेशन के द्वारा ही हम अपराधमुक्त व भ्रष्टचारमुक्त समाज की कल्पना कर सकते हैं। सिंह ने कहा कि यूं तो हर विभाग का कार्यक्षेत्र व कार्यप्रणाली भिन्न-भिन्न है लेकिन, कहीं न कहीं सभी विभाग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। ऐसे में उचित समन्वय, सामंजस्य व सहयोग के माध्यम से ही हम कानून व शांति व्यवस्था को मजबूत करने में सफल हो सकते हैं।

गोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी अजय शंकर पांडेय, एसएसपी सुधीर कुमार सिंह, सीडीओ अस्मिता राय, एडीएम सिटी शैलेंद्र कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता, उपायुक्त आबकारी मुबारक अली, एसडीएम सदर आदित्य प्रजापति, एसपी देहात नीरज कुमार जादौन, एसपी सिटी मनीष कुमार मिश्रा, एसपी ट्रैफिक श्याम नारायाण सिंह, एसपी क्राइम प्रकाश कुमार, एएसपी केशव कुमार, एएसपी अंशू जैन, सीओ फर्स्ट धर्मेंद्र कुमार सिंह, सीओ सेकेंड आतिश कुमार सिंह, आरटीओ एके त्रिपाठी, एआरटीओ विश्वजीत प्रताप सिंह, आरके सिंह और सीओ ट्रैफिक महिपाल सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### पुलिस के गलत व्यवहार का करें शिकायत

अपराध और अपराधी पर लगाम लगाने के लिए गाजियाबाद पुलिस ने एक नंबर जारी किया है जिस पर लोग शिकायत कर सकते हैं। नंबर के बारे में जानकारी देते हुए एडीजी विनोद सिंह ने अपना मोबाइल का वॉट्सऐप नंबर जारी किया। साथ ही कहा कि अगर पुलिस ठीक व्यवहार नहीं कर रही है या थाने में सुनवाई नहीं हो रही है तो जनता उनके नंबर (9454400136) पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। बता दें कि एनसीआरबी ने हाल ही में देश में अपराधिक रिकॉर्ड का ब्योरा पेश किया था। जिसमें यूपी के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। क्राइम कंट्रोल का दावा कर सत्ता में आई बीजेपी सरकार के राज में भी देश में होने वाले अलग-अलग अपराधों में यूपी पहले नंबर पर हैं। इस आंकड़ों के आने के बाद जहां प्रदेश सरकार विपक्ष के निशाने पर वहीं सरकार इस रिकॉर्ड को लेकर सफाई पेश कर रही है और जनसंख्या का हवाला दे रही है। इस बीच पुलिस प्रशासन ने अपनी ओर से अब पहल करनी शुरू कर दी है।

## बस में आग लगी कोई हताहत नहीं

**नोएडा।** शहर में सलारपुर गांव के पास बुधवार की सुबह एक निजी बस में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई, हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

मुख्य दमकल अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि एक निजी बस का चालक सुबह अपनी बस में सीएनजी गैस डलवाने सेक्टर 82 स्थित सीएनजी पंप जा रहा था लेकिन, सलारपुर के पास बस में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना के समय बस में कोई भी सवारी मौजूद नहीं थी। इस दौरान चालक ने बस से कूद कर अपनी जान बचाई।

# तीन चोर गिरफ्तार, लाखों के सामान के साथ तमंचा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर की पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र में स्थित फैक्ट्रियों में चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके पास से लाखों रुपए कीमत के 20 बंडल क्लच वायर, एक कार, देसी तमंचा और चाकू बरामद किया है।

थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक फरमूद अली पुंडीर ने बुधवार को बताया कि ए-118 सेक्टर स्थित एक कंपनी से 18 अक्टूबर की रात को लाखों रुपए का सामान चोरी हो गया था। यह कंपनी कारों के लिए क्लच वायर बनाती है। थाना प्रभारी ने बताया कि बुधवार को एक सूचना के आधार पर पुलिस ने कंपनी में चोरी करने वाले सचिन, फरमान और राजेंद्र को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर पुलिस ने कंपनी से चोरी किए गए 20 बंडल क्लब वायर, चोरी में प्रयुक्त कार, दो चाकू, तमंचा आदि बरामद किया है।

उन्होंने बताया कि बरामद क्लच वायर की कीमत लाखों रुपए है। पकड़े गए बदमाशों ने पूछताछ के दौरान राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की कई कंपनियों में चोरी और लूट की वारदात करना स्वीकार किया है।

## हरियाणा से तस्करी कर लाई शराब के साथ दो धरे

**नोएडा।** आबकारी विभाग ने हरियाणा से तस्करी कर लाई जा रही 144 बोतल शराब बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिला सूचना अधिकारी राकेश चौहान ने बताया कि दीपावली पर जिले में अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए आबकारी विभाग ने एक विशेष अभियान चलाया है। बुधवार को विभाग ने महामाया फ्लाईओवर के पास से सूचना के पर एक कार को चेकिंग के लिए रोका।

उन्होंने बताया कि कार की तलाशी लेने पर 144 बोतल शराब मिली। शराब कार की पिछली सीट के पीछे लोहे की चादर काटकर बॉक्स बनाकर उसके अंदर छुपाई गई थी।

# सोसाइटी की 15वीं मंजिल से गिरकर छात्रा की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

शहर में थाना सेक्टर 49 क्षेत्र में रहने वाली 11वीं कक्षा की एक छात्रा मंगलवार रात को सोसाइटी की 15वीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में गिर गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना सेक्टर 49 के थानाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा ने बुधवार को बताया कि सेक्टर 76 में आम्रपाली सिलिकॉन सिटी में रहने वाले प्रशांत शर्मा की 16 वर्षीय बेटी रिया शर्मा 11वीं कक्षा में पढ़ती थी। मंगलवार की रात करीब एक बजे वह इमारत की 15 वीं मंजिल से गिर गई। शर्मा के अनुसार, रिया को गंभीर हालत में उसके पिता ने नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि घटना के समय घर पर मृतका की मां, दादी और छोटा भाई थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार


बुधवार को मुरादनगर में गांधी संकल्प यात्रा निकालते भाजपा नेता।

### मुरादनगर में निकाली गांधी संकल्प पदयात्रा

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर भाजपा की ओर से शुरु की गई पदयात्रा के चौथे चरण में बुधवार को मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में पदयात्रा निकाली गई। केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री व स्थानीय सांसद वी के सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केडीपी डिग्री कॉलेज से पदयात्रा निकाली। पदयात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने हंस इंटर कॉलेज के पास स्थित मंदिर में आशीर्वाद के साथ पदयात्रा शुरु की। कॉलेज से निकली पदयात्रा तीन नंबर चुंगी से होती हुई बड़ा मंदिर, मेन बाजार, बीचपटा मोहल्ला, नैन कस्बा रोड से बस अड्डे पहुंची, वहां से रेलवे रोड पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए वी के सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को अहिंसा का रास्ता दिखाया। आज इसी रास्ते पर चलकर दुनिया में शांति कायम की जा सकती है।

### सड़क हादसे में घायल ने तोड़ा दम

**नोएडा।** शहर में हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की बुधवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक फरमूद अली पुंडीर ने बुधवार को बताया कि दादरी के रहने वाले रवि कुमार दो दिन पूर्व भंगेल गांव के पास से मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे। तभी एक अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुंडीर के अनुसार, रवि कुमार को गंभीर हालत में नोएडा के कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### यशवी ने स्केटिंग में जीता रजत व कांस्य पदक

**गाजियाबाद।** डीपीएस इंदिरापुरम की कक्षा दूसरी की छात्रा यशवी निखार ने 21वीं नार्थ जोन सीबीएसई नेशनल स्केटिंग प्रतियोगिता में रजत व कांस्य पदक जीतकर स्कूल का सम्मान बढ़ाया। इस प्रदर्शन पर स्कूल की टीचरों ने यशवी का हौसला बढ़ाया और आगे प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित भी किया। ग्रेटर नोएडा के रेयान इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित 21वीं नार्थ जोन सीबीएसई नेशनल स्केटिंग प्रतियोगिता बीते दिनों अंडर-8 वर्ग श्रेणी की आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि के साथ यशवी ने सीबीएसई राष्ट्रीय स्केटिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई कर लिया है। इस प्रदर्शन से स्कूल में खुशी की लहर छा गई। दिल्ली पब्लिक स्कूल की प्रिसिंपल संगीता हजेला ने कहा कि यशवी के इस प्रदर्शन से स्कूल गौरवान्वित है। यशवी ने अपने कठिन प्रैक्टिस और लगन से प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया है। स्कूल ऐसे प्रतिभाशाली छात्रों का पूर्ण समर्थन करता है।



## अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़

**गाजियाबाद।** लोनी थाना पुलिस ने कई सूबों की पुलिस के लिए सिरदर्द बन चुके अंतर्राज्यीय वाहन चोर गैंग के सरगना समेत चार शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए वाहन चोरों की निशानदेही पर करोड़ों रुपये मूल्य के आधा दर्जन से अधिक लग्जरी वाहन व हथियार भी बरामद हुए हैं। इस गैंग में एक ऐसा व्यक्ति भी है जो बोना होने की वजह से सीसीटीवी फुटेज में बच्चा दिखाई देता है, लेकिन पुलिस की माने तो संभल निवासी जमशेद उर्फ बोना इतना शातिर है कि वह गाड़ी पर हाथ रखते ही लॉक सेकेंडों में खोल देता है।

पुलिस अधीक्षक (देहात) नीरज कुमार जादौन ने बताया कि इस गैंग का ऑपरेशन नंदग्राम में वर्कशॉप चलाने वाले चांद के हाथ में है। पुलिस ने गैंग के सरगना चांद निवासी मीरपुर हिंदू व संभल निवासी जमशेद उर्फ बोना उर्फ बच्चा सहित चार बदमाशों को गिरफ्तार कर वाहन चोरी की कई वारदातों का खुलासा किया है।

दक्षिणी दिल्ली नगर निगम
अधिशासी अभियन्ता एम-II पश्चिम जोन
बी-ब्लॉक, शंकर गार्डन, विकास पुरी, नई दिल्ली-110018
निविदा आमंत्रण सूचना
एनआईटी सं. 07_ईई_एम_डब्ल्यूजेड_II_डब्ल्यूजेड_टीसी_2019-2020 दिनांक: 18.10.2019
आयुक्त, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम की ओर से अधिशासी अभियन्ता मेंटीनेंस डब्ल्यूजेड-II एसडीएमसी, बी-ब्लॉक, शंकर गार्डन, विकास पुरी, नई दिल्ली-110018 द्वारा एमसीडी जनरल विंग के साथ पंजीकृत, स्वीकृत तथा पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार पोर्टल http://www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER पर ऑनलाइन मोहरबन्द प्रतिशत दर निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं।
क्र.सं. : 1, अनुमानित राशि : रु. 98,17,000/-, निविदा राशि : रु. 89,37,655/-, ई.एम. : रु. 1,96,400/-, दरों की पूर्णता की अवधि : 03 माह, दरों की वैधता : 05 माह, निविदा मूल्य : रु. 1,000/-, एच/ए : XL-VIII-S. क्र.सं. : 2, अनुमानित राशि : रु. 97,02,000/-, निविदा राशि : रु. 88,23,080/-, ई.एम. : रु. 1,94,040/-, दरों की पूर्णता की अवधि : 03 माह, दरों की वैधता : 05 माह, निविदा मूल्य : रु. 1,000/-, एच/ए : XL-VIII-S. क्र.सं. : 3, अनुमानित राशि : रु. 1,90,64,000/-, निविदा राशि : रु. 1,74,33,348/-, ई.एम. : रु. 3,81,300/-, दरों की पूर्णता की अवधि: 05 माह, दरों की वैधता : 05 माह, निविदा मूल्य : रु. 1,000/-, एच/ए : XL-VIII-S. क्र.सं. : 4, अनुमानित राशि : रु. 1,17,38,000/-, निविदा राशि : रु. 1,09,84,664/-, ई.एम. : रु. 2,34,800/-, दरों की पूर्णता की अवधि: 04 माह, दरों की वैधता : 05 माह, निविदा मूल्य : रु. 1,000/-, एच/ए : (MSPY) XL-VIII-S-D.
कार्य का नाम तथा विस्तृत नियमों एवं शर्तों सहित निविदा दस्तावेज वेबसाइट http://www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER से डाउनलोड किये जा सकते हैं। निविदा दस्तावेजों की बिक्री प्रारंभ होने की तिथि : 28.10.2019 को 14.00 बजे तक, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि : 13.11.2019 को प्रात: 11.00 बजे तक, वित्तीय बोली खुलने की तिथि : 13.11.2019 को 13.00 बजे। उपरोक्त निविदा के संदर्भ में संशोधन, स्पष्टीकरण, शुद्धि पत्र एवं अनुशेष, समय विस्तार आदि, यदि कोई हो, का सभी विवरण केवल एसडीएमसी की वेबसाइट http://www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER पर अपलोड किया जायेगा तथा अलग से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होगा। निविदा के सम्बन्ध में स्वयं को नियमित अपडेट रखने हेतु निविदादाता नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहें।
आर.ओ. नं. 90/डीपीआई/दक्षिणी/2019-20 अधिशासी अभियन्ता (एम)-II/डब्ल्यूजेड

# थोक मार्केट की मांग पर व्यापारियों को मिलेगी हर संभव मदद : वाजपेयी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

होलसेल मार्किट की मांग को लेकर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रतिनिधियों ने राज्सभा सांसद डॉ अशोक वाजपेयी से शिष्टाचार मुलाकात की ओर पत्र द्वारा समस्याओं से अवगत कराने के साथ ही दिवाली की अग्रिम बधाई भी दी।

जिलाध्यक्ष नरेश कुच्छल ने बताया कि 43 वर्षों से भी अधिक समय बीत जाने के बाद भी शहर आज भी होलसेल मार्किट की बाट देख रहा है। प्रवक्ता चन्द्रप्रकाश गौड़ ने बताया कि उपरोक्त संदर्भ में नोएडा प्राधिकरण एवं वाणिज्य कर विभाग को कई बार इस विषय पर जानकारी दी कि होलसेल मार्किट ना होने के कारण व्यापारी निकटम राज्यों से माल लाने पर बाध्य हैं।

वाजपेयी ने आश्वासन दिया कि वह इस समस्या के निदान के लिए सदन की कार्यवाही में प्रस्ताव जरूर रखेंगे और हर संभव मदद करेंगे।


सांसद को ज्ञापन सौंपते प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारी नेता।

# दीपावली पर रोशनी से जगमगाएगा नोएडा

## अंडरपास, एलिवेटेड रोड-शहर के प्रवेश द्वार पर लगाई जाएंगी लाइटें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

रंगों की रोशनी से शहर को सराबोर करने के लिए प्राधिकरण ने तैयारी कर ली है। इसके लिए एक कंपनी का चयन किया गया है। कंपनी को 24 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। योजना के तहत नोएडा प्रवेश द्वार, प्राधिकरण कार्यालय, एलिवेटेड व सभी अंडरपास को रंगीन रोशनी में सराबोर किया जाएगा।

बता दें इससे पहले उक्त कंपनी ने शिल्पहाट के बाहर की लाइटिंग की थी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु माहेश्वरी के निर्देश पर यह कार्य किया जा रहा है। इसमें चार रंगों सफेद, लाल, हरा व आसमानी को प्राथमिकता दी गई है। इसके अलावा कई और रंगों का प्रयोग किया गया है। यह सभी रंग लाइटों के लिए प्रकाश फैलाएंगे। इन सभी स्थानों पर एक साथ कार्य किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग टीमें काम कर रही हैं। इसके बाद शहर में दीपावली का जश्न रंगीन रोशनियों के जरिए दिखने लगा है। इसमें प्रवेश द्वार पर लगी गौतमबुद्ध की मूर्ति व गेट को रोशनी मय किया जाएगा।

इसके अलावा एलिवेटेड की बाउंड्री, अंडरपास की दीवारों को रोशनी युक्त किया जाएगा। योजना के तहत प्राधिकरण के सेक्टर-6 स्थित कार्यालय को भी इसमें शामिल किया गया है।

बताया गया कि यह कार्य युद्ध स्तर पर किया जाएगा ताकि दीपावली से पहले लोगों को शहर का अदभुत सौंदर्यीकरण दिखाया जा सके। प्राधिकरण के अधिकारियों ने सभी को निर्देशित कर दिया है कि मुख्य मार्गों और बाजारों पर विशेष कार्रवाई की जाए। यहां पर अतिरिक्त टीमों को तैनात करके समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

*'दिवाली के मौके पर पूरे शहर को नई तकनीक के साथ लाइटों को लगाया जा रहा है। शहर नई रोशनी से जगमग होगा। इसके साथ ईएंडएम में टीमें बना दी गई हैं जो सेक्टरों, मुख्य सड़कों, बाजारों व ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे सेवाएं देने के लिए तैनात रहेंगी।'* -**रितु माहेश्वरी,** सीईओ, नोएडा प्राधिकरण

## न्याय के लिए पीड़िता ने पुलिस से लगाई गुहार

**गाजियाबाद।** साहिबाबाद क्षेत्र की पप्पू कॉलोनी में एक महिला के साथ पति द्वारा जबरन अप्राकृतिक कुकर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में पीड़िता ने खुद के शारीरिक शोषण के अलावा बेटी के साथ बलात्कार की संभावना जताते हुए पति के विरूद्ध पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़िता पप्पू कॉलोनी की गली नंबर-5 में रहने वाली महिला है जो घरों में झाड़ू-पोछा का कार्य कर अपने बच्चों का पालन पोषण करती है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में अपने पति को शराबी और चरित्रहीन व्यक्ति बताते हुए आरोप लगाया है कि वह उसके साथ जबरन बलात्कार करने के साथ ही अप्राकृतिक कुकर्म करता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# कनॉट प्लेस में गोलीबारी, तीन लुटेरे गिरफ्तार

## सुबह की सैर पर निकले लोगों को बनाते थे निशाना, पुलिस के बिछाये जाल में फंसे

● मुठभेड़ में दो बदमाशों को लगी गोली, एक फरार, लूटी गई साइकिल, आईफोन व अन्य सामान बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


पुलिस की जवाबी फायरिंग के दौरान घायल हुए दो बदमाश


वह बाइक जिस पर करते थे झपटमारी


घटनास्थल पर मौजूद पिस्टल

शहर के सबसे पॉश मार्केट कनॉट प्लेस में बुधवार को चार लुटेरों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। जबरदस्त गोलीबारी में तीन बदमाश घायल हो गए। तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये लुटेरे सुबह-सुबह सैर करने और साइकिल चलाकर पसीना बहाने निकलने वाले लोगों को ही लूटते थे।

बदमाशों की पहचान सलीम (22), इस्माइल (22)और सऊद(22) के रूप में हुई है। उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। पक? गए बदमाशों पर दिल्ली के अलग-अलग थानों में 90 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस मार्निंग वॉक पर निकलने वाले लोगों के साथ लूटपाट करने वाले गिरोह की लंबे समय से तलाश कर रही थी। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बदमाशों को पकड़ने के लिए शंकर मार्केट के पास जाल बिछाया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शंकर मार्केट के पास पुलिस ने इन मोटरसाइकिल सवार संदिग्धों को रुकने के लिए कहा। रुकने के बजाय उन्होंने पुलिस पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में उन पर गोली चलाई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सलीम और इस्माइल के पैर में गोली लगी। उन्हें इलाज के लिए आरएमएल अस्पताल ले जाया गया।

एक अन्य संदिग्ध मौके से भागने में कामयाब रहा। संदेह जताया जा रहा है कि आरोपी पिछले हफ्ते कनॉट प्लेस में 24 वर्षीय एक व्यक्ति से एक महंगी साइकिल और आईफोन लूट की घटना में शामिल थे। इसी गिरोह ने कनॉट प्लेस इलाके में निशांत सिंह नाम के एक युवक से उसकी साइकिल छीन ली थी।

निशांत एक केंद्रीय मंत्री का करीबी रिश्तेदार है। निशांत जब साइकिल चलाते हुए द्वारका इलाके से कनॉट प्लेस में पहुंचा, उसी समय बदमाशों ने उसे निशाना बनाया था। पकड़ गए बदमाशों के पास से पुलिस को कई वारदात में छीना गया सामान मिला है।

### बीच सड़क पर बदमाशों ने कार पर चलाई गोली

**नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली केप्रीत विहार इलाकेमें बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एककार पर गोलियां चलाईं। पुलिस ने बताया कि कार में जान मोहम्मद (25) और उसकेपिता अकबर अली सवार थे। मोहम्मद कार चला रहा था। इस दौरान वे दोनों सुरक्षित बच गए। उन्होंने बताया कि हसनपुर डिपो और कड़कड़ी मोड़ केबीच मंगलवार सुबह करीब पौने 10 बजे यह घटना हुई। पुलिस ने बताया किमोहम्मद की शिकायत केअनुसार वह और उसका पिता एकमामले की सुनवाई केलिए कड़कड़डूमा अदालत जा रहे थे, तभी मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो बदमाशों ने बीच रास्ते में उनकी कार रोकी और कार केआगे के शीशे पर गोलियां चलाईं। बदमाशों ने हेलमेट पहना था, जिसके कारण उनके चेहरे दिखाई नहीं दे रहे थे। उन्होंने बताया किबदमाशों ने अदालत में गवाही देने पर मोहम्मद की हत्या करने की कथित रूप से धमकी दी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में करावल नगर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है और आरोपियों का पता लगाने केलिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।**

# सुभाष चोपड़ा के सामने खड़ी है कांग्रेस को एक करने की चुनौती

● जन्मदिन के मौके पर आलाकमान ने दिया खास तोहफा

तसलीम अहमद। नई दिल्ली

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को लेकर उभरी पहेली सुलझ गई है। विस्तृत चर्चा के बाद बुधवार को कांग्रेस आलाकमान ने वरिष्ठ और राजधानी दिल्ली की राजनीति की गहरी समझ रखने वाले सुभाष चोपड़ा को विधानसभा चुनाव से ऐन पहले यह अहम जिम्मेदारी सौंपी है।

सुभाष चोपड़ा का जन्म 23 अक्टूबर 1947 को हुआ। आलाकमान ने बुधवार को जन्मदिन पर उन्हें यह खास तोहफा दिया है। कई युवा और वरिष्ठ चेहरों के बीच से चुने गए सुभाष के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती इस समय बुरी तरह बिखरी कांग्रेस को चुनाव से पहले-पहले एक करने की है। पंद्रह साल दिल्ली पर राज करने के बाद आम आदमी पार्टी से शिकस्त के बाद कई बड़े और छोटे नेता कांग्रेस से किनारा करने लगे थे।

पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित की मौत के बाद तो कांग्रेस में ऐसा बिखराव हुआ कि पार्टी को नया अध्यक्ष चुनने में पसीने छूट गए। गुटबाजी, युवा-वरिष्ठता और स्थानीय-बाहरी जैसे मुद्दों ने दो महीने तक कांग्रेस आलाकमान को उलझाए रखा। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद की दौड़ में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष अजय माकन, कद्दावर नेता रहीं शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष जेपी अग्रवाल और सुभाष चोपड़ा के अलावा मौजूदा कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, हारुन यूसुफ, अरविंदर सिंह लवली आदि थे लेकिन माकन, लवली, दीक्षित, लिलोठिया या हारुन पर वरिष्ठ नेताओं का गुट तैयार नहीं था और जेपी या चोपड़ा पर युवा ब्रिगेड राजी नहीं हो रही थी।

भाजपा से कांग्रेस में आए कीर्ति आजाद के अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल होने से स्थानीय और बाहरी की नई बहस छिड़ गई। युवा कांग्रेस के नेताओं ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर कीर्ति के खिलाफ अपनी राय जाहिर करने में हिचकिचाहट नहीं दिखाई। सोनिया गांधी ने सुभाष को लाकर गुटबाजी पर अंकुश लगाने और दिल्ली के पंजाबी मतदाताओं को साधने की कोशिश की है तो बिहार से ताल्लुक रखने वाले कीर्ति के जरिए पूर्वांचली लोगों को लुभाने का दांव चला है।

### पांच दशक से दिल्ली की राजनीति में सक्रिय



**सुभाष चोपड़ा 1968 से दिल्ली की राजनीति में सक्रिय हैं। वह 1970-71 में डूसू अध्यक्ष रहे। इसके अलावा दिल्ली कांग्रेस के सचिव, महासचिव, उपाध्यक्ष और अध्यक्ष भी बने। कालकाजी से लगातार तीन बार विधायक रहे चोपड़ा 2003 में विधानसभा के स्पीकर रहे। यूके से कानून की पढ़ाई करने वाले चोपड़ा हिंदी, इंग्लिश और पंजाबी बोलते हैं। खेलों और किताबें पढ़ने में उनकी खास रूचि है।**

### क्रिकेट पर लगाते थे सट्टा, नौ गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पुलिस ने दक्षिणी दिल्ली में क्रिकेट सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ कर नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और हांगकांग के बीच आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्वकप क्वालीफायर मैच पर सट्टे के बारे में गुप्त जानकारी मिली थी।

इस आधार पर पुष्प विहार इलाके में एक भवन में छापा मारा।पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि इस मामले में नौ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान महेन्द्र सिंह, परमिंदर सिंह, सचिन कुमार, योगेश , हरमिंदर, दीपक, रोहित, अर्जुन और वसीम के रूप में हुई है।

# चाकू से ताबड़तोड़ वार कर की पत्नी की हत्या, खुद भी दे दी जान

● घर के खर्च को लेकर होती थी कहासुनी, पांच साल के मासूम के सिर से उठा साया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



पुल प्रहलादपुर इलाके में युवक ने पत्नी को मार कर खुदकुशी कर ली। दोनों के शव मंगलवार सुबह किराए के घर में अंदर से बंद कमरे में मिले। शवों पर चाकू से गहरे घाव हैं। दोनों की शादी छह साल पहले हुई थी। दंपति में अकसर झगड़ा होता था। उनका पांच साल का एक बेटा है जो घटना के समय स्कूल गया था। मकान मालिक ने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर पति-पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस ने कहा कि मृतकों की पहचान आकाश (32) और भावना (29) के रूप में हुई है। जांच के बाद पुलिस ने संदेह जताया है कि पति ने कहासुनी के बाद पत्नी की हत्या की और फिर खुद भी मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने कहा कि पति-पत्नी के शव कमरे के फर्श पर खून में लथपथ मिले। पुलिस ने कहा कि मकान मालिक ने उन्हें बताया कि उसने दंपति के अंदर से बंद कमरे से आ रही बहुत तेज आवाज सुनी थी। इसके बाद उसने कुछ अन्य लोगों के साथ मिलकर दरवाजा तोड़ा और उसमें प्रवेश किया। अंदर का मंजर देखकर सभी दंग रह गए।

पति और पत्नी दोनों ही खून से लथपथ पड़ थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण-पूर्व) चिन्मय बिस्वाल ने कहा कि कमरे से खून में सना सब्जी काटने का चाकू भी मिला है। उन्होंने कहा कि दंपति को अपोलो अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने कहा कि चूंकि उनकी शादी को सात साल से कम समय हुआ है, इसलिए इलाके के एसडीएम को इसकी जानकारी दी गई है। अधिकारी ने कहा कि पूछताछ में सामने आया है कि आकाश और भावना के बीच अकसर कहासुनी होती रहती थी। आकाश स्वच्छता पर्यवेक्षक के रूप में काम करता था।

पड़ोसियों के अनुसार भावना की अकसर शिकायत रहती थी कि आकाश उसे रोजमर्रा का खर्चा नहीं देता था, जिसको लेकर दोनों में अनबन रहती थी। हालांकि घटना को लेकर पड़ोसी भी हैरान है क्योंकि ऐसे मामले हत्या तक नहीं पहुंचते है। वहीं पुलिस मामले में हर एंकल से जांच कर रही है और पड़ोसियों से इस मामले में जानकारी ले रही है।


## उत्तरी दिल्ली नगर निगम

कार्यालय अधिशासी अभियंता (एम-II)केपीजेड
शक्ति नगर एक्सटेंशन, दिल्ली-110052

नि.आ.सू. सं. ईई(एम-II)/केपीजेड/टीसी/2019-20/47 दिनांक: 18.10.19

निविदा दस्तावेज की बिक्री के लिए आरम्भ तिथि : 18.10.19 को अप. 18.01 बजे तक
निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 08.11.19 को अप. 12.00 बजे तक
बोली जमा करने की अंतिम तिथि : 08.11.19 को अप. 12.15 बजे तक
वित्तीय बोली के खुलने की तिथि : 08.11.19 को अप. 12.30 बजे

| क्र. सं. | कार्य का नाम | खाता शीर्ष | निविदा राशि | अनुमानित राशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सी-77एन/केपीजेड मेंई एवं एफ-ब्लॉक, मॉडल टाउन में बिटूमिनस के प्रावधान द्वारा आस-पास की लेनों का सुधार/सुदृढ़ीकरण। एफ.टी.सी. कोड: 14/66/XL/VIII-S(d) | XL-VIII-S(d) | ₹35,70,638 | ₹38,60,900 | ₹71450/- | ₹500/- |
| 2. | वार्ड सं. 77एन/केपीजेड में बी एवं एफ ब्लॉक मॉडल टाउन में मेन रोड मॉडल टाउन-II से प्रिन्सेस रोड तक बिटूमिनस कंक्रीट के प्रावधान द्वारा आस-पास के रोड का सुधार/सुदृढ़ीकरण। एफ.टी.सी. कोड: 14/66/XL/VIII-S(d) | XL-VIII-S(d) | ₹52,08,812 | ₹56,32,300 | ₹104200/- | ₹1000/- |

टिप्पणी 1 : क्र.सं. 1 से 2 तक उपरोक्त प्रत्येक कार्य के लिए कार्य पूर्ण करने की अवधि 3 माह और दरों की वैधता 6 माह के लिए है।

टिप्पणी 2 : दि.न.नि. के अनुमोदित एवं योग्य ठेकेदारों के लिए बोली हेतु यह निविदा वेबसाइट http://mcdetenders.com पर भी उपलब्ध है। ईई(एम-II)/केपीजेड के पास किसी भी या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताए निरस्त करने का अधिकार है।

आर.ओ.सं. 128/डीपीआई/उत्तरी/2019-20 अधिशासी अभियंता (एम-II)केपीजेड



पूर्वी जिले के विवेक विहार थाने में महिला पुलिसकर्मियों को छात्राओं की सुरक्षा के लिए स्कूटी दी गई है। स्कूलों की छुट्टी के समय मनचले लड़के छात्राओं से छेड़छाड़ करते हैं। अब इन सब पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने एक अच्छी पहल की है।

### वायु गुणवत्ता बिगड़ी, लेकिन पिछले दिवाली जैसे नहीं होंगे हालात

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी की वायु गुणवत्ता बुधवार को बिगड़ गई और यह खराब श्रेणी में दर्ज की गई। बहरहाल, अधिकारी ने कहा कि इस दिवाली के दौरान वायु की गुणवत्ता पिछले साल के मुकाबले बेहतर रहने की संभावना है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) मंगलवार के 206 के मुकाबले 244 दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच के एक्यूआई को अच्छा , 51 से 100 के बीच को संतोषजनक , 101 से 200 के बीच को मध्यम , 201 से 300 के बीच को खराब , 301 से 400 के बीच को बहुत खराब और 401 से 500 के बीच के एक्यूआई को गंभीर माना जाता है। वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान एवं अनुसंधान प्रणाली ने कहा कि हवा की तेज गति से दिल्ली की वायु गुणवत्ता पर सकारात्मक असर पड़ेगा। नवंबर के पहले सप्ताह तक ही दिल्ली की वायु गुणवत्ता के बेहद खराब होने की आशंका है। सफर ने कहा, अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ की संभावना है जिसका वायु गुणवत्ता पर सकारात्मक है।

### निगम ने 241 स्थानों पर 13 लाख रुपये का चालान काटा

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए विभिन्न क्षेत्र में निरीक्षण कर निर्माण गतिविधियों के कारण उत्पन्न प्रदूषण और प्रदूषण फैला रही इकाईयों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

निगम ने खुले में कूड़ा जलाने के लिए 123 चालान, निर्माण कार्य से उत्पन्न धूल के लिए 50 चालान, रोड से धूल के लिए 33 चालान, खुले में मलबा डालने के लिए 35 चालान किए है, जिसकी जुर्माने की राशि 12,91,000 रुपये है। उपरोक्त के अतिरिक्त सभी वार्डो में जल छिड़काव की कार्यवाही जारी रही।

### नॉर्थ कैंपस में निर्माणाधीन निजी इमारत के खिलाफ छात्रों का प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद तथा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ ने नॉर्थ कैंपस में छात्रा मार्ग पर विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन के पीछे प्राइवेट बिल्डर द्वारा निर्माणाधीन 39 मंजिला इमारत के निर्माण के तथा सरकारी भूमि के अवैध हस्तांतरण के खिलाफ एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

एबीवीपी तथा दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ ने प्रस्तावित बहुमंजिला इमारत के बजाय प्रस्तावित स्थल पर नए छात्रावास बनाने की मांग की है, साथ ही निर्माणाधीन बहुमंजिला इमारत से डीयू के महिला छात्रावासों में रहने वाली छात्राओं की निजता छिनने की संभावना देखते हुए गंभीर चिंता व्यक्त की है। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कला संकाय पर एकत्रित होकर निर्माणाधीन स्थल तक मार्च किया ।

डीयू के छात्रों ने छात्रा मार्ग को जाम कर दिया । डूसू अध्यक्ष अक्षित दहिया ने कहा कि डीयू से जुड़ा हर छात्र इस अतिक्रमण के खिलाफ एकजुट है। डूसू डीयू के एल्मुनाई से भी आग्रह करता है कि अपनी यूनिवर्सिटी के लिए साथ आएं।

### ऑड इवन को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने वाहनों के लिए ऑड इवन योजना को चुनौती देने वाली जनहित याचिका बुधवार को खारिज कर दी।

मुख्य न्यायाधीश डीएन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरि शंकर की पीठ ने याचिका पर विचार करने से इंकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता ने अदालत में इसे दायर करने से पहले सरकार को कोई प्रतिवेदन नहीं दिया था। अदालत ने कहा कि याचिका योजना के विवरण के बिना ही दायर की गई। इस योजना को अभी दिल्ली सरकार ने अधिसूचित नहीं किया है। यह योजना 4-15 नवंबर के बीच दिल्ली में लागू होगी।

# दिवाली से पहले साफ-सुथरी होंगी सड़कें

## डिप्टी मेयर ने दिए मलबा हटाने और सफाई के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली


उप महापौर योगेश वर्मा


दीवाली से पूर्व उत्तरी दिल्ली नगर निगम के उप महापौर योगेश वर्मा ने अपने उप महापौर कार्यालय में निगम के सभी सफाई अधीक्षकों के साथ बैठक की उसमें अगले दो दिन में सभी जगह से मलबा हटाने तथा सफाई व्यवस्था ठीक से हो सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दीवाली के पर्व पर बहुत-बड़ी खरीदारी होती है उसमें कपड़े के थैले का इस्तेमाल करने के लिए जनता को प्रेरित करे ऐसे भी निर्देश दिए। उप महापौर के वार्ड 75 में व अन्य वार्डो में भी बर्तन बैंक की व्यवस्था है। जो किसी भी कार्यक्रम में बिना किसी शुल्क के दिये जाते है। इसकी जानकारी भी जनता में साझा करें। इससे प्रेरित हो सभी जगह स्टील के बर्तन जनता को उपलब्ध हो सके।

### पूर्वी दिल्ली की महापौर ने छठ-पूजा की तैयारियों को लेकर की बैठक

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली की महापौर अंजु कमलकांत और स्थायी समिति अध्यक्ष संदीप कपूर ने छठ पूजा के मद्देनजर पूर्वी दिल्ली नगर निगम की तैयारियों के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

निगम मुख्यालय, पटपड़गंज में आयोजित इस बैठक के दौरान पूर्वी दिल्ली की विभिन्न छठ घाट समितियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान महापौर ने छठ घाट समिति के प्रतिनिधियों से उनके घाटों से संबंधित समस्याएं सुनी। अधिकतर प्रतिनिधियों ने महापौर ने छठ घाटों की साफ-सफाई, वहां शौचालयों और मोबाइल डिस्पेंसरी की व्यवस्था कराने की मांग की। इस पर महापौर ने संबंधित अधिकारियों को छठ घाटों पर समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित कराने और अन्य संबंधित व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए। महापौर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ के लिए जरूरी मदद के लिए पूरी तरह तैयार रहे।

# दिवाली पर हर घर को रोशन करता है एक दृष्टिहीन

**नरेश कुमार** सोहना।

**योग्यता** कभी भी मनुष्य को बड़ी से बड़ी मुसीबत में झुकने नहीं देती है। ऐसा ही एक उदाहरण सोहना के वार्ड-10 की किशोर कॉलोनी निवासी दृष्टिहीन महावीर है। जिनकी आंखों की रोशनी 15 वर्ष पहले चले जाने के बाद भी महावीर ने जीवन में हार नहीं मानी। वह अपने अंदर छुपे हुनर से अपना और अपने परिवार को पालन-पोषण कर रहा है।



वार्ड-10 की किशोर कॉलोनी निवासी दृष्टिहीन महावीर मिट्टी के दीये बनाता हुआ।



महावीर की पत्नी व बेटा भी उसके इस कारोबार में मदद करते हुए।

सोहना के वार्ड-10 की किशोर कॉलोनी में रहने वाला दृष्टिहीन महावीर दीपावली पर मिट्टी के दीये बनाकर तथा उन्हें बेचकर अपने परिवार के लिए छह माह का राशन जुटा लेता है। दृष्टिहीन महावीर की मदद पत्नी और दो बेटे करते हैं। महावीर इस बार दीये की मांग को पूरा करने में जुटा है। 15 साल पहले छिपकली के काट जाने से अपनी दोनों आंखों की रोशनी खो देने वाला महावीर अपने हुनर के बल पर परिवार का पालन-पोषण कर रहा है। दृष्टिहीन महावीर के परिवार में पत्नी सहित तीन बेटी व दो बेटे हैं। महावीर इस बार दीपावली पर मिट्टी के दीयों के मिले ऑर्डर को पूरा करने में दिन-रात मेहनत कर रहा है।

महावीर का मानना है कि इस बार मिट्टी के दीयों की मांग पिछले तीन वर्षों की अपेक्षा अधिक है। पिछले साल उसने मात्र 40 हजार दीये ही बेचे थे। लेकिन इस बार उसे एक लाख 22 हजार दीयों का ऑर्डर गुरुग्राम, नखरौला, फ़ाजीलपुर व राजस्थान के शहर टपूकड़ा से मिला है। एक लाख दीयों की मांग को पूरा कर चुका है। 20 हजार दीये उसे और बनाकर देने हैं। महावीर ने बताया जब भी वह चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाता है, तब-तब उसका दो में से एक बेटा साथ होता है। महावीर ने बताया कि दीपावली पर दीये बनाकर बेचने तक वह अपनी पूरी सर्दी के घर का राशन जुटा लेता है। मार्च माह में फिर वह मिट्टी की सुराही बनाकर मई, जून व जुलाई के माह में बेचता है। जिनसे होने वाली कमाई से उसका सर्दी तक गुजारा होता है। महावीर का मानना है कि यदि उसके पास यह हुनर नहीं होता तो शायद उसका परिवार भूखा ही मर जाता। आंखों की दृष्टि खाने से पहले वह रिक्शा चला कर गुजारा कर रहा था।

## 20 वर्षीय युवती संदिग्ध हालत में लापता

**सोहना।** सोहना सदर थाना पुलिस ने सिलानी निवासी पीड़ित व्यक्ति की शिकायत पर बेटी का बहला-फुसलाकर भगा कर ले जाने वाले गांव के ही युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी दो दिन पहले रात्री 11 बजे घर से संदिग्ध हालात में लापता हो गई थी।

गांव सिलानी निवासी ने सोहना सदर पुलिस थाना में अपने ही गांव के निवासी अनिल पुत्र राजेन्द्र पर अपनी 20 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी बेटी शनिवार की रात 11 बजे अपने ही घर से संदिग्ध हालात में लापता हो गई है। जिसको अपने स्तर पर सभी रिश्तेदारियों और जानकारों के घर पर पता कर लिया है। बेटी का कोई सुराग नहीं लगा है।

## संक्षिप्त समाचार

### झपटमारी के दोषी को पांच साल की कैद

**गुरुग्राम।** झपटमारी के मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एमएम धौंचक की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच साल की कैद व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ओल्ड दिल्ली रोड की सुशीला मिश्रा ने इस वर्ष 27 जनवरी को सेक्टर-14 पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अपराह्न सदर बाजार जा रही थी। जब वह गोशाला ग्राउंड के निकट पहुंची तो बिना नंबर वाली बाइक पर सवार एक युवक आया और उसका पर्स झपटकर फरार हो गया था। पर्स में उसका मंगलसूत्र, कानों के कुंडल, मोबाइल व नगदी आदि भी थी। महिला ने शोर मचाया तो आस-पास भीड़ एकत्रित हो गई थी और उन्होंने बाइक पर सवार युवक को काबू कर लिया था। इसी दौरान मौके पर पुलिस भी पहुंच गई थी और काबू किए हुए युवक को पुलिस को सौंप दिया गया था, जिसकी पहचान नजफगढ़ दिल्ली के गोविंद के रूप में हुई थी। पुलिस ने भादसं की धारा 379ए के तहत मामला दर्ज कर आरोपी से महिला का झपटा हुआ पर्स भी बरामद कर लिया था और आरोपी को जेल भेज दिया गया था। मामला अदालत में चला। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपी पर आरोप साबित होना पाते हुए अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए दो साल की कैद व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुना दी है।

### दो युवकों ने यात्री का बैग चोरी किया

**सोहना।** सोहना बस स्टैंड के बाहर वाहन का इंतजार कर रहे यात्री के बैग को दो युवक चोरी कर ले गए। बैग में 4500 रुपये और मोबाइल फोन सहित कीमती कपड़े भी चोरी हो गए। राजस्थान का जिला अलवर थाना गोविंदगढ़ के गांव सैमली के मूल निवासी नितिश कुमार पुत्र गोपाल ने दो युवकों के खिलाफ बैग चोरी का मामला दर्ज कराया है। नितिश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने गांव जाने के लिए सोहना के सामान्य बस स्टैंड पर बस का इंतजार कर रहा था। उसने अपना बैग पर्स पर रखा हुआ था। तभी दो युवक उसके पास आए। वो भी अलवर जाने को बोल रहे थे। जो अपने साथ गाड़ी में अलवर तक ले जाने को उसे बस स्टैंड से बाहर ले आए। उनके पास भी वैसा ही काले रंग का बैग था, जैसा उसके पास था। वस्तुत: अपने बैग को जमीन पर रखकर शौच करने के लिए चला गया। अपने बैग की जिम्मेदारी उन दो युवकों को देकर गया था। वह शौच करके आया तो दोनों युवक वहां से गायब थे। उनका बैग रखा था, लेकिन उसका बैग नहीं था, जिसमें 4500 रुपये नकद थे। एक मोबाइल तथा उसके लिए ली गई नई सिम और कीमती कपड़े चोरी हो गए।

### ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते 13 पदक



**गुरुग्राम।** सेक्टर-84 स्थित यूरो इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों ने गत दिवस दिल्ली द्वारका में आयोजित छठे ग्रैंड ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 13 पदक हासिल किए हैं। स्कूल की प्रधानाचार्य रेनू सिंह ने बताया कि स्कूल के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों के लिए स्कूल परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि वैभव, सिद्धि, अनन्या सिंह, मनिंदर, हार्दिक, अजीम, दीक्षा ने स्वर्ण, अहम, सायशा, लावनिक, दक्ष ने रजत तथा शौर्य, आयुषा ने कांस्य पदक हासिल किया। कोच गौरव गोले ने बताया कि खिलाड़ियों ने बड़ी मेहनत कर प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से परिजन व शिक्षक बड़े उत्साहित हैं।

### रणदीप सुरजेवाला ने मां भद्रकाली मंदिर में नवाया शीश



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने शीश नवाया। उन्होंने ऐतिहासिक श्रीदेवीकूप पर आरती करते हुए मां की उपासना की। मां भद्रकाली के दरबार की परिक्रमा कर कांग्रेसी नेता ने पूजा-अर्चना की। सुरजेवाला ने नारियल फोड़ कर मां से विजयश्री आशीर्वाद मांगा। उन्होंने गर्भगृह में आराधना करते हुए पंचदीप आरती भी की। रणदीप सुरजेवाला ने कुरुक्षेत्र को विश्व में सर्वोत्तम यशस्वी स्थान दिलाने का अपना संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि यहां आकर मां के चरणों में बैठ कर उन्हें मन की शांति मिलती है। इससे पहले यहां पहुंचने पर शक्तिपीठ के पीठाध्यक्ष पंडित सतपाल शर्मा ने कांग्रेसी नेता रणदीप सुरजेवाला का अभिनंदन किया। उन्होंने कांग्रेसी नेता को मां की लाल चुनरी, तिलक व मां का चित्र स्वरूप भेंट किया। उनके साथ श्रीप्रकाश मिश्रा, परीक्षित मदान, सुरेश यूनिसपुर सहित अन्य मौजूद रहे।

## श्रमिक अशांति को लेकर एटक ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा,** गुरुग्राम।

**औद्योगिक** क्षेत्रों स्थित प्रतिष्ठानों में श्रमिक व प्रबंधनों के मध्य विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। श्रमिक यूनियनों का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रमिक संगठन एटक ने विभिन्न प्रतिष्ठानों में बढ़ रही अशांति को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

एटक के जिला महासचिव कामरेड अनिल पंवार का कहना है कि प्रबंधन श्रमिक विरोधी नीतियां लागू कर श्रमिकों का शोषण कर रही है। कंपनी प्रबंधन की हठधर्मिता के चलते श्रमिक अशांति बढ़ती जा रही है। औद्योगिक क्षेत्रों स्थित शिवम ऑटो, नपीनो ऑटो, मुंजाल शोवा, कपारो मारुति, होंडा, डीपीएस स्कूल, आरकोटेक, आरजीपी आदि प्रतिष्ठानों में श्रमिकों व प्रबंधनों के मध्य विवाद चल रहा है। प्रतिष्ठानों में प्रबंधन द्वारा श्रमिक अशांति फैलाई जा रही है, जिसको लेकर श्रमिकों में भारी रोष व्याप्त है। प्रबंधकों द्वारा श्रम कानूनों का उल्लंघन किया जा रहा है। 10-15 वर्षों से कार्यरत श्रमिकों को नौकरी से निकाला जा रहा है। श्रमिकों के मांग पत्र काफी समय से लंबित पड़े हुए हैं। प्रबंधन श्रमिक अशांति पैदा करने के लिए अनुचित श्रम अभ्यास करा रही है। श्रमिकों को बोनस नहीं दिया जा रहा है। लंबित पड़े मांगपत्रों पर कोई विचार नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि श्रमिकों की लंबित पड़ी मांगों को माना जाए, नौकरी से निकाले गए श्रमिकों को वापस लिया जाए, श्रमिकों को बोनस दिया जाए आदि। उन्होंने कहा कि श्रमिक विभिन्न क्षेत्रों से प्रदर्शन करते हुए मिनी सचिवालय पहुंचे, जहां उन्होंने श्रमिकों की मांगों से संबंधित ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा।

ज्ञापन सौंपने वालों में श्रमिक नेता रामनिवास यादव, बलवीर कंबोज, शिव कुमार, मनोज कुमार, चंदन सिंह, राकेश बैरवा, मुकेश यादव, कुलदीप सिंह, मुकेश, नरेश, चंद्र हंस, सतीश गुर्जर, दिलसिंगार यादव, किशन यादव, नरेश, सोमदत्त, हरिप्रकाश, राज बहादुर आदि शामिल रहे।

# राजकीय कन्या कॉलेज में आठ बजे शुरू होगी मतगणना

### मतगणना केंद्रों के आसपास बढ़ी सुरक्षा व्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा,** गुरुग्राम।



**विधानसभा** चुनावों की मतगणना की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार को प्रत्याशियों की राजनीतिक किस्मत का फैसला होगा। हरियाणा विधानसभा आम चुनाव के लिए जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों पटौदी, गुरुग्राम, बादशाहपुर एवं सोहना की मतगणना सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में बनाए गए मतगणना केंद्रों पर होगी। जिला प्रशासन द्वारा मतगणना के लिए सभी आवश्यक प्रबंध व तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

मतगणना का कार्य सुबह आठ बजे शुरू हो जाएगा। मतगणना केंद्र के आसपास सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार को मतगणना केंद्रों में नियुक्त मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक, मतगणना माइक्रो आब्जर्वर का राजकीय कन्या महाविद्यालय में अंतिम प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सभी को मतगणना संबंधी सभी बिंदुओं से अवगत कराया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि 76-बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के लिए 28 टेबल लगाई जाएंगी, जिन्हें दो भाग-ए व बी में बांटा जाएगा। दोनों भागों में 14-14 टेबल लगाई जाएंगी। इसमें कुल 362 बूथ थे। इसमें दोनों भागों में 13-13 राउंड में मतगणना का कार्य होगा। इसमें सभी टेबल पर एक समय में 84 मतगणना अधिकारी व कर्मचारी मतगणना का कार्य करेंगे। प्रत्येक मेज पर एक माइक्रो आब्जर्वर, एक काउंटिंग सुपरवाइजर व एक मतगणना सहायक उपस्थित रहेंगे।

### गुड़गांव विस के लिए लगाई 14 टेबल

77-गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के लिए कुल 14 टेबल लगाई गई हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में कुल 329 बूथ थे। इसमें मतगणना का कार्य 24 राउंड में पूरा किया जाएगा। इसमें सभी टेबल पर एक समय में 42 अधिकारियों व कर्मचारियों का स्टाफ मौजूद रहेगा। उन्होंने बताया कि पटौदी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 15 टेबल लगाई गई हैं।

इसमें कुल 243 बूथ थे। इसमें मतगणना का कार्य 17 राउंड में पूरा होगा। इसमें सभी टेबल पर एक समय में 45 अधिकारी व कर्मचारी मतगणना का कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि 78-सोहना विधानसभा क्षेत्र में मतगणना के लिए 14 टेबल लगाई गई है। इसमें कुल 238 बूथ थे। इस विधानसभा क्षेत्र में मतगणना का कार्य 17 राउंड में पूरा होगा। इसमें सभी टेबल पर एक समय में 42 अधिकारी व कर्मचारी मतगणना का कार्य करेंगे।

## मानव जीवन में बड़ा महत्व है मानवीय गुणों का : सुदीक्षा



फोटो नंबर-03: गुरुग्राम में प्रवचन करतीं सुदीक्षा महाराज व मौजूद श्रद्धालु।

**पायनियर समाचार सेवा,** गुरुग्राम।

**मानव** जीवन में मानवीय गुणों का बड़ा महत्व है। कर्म सही हों तो उनका असर शब्दों से अधिक होता है। परमात्मा और मनुष्य में किसी भी प्रकार की दूरी नहीं है, बल्कि दूरी तभी तक है जब तक मनुष्य को इसका अहसास नहीं है। यह बात सतगुरु सुदीक्षा महाराज ने सेक्टर 29 क्षेत्र में धार्मिक संस्था संत निरंकारी मंडल द्वारा आयोजित निरंकारी संत समागम में प्रवचन करते हुए व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि मनुष्य का पिछला समय तो बीत गया, लेकिन भविष्य में परोपकार के कार्य करें। मनुष्य में एकत्व, प्रेम, विशालता, नम्रता आदि गुण के भाव शामिल होने चाहिए। मनुष्य को अपने अधिकारों नहीं, बल्कि कर्तव्यों का पालन करते हुए जीवन जीना चाहिए। जीवन में हर समय निरंकार प्रभु का अहसास ही सहज अवस्था के लिए जरूरी है। अपना मुख्य मार्गदर्शक परमात्मा को ही बनाना है, परमात्मा को ही अपना जीवन वाहक मानना चाहिए। गुरुग्राम शाखा के संयोजक एमसी नागपाल ने बताया कि समागम में हरियाणवी, हिन्दी, पंजाबी व अंग्रेजी भाषा में गीत, व्याख्यान, कविताएं, समूह गान, भजन व विचार आदि प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में गुरुग्राम, दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में संस्था के अनुयायी शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## भाषण प्रतियोगिता में ईशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज पूंडरी में कॉमर्स विभाग व अर्थशास्त्र विभाग की तरफ पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन से और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुभाष तंवर ने की और कहा कि परिवर्तन समय की मांग है हम परिवर्तनों को रोक नहीं सकते। आज के समय में अपनी बात को समझाने के लिए आधुनिक पॉवर प्वाइंट जैसी तकनीकों को प्रयोग में लाना चाहिए। जिससे कि बेहतर तरीके से अपने विचार दूसरों तक पहुंचाना सुगम हो जाता है। केवल सुनने की बजाय सुनने और देखने के जरिए प्रभावशाली तरीके से संदेशवाहन किया जा सकता है और साथ ही साथ उन्होंने चेताया कि कंप्यूटर तकनीक का अत्यधिक प्रयोग मनुष्य के दिमाग पर विपरित प्रभाव भी डालता है। इसलिए तकनीक का संतुलित तरीके से प्रयोग करना चाहिए। इस प्रतियोगिता में अक्षित गर्ग, नितिन गर्ग और युधिष्ठिर ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## ग्रेप का उल्लंघन करने पर 25 व्यक्तियों के किए गए चालान

### सड़कों व पेड़ों पर लगातार जारी रहा पानी का छिड़काव

**पायनियर समाचार सेवा,** गुरुग्राम।

**नगर** निगम गुरुग्राम द्वारा चलाए जा रहे ग्रेडिड रेस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तहत बुधवार को 25 उल्लंघनकर्ताओं पर 83500 रुपये का जुर्माना किया गया। वहीं धूल को उड़ने से रोकने के लिए मुख्य सड़कों और पेड़ों पर पानी का छिड़काव तथा मैकेनाइज्ड स्वीपिंग लगातार जारी रही।

25 उल्लंघनकर्ताओं पर लगाया 83500 रुपये का जुर्माना में मलबा डालने पर एक उल्लंघनकर्ता पर पांच हजार रुपये, बिना ढंके निर्माण सामग्री के मामले में 15 उल्लंघनकर्ताओं पर 64 हजार रुपये, सिंगल यूज प्लास्टिक इस्तेमाल के मामले में सात उल्लंघनकर्ताओं पर 4500 रुपये, तंदूर में कोयला/लकड़ी जलाने पर दो उल्लंघनकर्ताओं पर 10 हजार रुपये का जुर्माना किया गया।

**पेड़ों पर पानी का छिड़काव जारी**

नगर निगम की बागवानी तथा दमकल शाखा द्वारा ग्रेप के तहत पटौदी चौक से हीरो होंडा चौक, अतुल कटारिया चौक से सेक्टर-5 चौक, द्वारका एक्सप्रेस-वे, वाटिका चौक से गोल्फ रोड, बसई चौक से उमंग भारद्वाज चौक, कादीपुर रोड, खांडसा रोड, सोहना चौक से राजीव चौक, महावीर चौक से अतुल कटारिया चौक, महावीर से महाराणा प्रताप चौक, वाटिका चौक से सेक्टर-57 तथा वाटिका चौक से खेड़की दौला तक पेड़ों और सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया।

**स्वीपिंग मशीनों से सफाई जारी**

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से राजीव चौक से रेलवे स्टेशन, इफ्को चौक से आयानगर बॉर्डर, मेदान्ता अस्पताल से बख्तावर चौक तथा स्टार मॉल से सेक्टर-45 रेडलाइट तक मैकेनाइज्ड स्वीपिंग की गई।

# बहुसंकाय दृष्टिकोण से फूड का वेस्टेज रोकें

**नई दिल्ली।** ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 119 देशों में से 103वें स्थान पर है। इसलिए यहां पर खाद्य असुरक्षा का खतरा मंडरा रहा है। यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम (यूएनडीपी) ने पाया कि दुनिया में उत्पन्न किया गया 50 प्रतिशत आहार फेंक दिया जाता है और जरूरतमंद तक कभी नहीं पहुंच पाता। भारत में भी पोषण एवं खाद्य सुरक्षा का खतरा मंडरा रहा है। लेकिन इससे भी चिंताजनक बात यह है कि भारत में उत्पन्न होने वाला 40 प्रतिशत आहार फेंक दिया जाता है।

आहार अपने जीवनचक्र में विविध चरणों में फेंका जाता है - उत्पादन के दौरान (मौसम परिवर्तन, कीटों के आक्रमण, खराब किस्म के कारण फिंकना), कटाई एवं भंडारण (मशीनीकरण, कोल्ड स्टोरेज, बाजार की पहुंच कम होने के कारण) तथा उपभोग (प्रोसेस्ड फूड फेंकना) के दौरान। हालांकि यह जानकर संतोष मिलता है कि इसमें से ज्यादातर समस्याओं का समाधान टेक्नोलॉजी का उपयोग, पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप्स, पॉलिसी में संशोधन करके तथा विविध स्तरों पर बुनियादी ढांचे में सुधार करके किया जा सकता है।

इंडियन काउंसिल फॉर एग्रीकल्चर रिसर्च (आईसीएआर) के अनुमान के अनुसार प्रतिवर्ष फसल का 30 से 35 प्रतिशत (64 मिलियन टन) नुकसान कीटों व परजीवियों के कारण होता है। यह समस्या केवल भारत में नहीं, बल्कि कई अन्य देशों में भी है। लेकिन उन लोगों ने बीज की ऐसी किस्मों का उपयोग कर इस समस्या का समाधान कर लिया है, जो कीटों के आक्रमण को सहन कर सकती है या फिर उन्होंने इस आक्रमण को रोकने के सरल समाधान तलाश लिए हैं। उदाहरण के लिए, पर्ड्यू यूनिवर्सिटी की एक टीम ने पीआईसीएस (पर्ड्यू इंप्रूव्ड क्रॉप स्टोरेज) बैग्स नामक एक स्टोरेज बैग बनाया। ये ट्रिपल सील्ड एवं हर्मेटिक बैग्स हैं, यानि यदि मक्का या बाजरा साथ कोई कीड़ा आ भी जाए, तो वह ऑक्सीजन की कमी के कारण फैलने से पहले ही खत्म हो जाएगा।



डॉ. शिवेंद्र बजाज, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर, एफएसआईआई

चूंकि इस प्रयास के लिए 2007 में बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने फंड देना शुरू किया, इसलिए इन बैग्स को अफ्रीका, एशिया और लेटिन अमेरिका के लगभग तीन दर्जन देशों में पहुंचाया जा सका। फरवरी, 2019 तक दुनिया में 19.3 मिलियन पीआईसीएस बेचे गए, जिनमें से ज्यादातर दो डॉलर प्रति बैग की दर से बेचे गए। लोबिया रखने के लिए 100 किलो के बैग का उपयोग करने वाले किसान को बिक्री में 27 डॉलर का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

इसी तरह, जब किसान मशीनीकरण, जैसे हार्वेस्टर एवं बेलर्स का उपयोग करता है, तो वह जमीन के ज्यादा नजदीक से फसल काटने में समर्थ बनता है, जिससे जमीन के ऊपर हुई फसल का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने में मदद मिलती है। मशीनें फसलों को ज्यादा नजदीक बो सकती हैं, उनमें ज्यादा समानता होती है, जिससे ज्यादा फसल उगाने के लिए जमीन एवं अन्य संसाधनों का उपयोग ऑप्टिमाइज होता है।

फसल काटने के बाद, उसे खासकर भारत के ऊष्णकटिबंधीय मौसम में लंबे समय तक भंडारण में रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ परिस्थितियों की जरूरत होती है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में फसल के बाद हर साल 12 से 16 मिलियन टन अनाज नष्ट हो जाता है, जिससे भारत के एक तिहाई गरीबों को आहार मिल सकता है। वर्तमान में कोल्ड स्टोरेज की सुविधाएं कम हैं और उनका वितरण भी असमान है। छोटा किसान इन सुविधाओं का खर्च वहन करने में असमर्थ होता है या उसे इन सुविधाओं की पहुंच नहीं मिल पाती तथा उसकी फसल खेत में या पारंपरिक घरेलू भंडारण में संग्रहीत रहती है।

इन विपरीत स्थितियों को देखते हुए, सतत प्रगति पर केंद्रित बहुसंकाय कार्यक्रम, एमआईटी डी-लैब में अनुसंधान इंजीनियर, एरिक वर्पलोगन ने माली एवं केन्या जैसे स्थानों में छोटे किसानों और वेंडर्स के लिए एक वाष्पन कूलर का विकास किया। ये कूलर दो घोंसलेनुमा मिट्टी के बर्तन होते हैं, जिनके बीच में गीली मिट्टी होती है।

## राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 में हुई भाषण स्पर्धा

**गुरुग्राम।** नेहरू युवा केंद्र ने राजकीय महाविद्यालय सेक्टर-9 के राष्ट्रीय योजना इकाई के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई।

युवाओं में राष्ट्र भक्ति जागृत करने के लिए इस कार्यक्रम का विषय था देश भक्ति और राष्ट्र निर्माण। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार निकेश, द्वितीय पुरस्कार पायल एवं कविता ने प्राप्त किया। प्राचार्य डॉ. सतमन्यु यादव ने युवाओं की विषय के प्रति उत्सुकता की सराहना की। राजकीय महाविद्यालय की हिंदी विभाग से डॉ. मीनू शर्मा, अंग्रेजी विभाग से डॉ ललिता गौड़ व गणित विभाग से रोहित शर्मा ने निर्णायक मंडल के नाते अपने दायित्वों का निर्वहन किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र से श्रीकृष्ण लाल परचा, हिंदी विभाग से डॉ. कृष्णा मल्हान एवं संगणक विज्ञान विभाग से संजय कत्याल उपस्थित रहे।

## सोहना विधानसभा चुनाव में पुरुषों ने किया ज्यादा मतदान

**पायनियर समाचार सेवा,** सोहना।

**सोहना** विधानसभा सीट पर हुए चुनाव में महिला की अपेक्षा पुरुषों ने अधिक मत डाले हैं। इस बार 90 हजार 444 पुरुषों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, जबकि 73 हजार 510 महिला वोटरों ने वोट डाला है। सबसे ज्यादा वोट बूथ नंबर 75 सांप की नंगली में 91 फीसदी वोट डाले गए हैं।

इस बार के विधानसभा चुनाव में महिला से अधिक पुरुष मतदाताओं ने अपने वोट का अधिकार प्रयोग किया है। विधानसभा चुनाव में दो लाख 28 हजार में से एक लाख 63 हजार 954 वोटरों ने वोट किया है। जिसमें पुरुषों ने महिला मतदाता से 16 हजार 954 वोट अधिक डाले गए हैं। विधानसभा चुनाव में 90 हजार 444 पुरुष मतदाताओं ने वोट डाला है। सोहना विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा वोट बूथ नंबर 75 सांप की नंगली के राजकीय मिडिल स्कूल में बना है, जहां पर 91 फीसदी वोट डाले गए हैं। जिसमें 612 पुरुष व 490 महिला मतदाताओं ने वोट डाला है। विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम वोट बूथ नंबर 11 पर 29 फीसदी वोट डले हैं, जहां पर 229 पुरुष और 167 महिला मतदाताओं ने वोट डाले हैं। ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा शहरी मतदाता वोट डालने के लिए घरों से कम निकले। सोहना शहर में बना बूथ नंबर 105 में 77 फीसदी वोट अधिकतम है। जबकि सैनी धर्मशाला में बना बूथ नंबर 90 पर मात्र 60 फीसदी वोट शहरी क्षेत्र में सबसे कम रहा है। वही जबकि तावडू शहर में बना बूथ नंबर 153 पर सबसे अधिक 80 फीसदी व सबसे कम बूथ नंबर 149 पर 60 फीसदी वोट डले हैं। पूरी विधानसभा क्षेत्र में 71 फीसदी मतदाताओं अपने वोट डालने के अधिकार का प्रयोग किया है।

### मतगणना 16 टेबलों पर होगी, कहीं 15 तो कहीं 21 राउंड चलेंगे

# आज फैसला हो जाएगा, तू नहीं या मैं नहीं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**प्रशासन** ने जिला फरीदाबाद के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए प्रशासन द्वारा प्रबंध पूरे कर लिए हैं। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए अलग-अलग मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मतगणना केंद्र के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं, जिनकी देखरेख में मतगणना बृहस्पतिवार को को प्रात: 8.00 बजे से शुरू होगी। शाम तीन बजे तक परिणाम आने के आसार हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अतुल कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतों की गणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुरूप मतगणना का कार्य 24 अक्तूबर को प्रात: 8.00 बजे शुरू किया जाएगा। इससे पहले प्रात: छह बजे रैण्डमाइजेशन करके मतगणना के लिए लगाए जाने वाले मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना आब्जर्वर तथा मतगणना सहायक सुपरवाइजरों की अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में मतों की गणना के लिए ड्यूटी सौंपी जाएगी।

उन्होंने बताया कि सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में प्रत्येक में मतों की गणना के लिए 14 टेबल लगाई गई हैं। इसके अलावा, सर्विस वोटरों के मतों की गिनती के लिए वहीं पर दो टेबल अलग से लगाई गई हैं। मतों की गणना चुनाव पर्यवेक्षक की

### सात सीटों पर भाजपा और कांग्रेस में टक्कर

देखरेख में की जाएगी। उन्होंने बताया कि पृथला विधानसभा क्षेत्र के लिए रिटरनिंग अधिकारी ईओ एचएसवीपी विवेक कालिया, फरीदाबाद एनआईटी के लिए रिटरनिंग अधिकारी एडीसी धर्मेन्द्र सिंह, बड़खल के लिए रिटरनिंग अधिकारी एसडीएम पंकज कुमार, बल्लभगढ़ के लिए रिटरनिंग अधिकारी एसडीएम त्रिलोक चंद, फरीदाबाद विधानसभा के लिए रिटरनिंग अधिकारी एसडीएम अमित कुमार तथा तिगांव विधानसभा के लिए रिटरनिंग अधिकारी डीडीपीओ राकेश कुमार हैं।

अतुल कुमार ने बताया कि पृथला विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना फरीदाबाद के पंजाबी भवन सेक्टर-16 में 15 राउंड में पूरी होगी और फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना लखानी धर्मशाला एनआईटी-2 में 17 राउंड में की जाएगी। इसी प्रकार बड़खल विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना 18 राउण्ड में खान दौलत राम धर्मशाला एनआईटी-ए में की जाएगी और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना अग्रवाल धर्मशाला बल्लभगढ़ में की जाएगी, जो 16 राउंड में पूरी होगी। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना भी 16 राउण्ड में डीएवी स्कूल सेक्टर-14 के महात्मा हंसराज ऑडिटोरियम में पूरी की जाएगी। तिगांव विधानसभा क्षेत्र के मतों की गणना लगभग 21 राउण्ड में पूरी होगी और यह सेक्टर-16 के गुर्जर भवन में की जाएगी।

जिला में मतगणना के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 6 मतगणना ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। पृथला विधानसभा क्षेत्र के लिए सुमित शर्मा, फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के लिए रवि दफरिया, बड़खल विधानसभा क्षेत्र के लिए सत्येंद्र कुमार सिंह, फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के लिए बंशीधर तिवारी, बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए वीएन शाह तथा तिगांव विधानसभा क्षेत्र के लिए जयशंकर दुबे को मतगणना ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया है। सुमित शर्मा, रवि दफरिया तथा सत्येंद्र कुमार सिंह पहले से ही फरीदाबाद जिला में जनरल ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त हैं, जिन्हें अब मतगणना ऑब्जर्वर के तौर पर भी नियुक्त किया गया है।



### मतगणना केंद्रों की सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम

पुलिस आयुक्त केके राव के निर्देश पर मतगणना केंद्र की सुरक्षा के लिए पुलिस की तरफ से पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। सभी छह मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा की थ्री-लेयर सिक्योरिटी के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। बृहस्पतिवार मतगणना के लिए प्रत्येक मतगणना केंद्र पर 400 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। अभी तक स्ट्रॉग रूम/मतगणना केंद्र की सुरक्षा के लिए प्रथम लेयर में सीआरपीएफ के जवानों की तैनाती की गई है। द्वितीय लेयर में आईआरबी के जवानों की तैनाती की गई है और तृतीय एवं बाहरी लेयर मे फरीदाबाद पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। सभी स्ट्रॉग रूम/मतगणना केंद्रों पर 24 घंटे दिन-रात पीसीआर के द्वारा निगरानी रखी जा रही है। मतगणना केंद्र के चारों तरफ नाके लगाए हुए है। थाना प्रबंधक मतगणना केद्र में तैनात सुरक्षा गार्द की हर दो घंटे में थाना प्रबंधक द्वारा चैकिंग की जा रही है। किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को स्ट्रॉग रूम के पास जाने की अनुमति नहीं है। समय-समय पर संबधित पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा मतगणना केंद्रों की चैकिंग की जा रही है।

प्रत्येक मतगणना केंद्रों के बाहर सुरक्षा की दृष्टि से नाके लगाए गए हैं। नाका प्वॉइंट से आगे आम ट्रैफिक का आवागमन बंद रहेगा। पोलिंग एजेंट, मीडिया कर्मी, और स्टाफ के वाहनों की कॉमन पार्किंग होगी। पोलिंग एजेंट व स्टॉफ को मतगणना केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और पेन इत्यादि ले जाने पर पाबंदी रहेगी। पोलिंग एजेंटों को मतगणना केंद्र पर पेन कागज उपलब्ध कराए जाएंगे।

# छांयसा में पुनर्मतदान शांतिपूर्ण 837 में से 636 ने डाले वोट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पृथला** विधानसभा क्षेत्र के गांव छांयसा के मतदान केंद्र नंबर 113 में गड़बड़ी की आशंका के चलते बुधवार को दोबारा मतदान करवाया गया। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच ग्रामीणों ने शांतिपूर्ण तरीके से अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार इस बूथ पर पहले के मुकाबले चार वोट कम डाली गई है।



सूत्रों के मुताबिक सोमवार को हुए मतदान के दौरान किसी पवन नामक युवक ने छांयसा गांव के बूथ नंबर 113 के भीतर गैरकानूनी तरीके से मतदान का वीडियो बना लिया था। आरोपी ने इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। मामले की शिकायत किसी ने उपायुक्त अतुल द्विवेदी से की थी। उन्होंने मामले में संज्ञान लेते हुए दोबारा मतदान करवाने के आदेश दिए थे। इसके बाद बुधवार को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में सुबह करीब सात बजे से मतदान शुरू करवाया गया। सुबह काफी धीमी गति से मतदान हो रहा था।

इस बूथ पर कुल 837 वोट हैं और बूथ पर 636 लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है, जो लगभग 75 प्रतिशत है। जबकि सोमवार को इस बूथ पर 640 लोगों ने मतदान किया था। चुनाव के दौरान मौके पर भारी पुलिस बल मौजूद था। इसके अलावा जिला प्रशासन के कई अधिकारी भी मतदान के दौरान मौके पर मौजूद थे। उपायुक्त अतुल द्विवेदी द्वारा मतदान के दौरान केंद्र का दौरा किया गया था। सुरक्षा व्यवस्था इतनी मजबूत थी कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता था।

## नीमका जेल से दो पैकेट गांजा बरामद

**फरीदाबाद।** नीमका गांव स्थित जिला जेल के परिसर में तस्करी के मामले थम नहीं रहे हैं। सुरक्षा कर्मियों ने बाहरी दीवार के नजदीक से नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। करीब 250 ग्राम गांजा किसी अज्ञात व्यक्ति ने दो पैकेट में बंद कर बाहर से फेंका था, जो जेल अधिकारियों ने पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने फिलहाल अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सदर में दर्ज मामले के मुताबिक जिला जेल के उपाधीक्षक सचिन कुमार ने अपनी शिकायत में कहा है कि मंगलवार सुबह बंदियों को बैरकों से बाहर निकालने से पहले जेल के सुरक्षा कर्मी परिसर की चैकिंग कर रहे थे। तभी चैकिंग के दौरान उन्हें बुर्ज नंबर पांच व छह के पास अलग-अलग जगह से पॉलीथीन में लिपटे दो पैकेट मिले, जिन्हें चेक किया गया, तो उनमें 250 ग्राम नशीला पदार्थ मिला।

सुरक्षा कर्मियों ने गांजा उपाधीक्षक को सौंप दिया। परिसर में फेंके गए सामान की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल के बाद मामला दर्ज कर लिया है। परिसर में सघन जांच शुरू कर दी गई है।


**भौतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank
ICICI Bank Limited

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., सरफासी सेल, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर्स, झंडेवालान, नई दिल्ली-110055

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/भौतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1 | हिमांशु गुप्ता/वंदना रानी/एलबीजीएचजैड00002313993 | फ्लैट नंबर बी-1-1801, बी-1 प्रस्तावित नाम वाली बिल्डिंग का 18वां तल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16-सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश, परिमाप क्षेत्रफल 1765 वर्ग फीट/18-10-2019 | 20 अप्रैल, 2018 रू. 58,60,110/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 2 | मनोज कुमार शर्मा/रचना/एलबीएनओडी00002375543 | अपार्टमेंट नंबर बी-2-1801, 18वां तल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16-सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश, परिमाप क्षेत्रफल 1765 वर्ग फीट/18-10-2019 | 30 नवम्बर, 2017 रू. 55,37,023/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 3 | विजय ग्रोवर/रीना ग्रोवर/एलबीडीईएल00002371601 | अपार्टमेंट नंबर बी-1-1302, 13वां तल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16-सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश, परिमाप क्षेत्रफल 1765 वर्ग फीट/18-10-2019 | 30 नवम्बर, 2017 रू. 52,62,754/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 4 | विजय ग्रोवर/रीना ग्रोवर/एलबीडीईएल00002365295 | अपार्टमेंट नंबर बी-1-1301, 13वां तल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16-सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश, परिमाप क्षेत्रफल 1765 वर्ग फीट/18-10-2019 | 30 नवम्बर, 2017 रू. 52,79,657/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 5 | नीरा शर्मा/अंकुर मोहन/एलबीजीयूआर00002313398 | बी-2-1304, 13वां तल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16-सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश, परिमाप क्षेत्रफल 1635 वर्ग फीट/18-10-2019 | 31 अगस्त, 2017 रू. 52,22,308/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 6 | संदीप कुमार ए उपाध्याय//शिल्पी उपाध्याय/एलबीडीईएल00002275165 | अपार्टमेंट नंबर बी-2-1701, 17वां तल, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16-सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, उत्तर प्रदेश, परिमाप क्षेत्रफल 1635 वर्ग फीट/18-10-2019 | 31 मार्च, 2018 रू. 52,25,188/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 7 | संजीव लाम्बा/मधु/एलबीडीईएल00002935333 | फ्लैट नंबर 1603, 16वां तल, टावर ए-2, जेकेजी पाम कोर्ट, प्लॉट नंबर जीएच 1डी, सेक्टर 16-सी, ग्रेटर नोएडा, जी बी नगर, नोएडा। परिमाप क्षेत्रफल 1185 वर्ग फीट/18-10-2019 | 30 नवम्बर, 2017 रू. 40,37,528/- | दिल्ली/एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदारों)/गारंटरों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 24-10-2019
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



ICICI Bank
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वीडियोकॉन टॉवर झंडेवालान, नई दिल्ली - 110055

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी**

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका **भौतिक** कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है, जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह-कर्जदारों/गारंटरों का नाम/ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | पंकज शर्मा (कर्जदार), मोनिका शर्मा (सह-कर्जदार) LBGUR00002370762 | फ्लैट नंबर 109, पहली मंजिल बिना छत के दाईं ओर, महागुन मेंशन, प्लॉट नंबर 1/4, आवासीय कॉलोनी, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यू.पी., क्षेत्र 2585 वर्ग फीट। | रू. 1,00,11, 627/- (अक्टूबर 17, 2019 तक) | रू. 1,22,10,000/- (एक करोड़ बाईस लाख दस हज़ार मात्र) / रू. 12,21,000/- | नवम्बर 05, 2019 को मध्या. 12:00 बजे से 02:00 बजे तक | नवम्बर 30, 2019 पूर्वा. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी नीलामी एजेन्सी **श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड (यूआरएल लिंक- "https://eauctions.samil.in")** की वेबसाइट पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती **नवम्बर 29, 2019 को अथवा पूर्व अप. 5.00 बजे** तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर यह/ये प्रत्याभूत आस्ति/यां की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बिडर (बिडर्स) को अपनी ऑफर उपरोक्त धरोहर राशि जमा (कालम 'ङ' में वर्णितानुसार) सहित एक मोहरबंद लिफाफे में सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर शीर्षांकित कर इस प्रकार प्रस्तुत करें कि **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, द्वितीय तल वीडियोकॉन टॉवर ब्लॉक ई -1, झंडेवालान, एक्सटेंशन रानी झांसी रोड, नई दिल्ली - 110055** में अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट श्रीराम ऑटोमॉल इंडिया लिमिटेड के **दूसरी मंजिल, बेस्ट स्काई टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली- 110034** स्थित कार्यालय में **नवम्बर 29, 2019 को** अथवा **पूर्व अप. 5.00 बजे** से पहले पहुंच जानी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के सम्यक् संचालन के लिए नीलामकार के रूप में भी अनुबंधित किया गया है। ईएमडी डीडी/पीओ राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में तथा **दिल्ली** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **9599281817/ 9650193259** पर सम्पर्क करें केवल बैंक/ई-नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व पूर्ण विवरण के साथ प्राप्त और पंजीकृत की गई निविदाएं ही नीलामी हेतु मान्य होंगी।

प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें :**www.icicibank.com/n4p4s**

तिथि : अक्टूबर 24, 2019
स्थान : दिल्ली एनसीआर

हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**PUBLIC NOTICE**
**This is to inform to all General Public that M/s. Surinder Kumar & Co. have changed its Registered Office address from F-47C, MIG Flats, Hari Nagar, New Delhi-110064 to J-1, Kirti Nagar, New Delhi-110015.**
**Shashi Bhushan Kohli (Partner)**



**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank
ICICI Bank Limited

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अभिनव सैनी/आरती सैनी/एलबीडीईएल00002351311 | फ्लैट नंबर टी-06-1104, 11वां तल, टावर टी-06, पारस टिएरा प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-137, जी बी नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश/17 अक्टूबर, 2019 | 30 दिसम्बर, 2017 रू. 18,86,537/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 2. | वाई वेंकटनरसिंह राव/येल्लाप्रागदा मोहिनी एलबीडीईएल00004369557 | मकान नंबर 620, भू तल, सेक्टर-12, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/19 अक्टूबर, 2019 | 27 जून, 2019 रू. 71,50,756/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 3. | साहिल धवन/पूनम पृथी/एलबीडीईएल00002355219 | फ्लैट नंबर टीसी-1907, 19वां तल, टावर सी, दि अरण्य रेजिडेंसी, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-119, नोएडा-201301/18 अक्टूबर, 2019 | 19 जुलाई, 2019 रू. 53,11,978/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 4. | आशीष तिवारी/कृष्णा लता द्विवेदी/एलबीडीईएल00002869145 | फ्लैट नंबर टी4-2302, 23वां तल, टावर टी-4, दि अरण्य हाइट्स, प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर-119, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर-201301/18 अक्टूबर, 2019 | 19 जुलाई, 2019 रू. 57,95,359/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 5. | आभा जैन/राज कुमार जैन/आदित्य जैन/एलबीडीईएल00002304359 | अपार्टमेंट नंबर यूटीई091, दि अल्टीमा, डीएलएफ गार्डन सिटी, सेक्टर-81, गुड़गांव तथा/अथवा यूटीई091, 9वां तल, डीएलएफ अल्टीमा, टावर ई, ग्राम लखनोला, सेक्टर-81, गुड़गांव /19 अक्टूबर, 2019 | 31 अगस्त, 2018 रू. 1,39,64,133/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 6. | श्रोत्रिय अधीर/श्रोत्रिय प्रीति/एलबीएनओडी00002111721 | फ्लैट नंबर बी-1707, 17वां तल, टावर-बी, गार्डेनिया गेटवे, प्लॉट नंबर 10, सेक्टर-75, नोएडा-201301 /17 अक्टूबर, 2019 | 19 जुलाई, 2019 रू. 60,91,708/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 7. | सुभेन्दु सिन्हा/नंदिता सिन्हा/एलबीजीयूआर00002317897 | फ्लैट नंबर बी-1605, टावर-बी, 16वां तल, गार्डेनिया गेटवे (ईको सिटी में) सेक्टर-75, प्लॉट नंबर 10, नोएडा, उत्तर प्रदेश/17 अक्टूबर, 2019 | 27 जून, 2019 रू. 64,93,323/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 8. | अमित जिंदल/सुनीता जिंदल/एलबीजीयूआर00002280934 | फ्लैट नंबर बी2-1602, 15वां तल, प्लॉट सनंबर जीएच-02, विक्ट्र एस, सेक्टर-143, नोएडा-201301 /17 अक्टूबर, 2019 | 19 जुलाई, 2019 रू. 54,22,404/- | दिल्ली/एनसीआर |
| 9. | कृष्ण चन्द्र झा/रिंकू झा/एलबीडीईएल00002412631 | फ्लैट नंबर 50, द्वितीय तल, सेक्टर-34, पाकेट-2, ब्लॉक ई-3, रोहिणी, दिल्ली/17 अक्टूबर, 2019 | 30 अप्रैल, 2019 रू. 14,83,496/- | दिल्ली/एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 24-10-2019
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**PUBLIC NOTICE**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे क्लाइंट श्री जोन थोमस, टिना रवि, सीना चटरजी और डायना थोमस जो स्व. अन्नमा थोमस के वारिश है और वे फ्लेट नं. एफ 01, फ्रन्ट साइड, प्रथम तल, प्लॉट नं. बी-86, डी.एल.एफ, दिलशाद एक्स-II, भौपुरा गाजियाबाद को श्रीमति हिल्दा एन. जोस को बेच रहे हैं।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित कोई दावा है तो वह निम्न पते पर आकर सम्पर्क करें। अन्यथा कोई दावा मेरे क्लाइंट पर बाध्यकारी नहीं होगा।

**C.K. JHA (Advocate)**
**E-524, Karkardooma Courts, Delhi-110032 (M) - 9811295674**



THE PIONEER CLASSIFIEDS

**CHANGE OF NAME**

**I, Shivam Gupta, S/o. Vivek** Gupta, R/o.708-A, Sector-M, Ashiyana Colony-1, PS-Ashiyana, Tehsil-Sarojni Nagar, Distt. Lucknow-226012 have changed my name from Shivam Gupta to Ibrahim Gupta on 19.10.2019 for all purposes.

PD(8652)A

**CHANGE OF RELIGION**

**I, Shivam Gupta, S/o. Vivek** Gupta, R/o.708-A, Sector-M, Ashiyana Colony-1, PS-Ashiyana, Tehsil-Sarojni Nagar, Distt. Lucknow-226012 have changed my religion from "Hinduism" to "Islam" on 19.10.2019 for all purposes.

PD(8653)A



KAVYAM

**"KAVYAM"-AFFORDABLE HOUSING PROJECT**

Applications are invited from general public for booking of Residential Apartments in the Affordable Housing Project proposed to be developed as per terms and conditions of the policy prescribed by the Town & Country Planning Department, Government of Haryana vide notification no PF-27/48921 dated 19.08.2013 and also notification no. NO. PF-27/15922 dated 05.07.2019 & Memo No. Misc-2307/8/26/2017-2TCP dated 09.07.2018 (details available at the Department website, ie. tcpharyana.gov.in).

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Project Approvals | Coloniser/Developer: Agrante Realty Ltd<br>License No/ Year: 101/2017 Building Plan Approved on 06.07.2018 |
| 2. | Location | Sector 108, Gurugram. Haryana |
| 3. | Provisions | **Project Area :** 5 acres comprising a total 723 no. of apartments.<br>**Community Facilities :** One Community Hall of 2000 sqft and One Anganwadi-cum-Creche of 2000 sqft. |
| 4. | Apartment Details | **Category 1:** 73 no. of apartments of 512.50 sqft (approx.) carpet area and balcony(ies) with an aggregated area of 130.30 sqft (approx.) with a two-wheeler parking.<br>**Category 2:** 1 no. of apartments of 512.50 sqft (approx.) carpet area and balcony(ies) with an aggregated area of 130.30 sqft (approx.) with a two-wheeler parking.<br>**Category 3:** 269 no. of apartments of 488.30 sqft (approx.) carpet area and balcony(ies) with an aggregated area of 79.73 sqft (approx.) with a two wheeler parking. |
| 5. | Allotment Rate of Apartment (all inclusive) | **Category 1 & 2: Rs. 21.00 lakhs/ apartment;, Category 3: Rs. 19.93 lakhs / apartment.**<br>The above rate is an all-inclusive cost of apartment as per rates prescribed under the policy notified vide no. PF-27/48921 dated 19.08.2013 (details available at the Department website, ie. *tcpharyana.gov.in)* and subsequent amendments as applicable. **• Statutory & government taxes are as applicable.** |
| 6. | Payment Terms | i. With application:Booking amount, i.e., 5% of cost of flat.<br>ii. On allotment:Additional 20% of cost of flat.<br>iii. Balance 75% of the amount in six equal monthly instalments over three year period. No interest shall fall due before the due date of payment. Any default in payment shall invite interest as provided in rule 15 of the Haryana Real Estate Regulatory Authority. Rules, 2017 |
| 7. | Broad Specifications of the Apartment | 2BHK + 3 Balconies<br>2BHK + 2 Balconies<br>(Detailed specifications are provided, in application form) |
| 8. | Applications Timelines | i. Applications can be procured from: 704, DLF Tower-B, Jasola, and New Delhi by paying an application fee of Rs 1000 /- starting from 24.10.2019 & also from the website of www.kavyamhomes.com.<br>ii. In continuation of advertisement dated 03.07.2019, it is to inform to the general public that date for submission of booking application form has now been extended till date 23.11.2019<br>iii. All Applicants who have already applied and the prospective applicant are also directed to submit an affidavit declaring "weather applicant is or not identified beneficiary under Pradhan Mantri Awas Yojna and relevant documents |

**Eligibility:-**

1. Any person can apply but person which includes his/her spouse or his/her dependent children who do not own any flat/plot in any HUDA developed colony/ sector or any licenced colony in any of the Urban Areas in Haryana, UT of Chandigarh and NCT Delhi shall be given first preference in allotment of flats.
2. The applicant identified under PMAY Shall be given first preference.
3. Any applicant can make only one application. Any successful applicant under this policy shall not be eligible for allotment of any other flat under this policy in any other colony. In case, he/she is successful in more than one colony, he/she will have choice of retain only one flat.

**Allotment Criteria:-**

1. The allotment of apartments shall be done through draw of lots in the presence of a committee consisting of Deputy Commissioner or his representative (at least of the cadre of Haryana Civil Services), Senior Town Planner (Circle office), DTP of the concerned district and the representative of coloniser concerned.
2. After fixation of date for draw of lots, an advertisement shall be issued by the Developer informing the applicants about the details regarding date/time and venue of the draw of lots in the same newspapers in which the original advertisement was issued.
3. For detailed criteria and time-frame to be adopted for scrutiny and allotment, the applicants may also refer to the details in the Affordable Housing Policy 2013 notified vide no. PF-27/48921 dated 19.08.2013 (available at the Department website, i.e., tcpharyana.gov.in) and subsequent amendments as applicable.
4. Agrante Realty Ltd 704 7th floor DLF Tower-B, Jasola, New Delhi.

RERA Registration No. RC/REP/HARERA/GGM/2018/23 dated 22.11.2018.

**Contact at: - website: www.kavyamhomes.com; 011-41924100-199, 8800499325, 8800499674**

# भारत और अमेरिका के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहयोग अनुबंध प्रस्ताव को मंजूरी

● प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**एजेंसी**। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने भारत और अमेरिका के बीच विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग के बारे में अनुबंध के प्रस्ताव को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस अनुबंध से द्विपक्षीय संबंधों में नया अध्याय शुरू होगा क्योंकि दोनों पक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी में आपसी हितों के महत्वपूर्ण समावेश द्वारा संवर्धित पूरक क्षमता का लाभ उठाएंगे। यह अनुबंध उच्च गुणवत्ता और उच्च प्रभावी अनुसंधान तथा नवाचारपूर्ण भागीदारियों को बढ़ावा देने का अवसर उपलब्ध कराने के साथ-साथ व्यापक वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय समुदायों के मध्य संबंधों को मजबूत बनाएगा और उनका विस्तार करेगा। इसके तहत विभिन्न रूपों में सहयोग को आगे बढ़ाया जाएगा जिसमें वैज्ञानिक और तकनीकी जानकारी और विशेषज्ञों का आदान-प्रदान, सेमिनार और बैठकों का आयोजन, वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों का प्रशिक्षण, सहयोगपूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं का आयोजन, विज्ञान और नवाचार आधारित सार्वजनिकनिजी भागीदारियों की स्थापना तथा उन्नत अनुसंधान सुविधाओं का उपयोग करना शामिल है।

## लेखा, वित्त क्षेत्र में भारत और कुवैत के बीच समझौता ज्ञापन मंजूर

**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने लेखा, वित्त और लेखा परीक्षा ज्ञान के क्षेत्र में भारत और कुवैत के बीच समझौता ज्ञापन को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी गई। इस समझौता ज्ञापन में भारत और कुवैत की दो संस्थाओं इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टेड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) और कुवैत एकाउंटेंट्स एंड ऑडिटर्स एसोसिएशन (केएएए) को शामिल किया गया है। ये दोनों संगठनों के सदस्यों के लाभ और उनकी पेशेवर दक्षता के विकास के लिए कुवैत में तकनीकी कार्यक्रमों, सेमिनार और सम्मेलनों का आयोजन करने के लिए मिलकर काम करेंगे। ऐसे आयोजनों के लिए दोनों पक्ष लिखित में हुई सहमति के अनुसार लागत साझा करेंगे। आईसीएआई और केएएए कॉरपोरेट शासन, तकनीकी अनुसंधान और परामर्श, गुणवत्ता आश्वासन, फोरेंसिक एकाउंटिंग, लघु, आपसी हितों के अन्य मुद्दों के संबंध में संभावित सहयोग स्थापित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। समझौता ज्ञापन के प्रस्तावित प्रावधानों के अधीन आईसीएआई और केएएए आपसी सहयोग के क्षेत्र में भविष्य में संभावित विकास के बारे में विचार-विमर्श करेंगे। केएएए और आईसीएआई कुवैती नागरिकों और आईसीएआई के सदस्यों के लिए कुवैत में लेखा, वित्त और लेखा परीक्षा के क्षेत्र में अल्पकालिक पेशेवर पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव करने में सहयोग करेंगे।

## भारत तथा सेंट विंसेंट एवं ग्रेनेडाइंस के बीच एमओयू को मंजूरी

**नई दिल्ली**। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत तथा सेंट विन्सेंट और ग्रेनेडाइंस के मध्य चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों के क्षेत्र में सहयोग के बारे में समझौता ज्ञापन को बुधवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) को पूर्व प्रभाव से मंजूरी दी गई। इस समझौता ज्ञापन पर 11 सितंबर, 2019 को हस्ताक्षर हुए थे। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस समझौता ज्ञापन से चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए भारत तथा सेंट विन्सेंट और ग्रेनेडाइंस के मध्य सहयोग के लिए एक ढांचा उपलब्ध होगा। इससे इस क्षेत्र में दोनों देशों को आपसी लाभ मिलेगा तथा चिकित्सा की पारंपरिक प्रणालियों को बढ़ावा देने और प्रचार करने में मदद मिलेगी।

## निकाय चुनाव को लेकर गृह और पुलिस अधिकारियों से की बैठक

**एजेंसी**। जयपुर

**राज्य** निर्वाचन आयोग के आयुक्त पीएस मेहरा ने नगर निकाय चुनाव-2019 के दौरान कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को गृह और पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में चुनाव के दौरान कानून एवं व्यवस्था की स्थिति, चुनाव के लिए पुलिस बल की उपलब्धता, पुलिस बलों को नियोजित करने के लिए कार्य योजना की प्रगति, गृह जिले में पदस्थापित पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण सहित कई विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। आयुक्त मेहरा ने कहा कि आयोग स्वतंत्र-निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव के लिए ऐसा सकारात्मक और निर्भीक माहौल बनाए कि प्रत्एक नागरिक निर्भय होकर मतदान कर सके। पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) एमएल लाठर ने आयोग को आश्वस्त करते हुए कहा कि पुलिस कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूरी तरह से तैयार है। राज्य में निकाय चुनाव नवंबर में प्रस्तावित हैं।


# फडणवीस ने केदारनाथ मंदिर के दर्शन किए

**एजेंसी**। देहरादून

**विधानसभा** चुनाव के परिणाम आने से एक दिन पहले बुधवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस अपनी पत्नी के साथ उत्तराखंड के उच्च हिमालई क्षेत्र में स्थित पवित्र केदारनाथ धाम में बाबा भोले शंकर के दर पर पहुंचे और उनकी पूजा की।

रूद्रप्रयाग के जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने इस बात की पुष्टि की लेकिन साथ ही उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का यह निजी दौरा था जिसके बारे में जिला प्रशासन को पहले से कोई सूचना नहीं थी।

हालांकि, बद्रीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के सूत्रों ने बताया कि पत्नी अमृता के साथ आए फडणवीस ने भगवान शिव की पूजा और आराधना की। उन्होंने बताया कि फडणवीस ने तीर्थ पुरोहितों से बातचीत भी की और मंदिर प्रांगण में करीब एक घंटा बिताया।



उत्तराखंड के केदारनाथ मंदिर में अपनी यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और उनकी पत्नी अमृता फड़नवीस

# चीन नहीं चाहता बहुध्रुवीय एशिया : श्याम सरन

● पूर्व विदेश सचिव ने भारत-चीन संबंध की प्रकृति का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता की मजबूत भावना है।

**एजेंसी**। नई दिल्ली



**पूर्व** विदेश सचिव श्याम सरन ने बुधवार को कहा कि चीन एक ऐसा बहुध्रुवीय एशिया नहीं चाहता है, जिसमें शक्तिशाली देशों का समूह हो। वह ऐसी किसी व्यवस्था को भी स्वीकार नहीं करेगा, जिसमें भारत उसकी समानांतर शक्ति हो।

सरन ने भारत-चीन संबंध की प्रकृति का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच प्रतिस्पर्धा और प्रतिद्वंद्विता की मजबूत भावना है। उन्होंने कहा, यदि मैं चीन के रुख को बयां करूं तो यह बहुत कुछ इस बात से जुड़ा हुआ है कि चीन किस तरह से खुद को – अपने इतिहास को – अपनी सभ्यता को देखता है। इसमें कोई शक नहीं है और चीन पूरी तरह से यकीन करता है कि दुनिया में ना सही, लेकिन एशिया में निश्चित रूप से उसकी स्थिति कहीं अधिक वर्चस्व वाली है।

पूर्व विदेश सचिव ने चीन के बहु-ध्रुवीय व्यवस्था में यकीन नहीं रखने का जिक्र करते हुए कहा, चीन इस बात में यकीन नहीं रखता है कि एशिया एक ऐसा स्थान हो जहां बड़ी शक्तियों का एक समूह हो। सरन ने कहा, इसलिए, चीन का मानना है कि शांति, व्यवस्था और सौहार्द्र की सिर्फ एक संभावित गारंटी यह है कि सभी संबद्ध देश यह स्वीकार करें कि शक्तियों के मामले में एक क्रमिक व्यवस्था होनी चाहिए, हर किसी को उस क्रम में उसका स्थान पता होना चाहिए। उन्होंने कहा, यदि भारत मानता है कि चीन एक ऐसी व्यवस्था को अपनाएगा, जिसमें भारत एक तरह की समानांतर शक्ति हो, तो ऐसा नहीं है। हमें इस बारे में बहुत स्पष्ट होना चाहिए कि चीन का क्या रुख है।

सरन ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि चीन अतिरिक्त भूक्षेत्र पर कब्जा करे, लेकिन यह देश इस बारे में बहुत स्पष्ट है कि उसे ऐसी स्थिति में होना है, जिसके तहत एशिया में अन्य देशों द्वारा लिए जाने वाले फैसलों पर उसके पास प्रभावी वीटो हो। पूर्व विदेश सचिव ने कहा, वे (अन्य देश) फैसले लेने की स्थिति में नहीं होने चाहिए, जिन्हें चीन अपने हितों के प्रति बैरी मानता है। यह सिर्फ सुरक्षा के मामले में नहीं है बल्कि आर्थिक हित के बारे में भी है। उन्होंने कहा, जहां तक चीन के वर्चस्व वाले दर्जे का सवाल है, वह एक ऐसी स्थिति में रहने की कामना करता है जहां किसी तरह की प्रतिद्वंद्विता या प्रतिस्पर्धा नहीं हो।

## क्विक न्यूज

### झील में डूबने से महिला, उसके दो बच्चों की मौत

**भावनगर**। गुजरात के भावनगर जिले में झील में डूबने से बुधवार को एक महिला और उसके दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान नयना राठौड़ (27), उसके दो साल के बेटे लालजी और बेटी माया (4) के रूप में हुई। पुलिस ने बताया, सिहोर तालुका के खारी गांव में स्थित झील में अपनी बेटी को डूबने से बचाने के प्रयास में महिला अपने बेटे के साथ कूद गई। हालांकि, घटना में सभी लोग डूब गए। बाद में स्थानीय लोगों ने उनके शवों को निकाला। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### मिट्टी में दबने से दो बालिकाओं की मौत, तीन घायल

**जयपुर**। राजस्थान में धौलपुर जिले के सरमथुरा थाना क्षेत्र में बुधवार को मिट्टी ढह जाने से पांच बालिकाएं दब गईं जिनमे से दो की मौत हो गई। थानाधिकारी धरम सिंह ने बताया कि खुर्दिया गांव में घर की लिपाई के लिए कुछ बच्चियां मिट्टी लाने गई थी। खेत में खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी ढह जाने से पांच बालिकाएं दब गई। ग्रामीणो की मदद से पांचो को अस्पताल पहुंचाया गया जहां अंजलि जाटव (10) और रचना जाटव (12) को मृत घोषित कर दिया गया। उन्होने बताया कि अर्चना (17), संजना (10), और ललिता (7) को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां अर्चना और संजना को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उन्होने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनो को सौप दिए गए।

### राजस्थान में पेट्रोल पंप बंद रहे

**जयपुर**। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के आह्वान पर राज्य के लगभग 3500 पेट्रोल पंप बुधवार को बंद रहे। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनीत बगई ने कहा, राज्यभर मे 4000 मे से लगभग 3500 पेट्रोल पंप हड़ताल में शामिल है। उन्होंने कहा कि इस हड़ताल के कारण 1,28,000 लीटर तेल नही बिका और राज्य सरकार को राजस्व के रूप मे 25 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। एसोसिएशन ने राज्य में पेट्रोलियम उत्पादो पर वैट बढ़ाने के विरोध में इस बंद का घोषणा की है। इसके तहत राज्य के सभी पेट्रोल पंप बुधवार सुबह छह बजे से बृहस्पतिवार की सुबह छह बजे तक बंद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि जुलाई में केंद्र सरकार ने आम बजट में विशेष उत्पाद शुल्क एक रुपए तथा पथ उपकर में एक रुपए बढोतरी करने की घोषणा की। इसके बाद राज्य सरकार ने एक अधिसूचना जारी कर पेट्रोल पर वैट को 26 से बढ़ाकर 30 प्रतिशत और डीजल पर वैट को 18 से बढ़ाकर 22 प्रतिशत कर दिया।

### मप्र में मिलावट के लिए ले जा रहे कास्टिक सोडा एवं केमिकल जब्त

**भिण्ड (मध्य प्रदेश)**। मध्य प्रदेश की भिण्ड पुलिस ने कथित तौर पर सिंथेटिक दूध एवं मिलावटी मिठाई बनाने के लिए ले जाई जा रही कास्टिक सोडा एवं केमिकल की 60 बोरियां जब्त की है। उमरी पुलिस थाना प्रभारी रवीन्द्र गुर्जर ने बुधवार को बताया, हमने उमरी थाना इलाके मे मंगलवार को दूध बनाने के लिए ट्रक में ले जा रहे 60 बोरियां केमिकल और पाउडर जब्त किया है।

# कठुआ जांच में किसी गवाह को प्रताड़ित नहीं किया अदालत के आदेश का पालन करेंगे : डीजीपी

**एजेंसी**। श्रीनगर

**जम्मू** कश्मीर के पुलिस प्रमुख दिलबाग सिंह ने पिछले साल कठुआ दुष्कर्म और हत्या मामले की जांच करने वाली टीम का बचाव करते हुए बुधवार को कहा कि किसी गवाह को प्रताड़ित नहीं किया गया और जांच करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी के अदालत के निर्देश का पालन किया जाएगा।

पुलिस प्रमुख की यह टिप्पणी तब आई है जब एक दिन पहले जम्मू की अदालत ने पुलिस को विशेष जांच दल (एसआईटी) के छह सदस्यों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए थे। कठुआ में आठ साल की



बच्ची के दुष्कर्म और हत्या मामले की जांच करने वाली एसआईटी के सदस्यों पर गवाहों को प्रताड़ित करने और उन्हें झूठे बयान देने के लिए जोर जबरदस्ती करने का आरोप है। सिंह ने दक्षिण कश्मीर में त्राल में मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों के मारे जाने को लेकर संवाददाता सम्मेलन के दौरान पत्रकारों से कहा कि अदालत के आदेश की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्वाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जरूरी नहीं कि हर प्राथमिकी तथ्यों पर आधारित हो। उन्होंने कहा, कई बार एक उद्देश्य होता है और अदालत का निर्देश आता है और हम देखेंगे। हम हजारों मामलों की जांच करते हैं। हमारे पास हर साल 17,000 से अधिक मामले दर्ज होते हैं। उन्होंने कहा, इसका यह मतलब नहीं है कि हम लोगों को प्रताड़ित करें। ऐसे हाई प्रोफाइल मामले होते हैं जहां लोग इस तरह के हथकंडे अपनाते हैं। हम निश्चित तौर पर कानून के अनुसार कार्वाई करेंगे और चिंता की कोई बात नहीं है।

गौरतलब है कि जम्मू की अदालत एक आरोपी विशाल जंगोत्रा के दोस्तों सचिन शर्मा, नीरज शर्मा और साहिल शर्मा की अर्जी पर सुनवाई कर रही है। जंगोत्रा को बाद में बरी कर दिया गया था। अदालत ने निर्देश दिया कि तत्कालीन एसएसपी आर के जल्ला (अब सेवानिवृत्त), एएसपी पीरजादा नवीद, पुलिस उपाधीक्षक शेतम्बरी शर्मा और निस्सार हुसैन तथा सब इंस्पेक्टर उरफान वानी और केवल किशोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए। उसने एसएसपी (जम्मू) से 11 नवंबर को अगली सुनवाई तक अनुपालन रिपोर्ट देने को भी कहा है। पुलिस बल में सूत्रों ने बताया कि जल्द ही जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय में निचली अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग वाली अर्जी दायर की जाएगी।



जम्मू में बुधवार को ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल (बीडीसी) चुनाव की पूर्व संध्या पर मतदान केंद्रों के लिए रवाना होने से पहले मतपेटियां और चुनाव सामग्री ले जाते हुए मतदान अधिकारी

## गुजरात में 87,500 रुपए के फर्जी नोट बरामद, दो गिरफ्तार

**वडोदरा**। गुजरात के वडोदरा में बुधवार को 87,500 रुपए के नकली नोट बरामद किए गए और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि विशेष अभियान समूह (एसओजी) की एक टीम ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्वाई करते हुए अभिषेक सुर्वे और सुमित नांबियार नामक दोनों व्यक्तियों को शहर के संगम स्क्वायर इलाके से गिरफ्तार किया। एसओजी के एक अधिकारी ने बताया, आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 87,500 रुपए के नकली नोट बरामद किए गए, जिनमें 500 रुपए के 175 फर्जी नोट थे।

# उत्तराखंड मंत्रिमंडल के सभी मंत्री अब अपने आयकर का भुगतान स्वयं करेंगे

**एजेंसी**। देहरादून

**उत्तराखंड** मंत्रिमंडल ने बुधवार को फैसला किया है कि अब राज्य सरकार के सभी मंत्री अपने आयकर का भुगतान स्वयं करेंगे।

मंत्रिमंडल ने इसके अलावा राज्य की नई जल नीति को मंजूरी देने तथा अल्मोडा में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय की स्थापना को स्वीकृति देने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय किए। अल्मोडा में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र रावत की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए शहरी विकास मंत्री तथा प्रदेश सरकार के प्रवक्ता मदन कौशिक ने बताया कि मंत्रिमंडल ने फैसला लिया है कि अब प्रदेश सरकार के सभी मंत्री अपने आयकर का भुगतान स्वयं करेंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक मंत्रियों के आयकर का भुगतान प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा था।

कौशिक ने बताया कि राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश की नई जल नीति 2019 को मंजूरी देने के साथ ही अल्मोडा में सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय को भी स्वीकृति दे दी गई है। यहां जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार, मंत्री ने बताया कि इसके अलावा प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को पीपीपी मोड में दिए जाने की नीति 2012 में भी संशोधन को मंजूरी दे दी गई है। राज्य मंत्रिमंडल ने आईटीआई में फीस वृद्धि को भी मंजूरी दे दी। फीस वृद्धि के फलस्वरुप प्राप्त होने वाले राजस्व का कुछ हिस्सा आईटीआई की बेहतरी के लिए व्यय किया जाएगा। प्रदेश में जंगली जानवरों से फसल, जान-माल की हानि का मुआवजा अब वन विभाग की जगह आपदा के कोष से मिलेगा। राज्य मंत्रिमंडल ने टिहरी झील के पास आईटीबीपी के एडवेंचर सेंटर को भी मंजूरी दे दी।

## बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त ने असम के राज्यपाल से मुलाकात की

**गुवाहाटी**। बांग्लादेश में भारत की उच्चायुक्त रिवा गांगुली दास ने असम के राज्यपाल जगदीश मुखी से मुलाकात की और उन्हें असम के विशेष संदर्भ में पड़ोसी देश के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार की ओर से उठाए गए विभिन्न कदमों की जानकारी दी। उच्चायुक्त भारत-बांग्लादेश स्टेकहोल्डर मीट में हिस्सा लेने के लिए गुवाहाटी आई हुई हैं। एक सरकारी विज्ञप्ति में बुधवार को बताया गया है कि बांग्लादेश से असम की भौगोलिक निकटता को देखते हुए और दोनों देशों के बीच व्यापार और संचार मार्गों को पुनर्जीवित करने की संभावना के मद्देनजर, दोनों मुल्कों के बीच बंद हो चुके संचार संपर्कों को पुनर्जीवित करने के लिए उन मुद्दों पर चर्चा की गई जिनका निवारण करने की जरूरत है। मुखी ने जल और रेल मार्ग को फिर से चालू करने पर जोर दिया ताकि भारत और बांग्लादेश के बीच परस्पर लाभ के व्यापारिक रिश्तों को बढ़ाया जा सके।

## जम्मू कश्मीर में पहली बार हो रहे बीडीसी चुनाव के लिए मतदान आज

**जम्मू (एजेंसी)**। जम्मू कश्मीर में पहली बार बृहस्पतिवार को होने वाले ब्लॉक विकास परिषद (बीडीसी) चुनाव में I,065 प्रत्याशी मैदान में हैं जबकि कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी चुनाव का बहिष्कार कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि बीडीसी के अध्यक्षों का चुनाव करने वाले कुल मतदाता 26,629 हैं जिनमें 8,313 महिलाएं और 18,316 पुरुष हैं।

उन्होंने बताया कि मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा, बीडीसी चुनाव में मतदाता पंचों और सरपंचों की सुरक्षा के भी इंतजाम किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 316 ब्लॉक हैं लेकिन चुनाव 310 में हो रहा है, क्योंकि दो ब्लॉकों में निर्वाचित पंच और सरंपच नहीं है। चार ब्लॉक महिलाओं के लिए आवंटित हैं और वहां कोई महिला प्रत्याशी नहीं है। यह चुनाव मतपत्र से होगा। उन्होंने कहा कि 853 निर्दलियों समेत I,092 नामांकन सही पाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 27 बीडीओ में उम्मीदवारों को निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया है। I,065 बीडीओ में चुनाव होना है।

कर्नाटक के अयोग्य घोषित विधायकों का न्यायालय में दावा:

# सदन के सदस्यों को इस्तीफा देने का अधिकार है

**एजेंसी**। नई दिल्ली

**कर्नाटक** के 17 अयोग्य विधायकों ने उच्चतम न्यायालय में बुधवार को दलील दी कि विधान सभा की सदस्यता से इस्तीफा देने का उनका अजेय अधिकार है और तत्कालीन अध्यक्ष के आर रमेश कुमार द्वारा उन्हें अयोग्य करार देने का फैसला दुर्भावनापूर्ण है और इसमें प्रतिशोध की बू आती है।

न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की तीन सदस्यीय खंडपीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि विधान सभा अध्यक्ष ने पार्टी व्हिप का कथित रूप से उल्लंघन करने के कारण उनके खिलाफ फैसला करके शीर्ष अदालत के आदेश का उल्लंघन किया था। विधान सभा के तत्कालीन अध्यक्ष ने इन विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था जिसकी परिणति एच डी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली कांग्रेस-जद(एस) गठंधन सरकार के पतन के रूप में हुई थी।

सदन में विश्वास मत हासिल करने में विफल रहने पर कुमारस्वमी ने इस्तीफा दे दिया था और इस घटनाक्रम ने भाजपा के बी एस एदियुरप्पा के नेतृत्व में राज्य में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ कर दिया था। इस बीच, पीठ ने राज्य विधान सभा की 15 सीटों के लिए उपचुनाव स्थगित करने संबंधी निर्वाचन आयोग की अधिसूचना को चुनौती देते हुए कर्नाटक उच्च न्यालाय में लंबित एक अन्य याचिका पर कार्यवाही पर रोक लगा दी। निर्वाचन आयोग ने 26 सितंबर को शीर्ष अदालत को सूचित किया था कि वह 17 अयोग्य घोषित विधायकों की याचिका पर अंतिम निर्णय होने तक कर्नाटक में 21 अक्टूबर को 15 सीटों के लिए प्रस्तावित उपचुनाव स्थगित कर देगा। आयोग ने उपचुनाव स्थगित करने की अधिसूचना जारी करते हुए कर्नाटक में आचार संहिता लागू होने के बारे में नई तारीख 11 नवंबर निर्धारित की थी।

रोहतगी ने सुनवाई के दौरान कहा कि अध्यक्ष ने इन विधायकों को अयोग्य घोषित करने के लिए दायर आवेदन पर जवाब देने के लिए सात दिन का अनिवार्य समय नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एक सदस्य को इस्तीफा देने का अजेय अधिकार है। देखना सिर्फ यह है कि ए इस्तीफा स्वेच्छा से दिया गया है या नहीं। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष की सारी कार्यवाही में प्रतिशोध और दुर्भावना की बू आती है क्योंकि इन विधायकों को जवाब देने के लिए समुचित अवसर नहीं दिया गया था। रोहतगी ने कहा कि अनुच्छेद 32 के तहत इन विधायकों द्वारा दायर याचिका विचार योग्य है और इसमें संविधान पीठ के पास भेजने जैसा कोई सवाल नहीं है। सुनवाई के दौरान जब इस मामले को संविधान पीठ को सौंपने का मुद्दा उठाया गया तो पीठ ने कहा, हमे आसन्न चुनाव के बारे में जानकारी है।



नई दिल्ली में बुधवार को एक प्रशिक्षण शिविर के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू प्रमुख नीतीश कुमार का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता

# आतंकवादी संगठन संबंधी टिप्पणी को लेकर मप्र में पूर्व भाजपा विधायक के खिलाफ मामला दर्ज

एजेंसी। भोपाल

**भोपाल मध्य** के पूर्व भाजपा विधायक सुरेंद्र नाथ सिंह के खिलाफ दो समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देने वाली सांप्रदायिक टिप्पणी करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। बुधवार को यह जानकारी दी। सिंह ने एक अलग पंथ के व्यक्ति के साथ अपनी पुत्री के संबंध को लेकर कथित सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। सिंह की पुत्री भारती सिंह (28) पिछले कुछ दिनों से लापता थी और उसे भोपाल से उसके दोस्त फहीम खान (32) के साथ भोपाल लाया गया। इसके बाद सिंह ने कथित तौर पर विवादास्पद टिप्पणी की। सिंह ने मंगलवार की रात संवाददाताओं से कहा था, ऐसा नहीं है कि केवल वे (मुस्लिम) आतंकवादी संगठन बना सकते हैं। हम ऐसा क्यों नहीं कर सकते? उनकी बेटी की उस समय एक सरकारी केंद्र में काउंसलिंग की जा रही थी। सिंह के बयान के बारे में पूछे जाने पर मध्य प्रदेश कांग्रेस के मीडिया समन्वयक नरेंद्र सलूजा ने बुधवार को भाषा से कहा, कानून हाथ में लेने की किसी को इजाजत नहीं है। जो भी इस तरह की हरकत सरकार के सामने आएगी, उस पर हमारी मध्य प्रदेश सरकार कानूनी कार्वाई करेगी। किसी को भी नहीं बख्शेंगे।

हबीबगंज पुलिस ने सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 153 (धर्म के आधार पर दो समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देना) और 505 के तहत मामला दर्ज किया गया है। हबीबगंज थाने के निरीक्षक पी सक्सेना ने कहा, हमारे पास एक वीडियो है जिसमें पूर्व विधायक सिंह को एक विवादित बयान देते हुए सुना जा सकता है। हम इसकी व्यापक जांच कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। भारती के 15 अक्टूबर को लापता होने के बाद सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। सिंह ने बुधवार को भाषा से कहा, दुनिया के सभी आतंवादी संगठन इस्लामी हैं। अगर वे हम पर हमला करेंगे तो हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हिन्दुओं को लव जिहाद के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। दुनिया में आजकल लव जिहाद का माहौल चल रहा है। यदि उनके (मुस्लिमों) द्वारा लव जिहाद के तहत हिन्दू लड़कियों का धर्म परिवर्तन कराया जाएगा, तो हमें संगठित होना पड़ेगा। हमें समाज के लिए संघर्ष करने होगा।

सोमवार की रात भारती सिंह और फहीम खान का महाराष्ट्र के जलगांव जिले के निंबोरा थानांतर्गत एटवा गांव में पता लगा। अधिकारी ने बताया कि भारती को मंगलवार को अदालत में पेश किया। उसने अदालत में कहा कि वह अपने पिता के घर लौटना चाहती है। कॉउंसलिंग के बाद वह माता-पिता के घर लौट गई। खान को भी भोपाल में उसके घर भेज दिया गया है। सिंह पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में भोपाल मध्य सीट से कांग्रेस के आरिफ मसूद से हार गए थे। उन्होंने अपनी बेटी के गायब होने के पीछे आरिफ मसूद का हाथ होने का आरोप लगाया था। इस पर आरिफ मसूद से कहा, मैं इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। मैंने इसे अल्लाह पर छोड़ दिया है। इससे पहले भारती ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर पुलिस सुरक्षा की मांग की थी और दावा किया था कि एक विधायक के बेटे के साथ उसकी शादी करने के लिए बाध्य करते हुए उसे इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं। एक स्थानीय न्यूज चैनल ने एक वीडियो का प्रसारण किया था जिसमें भारती अपनी कथित पीड़ा के बारे में बात कर रही है। इसके अलावा, उसने कहा था कि वह मानसिक रोगी नहीं है जैसा उसके परिवार वालों द्वारा दावा किया जा रहा था।



बेंगलुरू में कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा कित्तूर रानी चनम्मा के जन्मदिवस पर मूर्ति पर माला पहनाते हुए

## 200 से अधिक कर्मियो को चीनी सेना से बेहतर संवाद के लिए मंदारिन सिखाई गई

**नई दिल्ली।** आईटीबीपी के 200 से अधिक अधिकारियों और जवानों को सीमा पर गतिरोध के दौरान चीनी सैनिकों से साथ बेहतर संवाद के लिए मंदारिन सिखाई गई है। आईटीबीपी के महानिदेशक सुरजीत सिंह देशवाल ने आईटीबीपी के 58वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन खबरों को भी खारिज किया। आईटीबीपी (भारत-तिब्बत पुलिस बल) की संचालन कमान सेना को सौंपी जा सकती है। हमने मंदारिन भाषा बोलने और समझने के लिए 200 से अधिक कर्मियों को प्रशिक्षित किया है। हम अपने कर्मियों को लगातार प्रशिक्षण दे रहे हैं। उन्हें गतिरोध के दौरान गलतफहमियां दूर करने और सहभागिता-स्तर को बेहतर करने में मदद मिलेगी। देशवाल से जब आईटीबीपी की संचालन कमान सेना को दिए जाने की खबरों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि आईटीबीपी सेना की तरह ही अच्छा है।

## हरीश रावत के खिलाफ विधायकों की खरीद फरोख्त का मामला दर्ज

● भाजपा के मंत्री का भी नाम

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत और उनकी तत्कालीन सरकार में मंत्री रहे हरक सिंह रावत के खिलाफ विधायकों की खरीद-फरोख्त की कथित कोशिश में शामिल होने के लिए मामला दर्ज किया है। हरक सिंह रावत फिलहाल भाजपा नीत उत्तराखंड सरकार में मंत्री हैं।

सीबीआई ने 23 मार्च 2016 की एक कथित वीडियो को लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया। उस समय राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू था। वीडियो में रावत भाजपा में जाने वाले असंतुष्ट विधायकों के समर्थन को वापस पाने के लिए कथित रूप से पैसे को लेकर चर्चा करते हुए दिख रहे हैं, ताकि वह वापस सत्ता पा सकें।

हरीश और हरक सिंह रावत के अलावा प्राथमिकी में स्टिंग ऑपरेशन करने वाले नोएडा स्थित चैनल समाचार प्लस के प्रधान संपादक उमेश शर्मा का नाम भी शामिल है। हरक सिंह रावत पहले हरीश रावत सरकार में मंत्री थे, बाद में वह भाजपा में शामिल हुए और त्रिवेन्द्र सिंह रावत सरकार में मंत्री बनाए गए।

वीडियो को विश्लेषण के लिए गुजरात के गांधीनगर की फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया था। जो यह बताता है कि रिकॉर्डिंग वास्तविकै थी और वीडियो फ़ाइलों में जोड़न हटाने छेड़छाड़ रूपांतरण का कोई सबूत नहीं मिला है। सीबीआई ने इस मामले में प्राथमिक जांच की एक सीलबंद रिपोर्ट अदालत में पेश की थी जिस पर हाल ही में उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने सीबीआई को इस मामले में आगे बढ़ने और रावत के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था।

## पुलिस ने जम्मू रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा अभ्यास किया

**जम्मू।** दिवाली और जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के मद्देनजर आम सुरक्षा अलर्ट के बीच स्थानीय पुलिस ने रेलवे की विभिन्न सुरक्षा इकाइयों के साथ मिलकर बुधवार को जम्मू रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा अभ्यास किया। उप मंडलीय पुलिस अधिकारी अनिता पवार ने जम्मू रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। इससे पहले, सुरक्षा कर्मियों ने रेलवे स्टेशन परिसर और पटरियों पर सुरक्षा जांच की थी, जिसमें खोजी कुत्तों को भी लगाया गया था। अधिकारियों ने बताया कि इस खोज अभियान में, स्थानीय पुलिस, राजकीय रेलवे पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल और भारत तिब्बत सीमा पुलिस के कर्मियों ने हिस्सा लिया था। त्यौहारी मौसम होने की वजह से जम्मू रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में यात्रियों के आने की संभावना है। पवार ने राष्ट्र विरोधी तत्वों के मंसूबों को नाकाम करने के लिए जीआरपी अधिकारियों से अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा है।

## भाजपा विधायक ने की टीपू सुल्तान से संबंधित पाठ हटाने की मांग

एजेंसी। बेंगलुरु

**भाजपा विधायक** अप्पाचु रंजन ने बुधवार को मांग की कि पाठ्य पुस्तकों से मैसूर रियासत के 18वीं सदी के विवादास्पद शासक टीपू सुल्तान से संबंधित पाठ को हटाया जाना चाहिए। कर्नाटक के मैदिकेरी निर्वाचन क्षेत्र से विधायक रंजन ने कहा, टीपू सुल्तान से संबंधित पाठ में गलत सूचना है। उन्होंने बुधवार को कहा, यह (पाठ) हटाया जाना चाहिए। मैंने शिक्षा मंत्री एस सुरेश कुमार को लिखा है कि वह (टीपू सुल्तान) कोई स्वतंत्रता सेनानी नहीं था।

विधायक ने कहा कि टीपू का इतिहास शासन के विस्तार के लिए लूटपाट का रहा और वह अपने प्रशासनिक कार्यों को फारसी भाषा में अंजाम देता था। उन्होंने कहा, इसलिए वह स्वतंत्रता सेनानी नहीं है। रंजन ने कहा, मैं मंत्री को व्यक्तिगत रूप से पत्र सौंपने बेंगलुरु आया, लेकिन वह बेलगावी में हैं। उनके यहां आने पर मैं उन्हें अपने दावे के समर्थन में सबूतों और दस्तावेजों के साथ पत्र सौंपूंगा।

उन्होंने आरोप लगाया कि टीपू ने 20 हजार से अधिक ईसाइयों और 10 हजार कोडागू निवासियों का धर्म परिवर्तन कराया। रंजन ने कहा, यहां तक कि आज, कोडागू जिले के मुस्लिमों के पारिवारिक नाम हिन्दू कोडावास लोगों से मिलते-जुलते हैं।

विधायक ने आरोप लगाया कि टीपू ने कई नगरों और जगहों का नाम बदलकर उन्हें फारसी नाम दिया था। उन्होंने कहा, रिकॉर्ड उपलब्ध हैं कि उसने (टीपू) अनेक मंदिरों को भी लूटा था। इसलिए गलत सूचना नहीं फैलाई जानी चाहिए और केवल सच सामने आना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि राज्य की भाजपा सरकार ने 30 जुलाई को टीपू के वार्षिक जयंती समारोह को रद्द कर दिया था जो 2015 से आयोजित हो रहा था। सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 10 नवंबर 2015 के दिन से टीपू जयंती का वार्षिक कार्यक्रम शुरू किया था। इसे पिछले साल एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व वाली कांग्रेस-जद(एस) सरकार ने भी बरकरार रखा था।

## नीमच जिले में सिंथेटिक दूध बनाने की एक इकाई का पर्दाफाश

**नीमच ( मध्य प्रदेश )।** नीमच जिला प्रशासन ने बुधवार को दावा किया है कि उसने नीमच जिले में सिंथेटिक दूध बनाने की एक इकाई का पर्दाफाश किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस इकाई से सिंथेटिक दूध बनाकर मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में उसकी आपूर्ति की जा रही थी। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट विनय धोका ने भाषा को बताया कि नीमच जिला मुख्यालय से करीब 70 किलोमीटर दूर जिले के आखरी तहसील मुख्यालय के तहत इलाके रामपुरा में सिंथेटिक दूध बनाए जाने की सूचना प्रशासन को मिली थी। उन्होंने बताया कि बुधवार को मुखबिर की सूचना पर जिला कलेक्टर अजय गंगवार के निर्देश पर एक टीम गठित की गई। एसडीएम अरविन्द माहोर के साथ मुख्य खाद्य निरीक्षक संजीव मिश्रा, नापतोल विभाग के अफसर और पुलिस बल ने जब महावीर दूध डेयरी पर छापा मारा तो वहां बड़े पैमाने पर पाम ऑयल, डिटर्जेंट और केमिकल मिला, जिससे सिंथेटिक दूध बनाया जा रहा था। धोका के अनुसार मौके पर मौजूद मुख्य खाद्य निरीक्षक संजीव मिश्रा ने बताया कि इस डेयरी द्वारा मात्र 5,000 लीटर दूध प्रतिदिन गाँवों से इकट्टा किया जाता है, जबकि इस डेयरी से प्रतिदिन 15,000 से 20,000 लीटर दूध की मध्य प्रदेश और राजस्थान के कई हिस्सों में आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि हमने इसके नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं और इसकी रिपोर्ट आने के बाद डेयरी के संचालक के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।




पटना में बिहार के मुख्यमंत्री से मनोज सिन्हा के हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग करती पत्नी रिचा सिन्हा को रोकते पुलिस सुरक्षाकर्मी

## गोवा और तटीय महाराष्ट्र एवं कर्नाटक में शुक्रवार को भारी बारिश के आसार

**मुंबई।** भारतीय मौसम विभाग ने आगामी शुक्रवार को तटीय कर्नाटक के अलावा तटीय कोंकण एवं गोवा में भी मूसलाधार बारिश की आशंका जताते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने बुधवार को बताया कि 24 घंटे में 204.5 मिलीमीटर या इससे अधिक बारिश को मूसलाधार बारिश की श्रेणी में रखा जाता है। मौसम विभाग के मुंबई केंद्र ने अरब सागर में चक्रवाती संचरण के प्रबल होने के बाद कोंकण, गोवा एवं तटीय कर्नाटक के लिए परामर्श जारी किया। इस बीच मौसम विभाग के गोवा केंद्र ने गुरुवार के लिए भी रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुंबई केंद्र के अधिकारी ने बताया, चक्रवाती संचरण की वजह से पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र के मराठवाड़ा, पश्चिमी महाराष्ट्र और कोंकण क्षेत्र में बारिश हो रही है। आने वाले 24 घंटे में अरब सागर में दबाव के चलते बारिश का दौर और तेज होगा। उन्होंने कहा, रेड अलर्ट का मतलब है कि संबंधित इलाकों में बहुत भारी बारिश होगी। यह कोंकण के सिंधुदुर्ग और रत्नागिरी जिलों के लिए जारी किया गया है। अन्य इलाकों में अपेक्षाकृत कम तीव्र वर्षा गुरुवार और शुक्रवार को होगी। महाराष्ट्र राज्य आपदा मोचन इकाई के अधिकारी ने बताया कि रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग के जिला आपदा प्रबंधन निकाय को भारी बारिश के मद्देनजर तैयारियां करने को कहा गया है। इस बीच, प्रभावित क्षेत्रों के मछुआरों को भी समुद्र में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

## समय पर कराएं जाएं सहकारी संस्थाओं और मंडियों के चुनाव : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि राज्य में सभी सहकारी संस्थाओं और कृषि मंडी समितियों के चुनाव समय पर कराए जाएं। उन्होंने कहा कि इससे लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण की भावना को और मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यहां सहकारिता एवं कृषि से संबंधित विषयों पर समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए निर्देश दिए कि इसके लिए यदि नियमों या अधिनियम में बदलाव अथवा संशोधन की आवश्यकता हो तो किए जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रबी सत्र के लिए फसली ऋण वितरण, समर्थन मूल्य पर मूंग, उड़द, सोयाबीन एवं मूंगफली की खरीद, फसल बीमा योजना आदि की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के लिए पूरी तरह संवेदनशील है और उनके हित के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी।



गहलोत ने कहा कि राज्य में ग्राम सेवा सहकारी समितियों, दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों, क्रय विक्रय सहकारी समितियों, सहकारी उपभोक्ता भंडारों, राजफैड, कॉनफैड, सीसीबी, शीर्ष सहकारी संस्थाओं एवं मंडियों के समय पर चुनाव नहीं होने से इन संस्थाओं में जनभागीदारी कम होती है। सरकार की इस पहल से राज्य की लगभग 25 हजार सहकारी संस्थाओं और 144 कृषि मंडियों में समयबद्ध रूप से चुनाव हो सकेंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सहकारिता विभाग ने सहकारी संस्थाओं के चुनाव के लिए राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण में निर्वाचन प्राधिकारी की नियुक्ति कर दी है। गहलोत ने रबी सत्र के लिए खाद-बीज की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानों को कृषि आदान की उपलब्धता में कोई परेशानी नहीं आने दी जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को रबी सत्र के लिए सहकारी फसली ऋण वितरण के लिए धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में बजट का प्रावधान है।

## कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह ने की चौहान से मुलाकात

एजेंसी। भोपाल

**मध्य प्रदेश** के चाचौड़ा को 53वां जिला बनाए जाने की मांग को लेकर अपने बड़े भाई एवं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बंगले के बाहर अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठने के एक दिन बाद कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवराज सिंह चौहान से यहां मुलाकात की। चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक लक्ष्मण एवं चौहान ने इसे शिष्टाचार मुलाकात बताया है। यह मुलाकात यहां चौहान के घर पर हुई। लक्ष्मण ने कहा कि हमारी इस मुलाकात का कोई दूसरा मतलब नहीं निकाला जाना चाहिए।

चौहान ने कहा, हम दोनों अक्सर मिलते रहते हैं। हम चाचौड़ा को जिला बनाने की मांग का भी समर्थन करते हैं। इससे पहले, मंगलवार को चाचौड़ा को 53वां जिला बनाया जाने की मांग को लेकर वह दिग्विजय सिंह के बंगले के बाहर अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठे थे। इस दौरान, दिग्विजय अपने बंगले में आए, लेकिन उनके इस धरने को नजरअंदाज करते हुए सीधे अपने घर के अंदर घुस गए।

धरने पर बैठे चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक लक्ष्मण सिंह ने मीडिया को बताया था कि चाचौड़ा को जिला बनाया जा रहा है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ 26 जुलाई को सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा भी कर चुके हैं।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने कहा था कि दिग्विजय सिंह के साथ चाचौड़ा आएंगे। इसलिए दिग्विजय तिथि दे दें कि वह कब चाचौड़ा आएंगे। बस हम यही चाहते हैं। जल्द से जल्द चाचौड़ा आकर उसे जिला बनाने की घोषणा को अमलीजामा पहनाएं।

## छत्तीसगढ़ में फर्जी डिग्रियां बेचने वाला गिरफ्तार

एजेंसी। रायपुर

**छत्तीसगढ़** के रायपुर में 52 वर्षीय व्यक्ति को कथित रूप से मेडिकल डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के फर्जी प्रमाण पत्र बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि आरोपी की पहचान शैलेंद्र कुमार ग्वारले के रूप में हुई है जो अधिकतर गांवों के बेरोजगार युवकों को निशाना बनाता था और 2013 से अपने फर्जी संस्थान के जरिए बीएएमएस, डीएएमएस तथा एमबीबीएस की फर्जी डिग्रियां बेच रहा था। उन्होंने कहा कि वह आमतौर पर एक प्रमाण-पत्र के लिए 50 हजार रुपए लिया करता था। रायपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रफ्फुल ठाकुर ने कहा यहां एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ग्वारले को मंगलवार रात यहां सुंदर नगर इलाके से गिरफ्तार किया गया। एक पीडति की शिकायत पर यह मामला सामने आया।

## प्रतिबंध के बावजूद बिक रही ई-सिगरेट, जागरूकता पर दिया जोर

**नई दिल्ली।** अध्यादेश के जरिए ई-सिगरेट की बिक्री पर रोक लगाए जाने के फैसले को एक महीने से अधिक का समय बित चुका है लेकिन इसकी ऑनलाइन बिक्री जारी है। इसके मद्देनजर कई विशेषज्ञों ने ग्राहकों और कारोबारियों को जागरूक बनाने पर जोर दिया है।

केंद्र सरकार ने 18 सितंबर को अध्यादेश जारी कर धूम्रपान के वैकल्पिक उपकरणों के विनिर्माण, उत्पादन, आयात-निर्यात, वितरण, परिवहन, बिक्री, संग्रहण और विज्ञापन को संज्ञेय अपराध बनाते हुए कारावास एवं जुर्माने का प्रावधान किया था। बहरहाल, विधि एवं चिकित्सा विशेषज्ञों ने प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से ई-सिगरेट की बिक्री खासतौर पर ग्रामीण इलाकों में बढ़ने की आशंका जताई है।

गुवाहाटी के अस्पताल में क्लिनिकल सूक्ष्म जीव विज्ञान के विशेषज्ञ मुकुल वाजपेई ने कहा कि अब सरकार की जिम्मेदारी है कि वह ई-सिगरेट पर प्रतिबंध के कारणों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर को लेकर लोगों को जागरूक करे। उन्होंने कहा, निश्चित तौर पर सरकार का यह कदम अच्छा है, लेकिन उसे समझना होगा कि अवैध ई-सिगरेट की बिक्री रोकने के लिए निगरानी व्यवस्था मजबूत करनी होगी क्योंकि जब भी ऐसे प्रतिबंध लगाए जाते हैं अवैध बिक्री बढ़ जाती है।

लखनऊ स्थित सरस्वती चिकित्सा महाविद्यालय में पैथोलॉजी के प्रोफेसर रिगवर्धन ने कहा कि ई-सिगरेट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा, कानून बनाना एक बात है लेकिन वास्तविक चुनौती प्रभावी तरीके से इसे लागू करना है क्योंकि हम जानते हैं कि इलेक्ट्रॉनिक निकोटिन डिलवरी सिस्टम (ईएनडीसी) अब भी ऑनलाइन उपलब्ध हैं और उनके युवाओं तक पहुंचने का खतरा है।



कोलकाता में नोबल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी दुकान से शापिंग करके बाहर निकलते हुए

# मतदाताओं में उत्साह की कमी

## हरियाणा व महाराष्ट्र में घटा मतदान प्रतिशत

**हरियाणा** व महाराष्ट्र में भाजपा की शानदार विजय की भविष्यवाणी करने वाले इक्जिट पोलों ने एक चीज पर ध्यान नहीं दिया है। टीवी चैनलों के शोर-शराबे के बीच हरियाणा में पिछले 50 तथा महाराष्ट्र में पिछले 39 वर्ष में सबसे कम मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, हरियाणा 63.55 प्रतिशत व महाराष्ट्र में 56.65 प्रतिशत मतदान हुआ। हरियाणा में यह 1968 के बाद व महाराष्ट्र में 1980 के बाद सबसे कम है। यह मतदान प्रतिशत 2014 में राज्य व लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत से काफी कम है। इसका अर्थ है कि ज्यादा जागरूकता व मतदान स्थलों की संख्या बढ़ने के बावजूद लगभग आधे मतदाताओं ने वोट नहीं दिया। मतदाता संभवत: स्थानीय स्वशासन के मुद्दों में ज्यादा दिलचस्पी लेते हैं, इसलिए राष्ट्रीय मुद्दों के बजाय विधानसभा चुनाव स्थानीय मुद्दों पर होने पर मतदान प्रतिशत अधिक होता। स्पष्ट है कि मतदाताओं में उत्साह की कमी है। लोकसभा चुनाव परिणामों से प्रधानमंत्री मोदी की छवि असाधारण रूप से बड़ी हुई है और राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा उनकी अनुगामी मानी जाती है। संभवत: मतदाता समझते हैं कि केन्द्र व राज्य में एक ही पार्टी की सरकार होने पर स्थानीय मुद्दों का समाधान केन्द्रीय स्तर पर होगा। हो सकता है कि उनकी सुस्ती का यह कारण हो। हालांकि, देवेंद्र फडनवीस व मनोहर लाल खट्टर ने अपनी स्थिति मजबूत की है, पर वे क्रमश: गैर-मराठा व बाहरी हैं। इसका असर हो सकता है। फडनवीस के क्षेत्र में मतदान 2014 में 56.44 से घट कर 49.25, जबकि खट्टर के करनाल में 67.84 प्रतिशत से घट कर



49.30 प्रतिशत रह गया है। लोकसभा में भाजपा की भारी विजय के बाद अब बहुसंख्यकवादी विमर्श हावी है तथा पार्टी आक्रामक रूप से 'वन इंडिया' सोच को बढ़ावा दे रही है। विपक्षी पार्टियों का सामूहिक सफाया तथा एकमात्र महत्वपूर्ण राष्ट्रवादी पार्टी कांग्रेस भी बदहाल है। इसका अर्थ आम आदमी द्वारा यह स्वीकार करना है कि भाजपा के प्रभुत्व वाले राज्यों में 'कोई विकल्प नहीं हो सकता है।' इस समझदारी व मजबूत प्रतिद्वंद्वी न होने के कारण अनेक मतदाताओं ने वोट देने में रुचि नहीं दिखाई।

अलग विचार रखने वालों में असहाय होने की भावना है और वे सोचते हैं कि उनके वोट से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। लगातार दो बार प्रचंड बहुमत से विजय का अर्थ है कि भाजपा के 'मैत्रीपूर्ण' राज्यों में उसकी बहुत कम सीटें 'असुरक्षित' हैं। इसके साथ ही राज्य स्तर पर सत्तारूढ़ पार्टी ऐसे कोई वादे नहीं कर रही है जिस पर मतदाता निर्णय लें। इससे यह भावना पैदा हो रही है कि कोई उनकी बात नहीं सुनेगा। यह स्थिति खतरनाक है क्योंकि इससे लोकतंत्र में चुनाव का महत्व घटता है और यह व्यक्तित्व आधारित तथा राष्ट्रपति चुनाव शैली की बहस में बदल जाता है। इसका यह अर्थ हो सकता है कि विपक्ष के लिए प्रतिबद्ध मतदाता अपने सरोकार उठाने वाली राजनीतिक पार्टियों की अप्रासांगिकता से निराश हैं। हरियाणा व महाराष्ट्र में कांग्रेस अपनी गुटबाजी के कारण विभाजित रही तथा उसके नेता एक दूसरे का विरोध करते रहे। महाराष्ट्र में कई प्रमुख नेता उसे छोड़ कर चले गए। आश्चर्य नहीं कि इसके कारण मतदाताओं का उत्साह ठंडा हुआ और इसका प्रभाव नौजवान मतदाताओं पर अधिक पड़ा, जबकि बुजुर्ग मतदाताओं के बड़े हिस्सों ने वोट दिए। यह स्थिति नई नहीं है। ब्रिटेन में भी मतदाताओं के बड़े हिस्से ने 'विशिष्ट राजनेताओं' को छोड़ दिया है। इससे राजनेता वर्ग को अपनी लोकप्रियता का भ्रम पैदा हो सकता है, जबकि मतदान का अर्थ संतुलन एवं नियंत्रण सुनिश्चित करना है।

# महिलाओं की खुशी का रास्ता

महिलाओं व उनके स्वास्थ्य, साक्षरता एवं रोजगार की स्थिति पर एक हालिया सर्वेक्षण से स्पष्ट है कि डिजिटल क्रांति से सर्वाधिक कारगर समाधान निकाले जा सकते हैं। यह महिलाओं की खुशी का रास्ता है।



**बिन्दू डाल्मिया**
लेखिका नीति आयोग से संबद्ध हैं)



पिछले सप्ताह मुझे नागपुर में 'भारत में महिलाओं की स्थिति' रिपोर्ट जारी करने काअवसर मिला। यह समग्र सर्वेक्षण संघ से जुड़े संगठन दृष्टि स्त्री ने कराया है। इस विचारोत्तेजक सर्वेक्षण पर मैंने अपनी प्रतिक्रिया दो भागों में दी है। इस रिपोर्ट में महिलाओं की समस्यायें रेखांकित करते हुए बताया गया है कि कैसे उनकी अधिकांश समस्याओं का समाधान देश में जारी व्यापक डिजिटल क्रान्ति के माध्यम से किया जा सकता है। हालांकि 74,000 का नमूना आकार बड़ा है, पर तथ्य है कि इसमें शामिल अधिकांश लोग महानगरों तथा उच्च साक्षरता वाले राज्यों, जैसे कर्नाटक, तमिलनाडु व केरल से हैं। इसमें ज्यादातर जानकारियों बैंकरों, वकीलों, कार्पोरेट कार्यकारियों आदि से ली गई हैं। रिपोर्ट का औसत और बेहतर हो सकता था। चूंकि असली भारत गांवों में रहता है तथा इसमें शहरों का महत्वाकांक्षी वर्ग भी शामिल है। रिपोर्ट के कुछ अंश आंखें खोलने वाले हैं, जबकि कुछ पूर्व धारणाओं की पुष्टि करते हैं।

निम्न तथ्यों से किसी को आश्चर्य नहीं होगा। हाल ही में भारत विश्व आर्थिक मंच-डब्लूईएफ के वैश्विक प्रतियोगिता सूचकांक में दस स्थान नीचे चला गया है। इसका संबंध रोजगार पाने की खराब क्षमता, श्रमिक अधिकार संरक्षण की कमी तथा कार्यबल में महिलाओं की संख्या बहुत कम होने से है। पिछले वर्ष कराए सर्वेक्षण में ये तीनों आयाम ठीक से शामिल किए गए हैं जिनसे दृष्टि की सही क्रियाविधि पुष्ट होती है।

आदिवासी क्षेत्रों के कामगारों को कम मजदूरी मिलती है तथा असंगठित क्षेत्र में घरेलू कामगारों को मानव व्यापार व अमानवीय शोषण का शिकार भी होना पड़ता है। इसलिए रोजगार देने वाली एजेंसियों को सरकार द्वारा मान्यता मिलनी चाहिए तथा उनका विनियमन सुनिश्चित होना चाहिए। कामगारों की चिकित्सा कवरेज, श्रम की गरिमा व न्यूनतम वेतन सुनिश्चित होना चाहिए। सर्वेक्षण से स्पष्ट है कि मतदान में महिलाओं का प्रतिशत बढ़ा है। इससे स्थानीय व राष्ट्रीय मुद्दो की उनकी समझदारी सुनिश्चित होती है और उनका चुनावी प्रदर्शन बेहतर हो सकता है।

सर्वेक्षण के अनुसार यह भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि महिलायें, खासकर ग्रामीण महिलायें अपने जीवन में विपरीत स्थितियों का सामना कर सकें। कोई भी समाजविज्ञानी बताएगा कि अति-निर्भरता बहुत बुरी स्थिति है, इसलिए महिलाओं को हर स्थिति से निपटने में सक्षम होना चाहिए।

जीवन प्रत्याशा बढ़ने के कारण पत्नियां कई बार पतियों से अधिक जीवन जीती हैं। अत: आर्थिक निर्भरता से बचाने के लिए उनको परिवार की बचत के संबंध में निर्णय लेने में सहभागी बनाया जाना चाहिए। उनको टाइटिल-डीड, वित्तीय सिक्यूरिटीज़ तथा बचत के अन्य उपकरणों के बारे में शिक्षित होना चाहिए। रिपोर्ट से इस बात की पुष्टि होती है कि 'आज एक-तिहाई महिलायें परिवार के निर्णय लेने में सहभागिता करती हैं', जबकि पहले यह पुरुष प्रभुत्व वाला क्षेत्र था। सर्वेक्षण ने हाईस्कूल तक उच्च ड्रापआउट दरों पर गौर करते हुए बताया है कि 18 से 30 वर्ष की आयु में परिवार की जिम्मेदारियां संभालने के कारण महिलाओं की रोजगार में उपस्थिति कम हो रही है, जबकि अधिकांश मामलों में यह अधिकतम कमाई का समय होता है। वैश्वीकृत अर्थव्यवस्थाओं का भविष्य बेहतर होने से रोजगारों में महिलाओं की सहभागिता बढ़ेगी। दुख की बात है कि जेंडर असमानता सूचकांक में शामिल 136 देशों में भारत का स्थान 132वां है। जेंडर समानता मूलभूत मानवाधिकार है और यह उपलब्धि सामाजिक-आर्थिक उपलब्धियों के मामले में महत्वपूर्ण है। महिलाओं के सशक्तीकरण से अर्थव्यवस्था मजबूत होती है, महिलाओं का आत्मसम्मान बढ़ता हे तथ उनको घरेलू हिंसा से मुक्ति मिलती है। सर्वेक्षण में बताया गया है कि जन धन योजना में महिलाओं के 79 प्रतिशत व्यक्तिगत बैंक खाते खुले हैं जो वित्तीय समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। लेकिन उपयुक्त आमदनी के बिना केवल बैंक खाता खोलना काफी नहीं है। दृष्टि अध्ययन से स्पष्ट है कि नाबार्ड के अखिल भारतीय नतीजे बड़े नमूना आकार पर आधारित हैं जिसके अनुसार औसत आमदनी 5,000 से 20,000 रुपये के बीच है। दृष्टि के विचार से साक्षरता, स्वास्थ्य व रोजगार क्षेत्रों में सर्वाधिक महत्वपूर्ण समाधान वर्तमान समय में जारी डिजिटल क्रान्ति से सामने आएंगे।

आर्थिक अवसरों में वृद्धि के माध्यम से ही प्रति व्यक्ति आय व प्रति व्यक्ति बचत को बढ़ावा मिल सकता है। इसका समाधान ग्रामीण भारत का तेजी से औद्योगीकरण है जिससे रोजगार के अवसर गांवों तक पहुंचेंगे। यह बढ़ते डिजिटलीकरण व आनलाइन वाणिज्य से संभव है। इसके साथ ही ग्रामीण महिलायें कौशल बढ़ाने, शिक्षा प्राप्त करने व रोजगार की तलाश में यात्रा करने से हिचकती हैं। ऐसे में हमें स्मार्टफोन की कीमतें कम करने तथा इंटरनेट की पहुंच बढ़ाना जरूरी है। खुशी की बात है कि स्नातक स्तर तक साक्षरता दरों में सुधार हुआ है और यह 79.63 प्रतिशत तक पहुंच गई है। लेकिन प्राथमिक साक्षरता की 46 प्रतिशत दर बढ़ाने की आवश्यकता है। मानव पूंजी सूचकांक में भारत की कम दरों में सुधार के लिए नीति आयोग ने शिक्षा पर आबंटन को वर्ष 2022 तक सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी के 6 प्रतिशत तक बढ़ाने का सुझाव दिया है जो वर्तमान समय में 3 प्रतिशत है। हमारी शिक्षा व्यवस्था बहुत लंबे समय तक गतिहीन रही है और हम चौथी औद्योगिक क्रांति के लिए तैयार नहीं हैं।

मैक्किन्से की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार इसका समाधान आजीवन सीखने तथा कौशल उन्नयन में है। इससे हम लगातार चुनौतीपूर्ण तकनीकी बाधाओं से निपटने तथा कृषि, सूचना प्रौद्योगिकी व पर्यटन आदि क्षेत्रों में सैद्धान्तिक शिक्षण से प्रायोगिक शिक्षण में पैराडाइम परिवर्तन के योग्य हो जाएंगे।

ई-कक्षाओं के माध्यम से आनलाइन शिक्षा और दूरस्थ शिक्षा के माध्यम कौशल प्रशिक्षण दे कर सरकारी स्कूलों की शिक्षण गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। गावों में स्कूलों की संरचना ठीक नहीं होती है और इसके अलावा शिक्षक-छात्र अनुपात भी खराब है। बाइजू जैसे व्यापक ई-लर्निंग मंच है जो पूरे देश में लोकप्रिय हो रहे हैं, लेकिन इनके बारे में जागरूकता की अभी कमी है। बढ़ते डिजिटलीकरण से महिलाओं के लिए ग्रामीण क्षेत्रों तथा प्रथम व द्वितीय श्रेणी के शहरों में 'घर पर रह कर रोजगार' की संभावनायें पैदा हो सकती हैं। डिजिटल वाणिज्य ने चीन में करोड़ों लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है जहां सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले कारीगर और किसान वैश्विक बाजार में आ गए हैं। भारत में खादी ग्रामोद्योग का सफल माडल हमारे सामने है जो क्लस्टरों व समुदायों को राष्ट्रीय मार्केटिंग नेटवर्कों से जोड़ता है ताकि उनकी सामग्री को बाजार के उपयुक्त मूल्य मिल सकें। भारत की प्रगति अत्यधिक नकदी वाली अर्थव्यवस्था से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर हो रही है, अत: कभी कर्ज न लेने वालों को कर्ज मिलना आसान हो गया है। इस प्रकार लोगों की कर्ज लेने की क्षमता बढ़ी है।

जहां तक स्वास्थ्यरक्षा का सवाल है, भारत में मरीज-डाक्टर अनुपात व रोगी-अस्पताल बेड अनुपात बहुत खराब है। ऐसे में हमें आनलाइन डाक्टरी सलाह की व्यवस्था करनी होगी। इससे चिकित्सा विशेषज्ञों की जानकारी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक ले जाना संभव होगा तथा रोग निदान व रोग निवारण आवश्यकतायें पूरी होंगी।

इस दृष्टिकोण से नीति आयोग ने स्वास्थ्य के लिए आबंटन जीडीपी के 3 प्रतिशत तक बढ़ाने की संस्तुति की है जो वर्तमान समय में केवल 1.5 प्रतिशत है। इसके साथ ही चिकित्सा बीमा प्रीमियम को भी महिलाओं के लिए घटाना जरूरी होगा क्योंकि वर्तमान समय में केवल 20 प्रतिशत महिलायें ही इसके क्षेत्र में आती हैं।

लेकिन सर्वेक्षण में आश्चर्य प्रकट किया गया है कि अनेक परेशानी भरी स्थितियों तथा रोजमर्रा जीवन की तकलीफों के बावजूद सकल प्रसन्नता सूचकांक-जीएचआई 80 प्रतिशत है। लेकिन सर्वेक्षण की यह बात स्वीकारना कठिन है कि 'आय का प्रसन्नता के स्तर पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।' मुझे विश्वास है कि निश्चित रूप से पैसा ही सब कुछ नहीं है, पर निश्चित रूप से यह आत्मनिर्भरता के लिए जरूरी है। इसके उलट विश्व स्वास्थ्य संगठन-डब्लूएचओ की अवसाद पर 2017 की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत सर्वोच्च 10 स्थानों में शामिल है। इससे यह भी प्रकट होता है कि पिछले आठ वर्षों में अवसाद में 50 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

पंजाब व दिल्ली की ओर देखें तो वहां नशीले पदार्थों का उपयोग बढ़ रहा है, वे पान की दूकानों में आसानी से उपलब्ध हैं, किसानों व छात्रों की आत्महत्याओं में वृद्धि हो रही है तथा तलाक की दरें बढ़ी हैं। ऐसे में जीएचआई में हमारा स्थान ऊपर कैसे हो सकता है? देश के आर्थिक विकास तथा सामाजिक प्रगति के बीच नजदीकी संबंध है और जीएचआई 'फील गुड' की अनेक तस्वीरों का मिश्रण है। यह साक्षरता स्तर बढ़ने, रोजगार स्तर, प्रति व्यक्ति आय व बचत बढ़ने, बेहतर जीवन स्थितियों, अराजकता व अपराध में कमी, सामाजिक सुरक्षा, उच्च गुणवत्ता व पहुंच वाली स्वास्थ्यरक्षा, शारीरिक व्यायाम तथा आध्यात्मिक व्यवहार से जुड़ी हैं।


# अयोध्या को शीर्ष अदालत के फैसले की प्रतीक्षा

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका प्रख्यात राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



अयोध्या, रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद, टाइटिल सूट पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के लिए तैयार हो रही है। इस फैसले से स्थल पर समुदायों के स्वामित्व अधिकार का विवाद समाप्त होने की उम्मीद है। कारसेवकों की हिंसक भीड़ तथा कुछ राजनेताओं ने 6 दिसंबर 1992 को अयोध्या में राम मंदिर से जुड़ी मस्जिद गिरा दी थी। जिसके कारण देशभर में सामुदायिक ढांचा प्रभावित हुआ था। सात पक्षों द्वारा हिन्दुओं का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में तर्क दिया है कि मध्य युग में बनाई गई बाबरी मस्जिद के पहले यह भगवान राम का जन्म स्थान था। 17 नवंबर के पहले यह फैसला आने की उम्मीद है क्यों कि भारत के प्रधन न्यायाधीश रंजन गोगोई सेवानिवृत्त हो जाएंगे। भाजपा नेता बहुत उत्साहित हैं और अपने पक्ष में निर्णय की उम्मीद कर रहे हैं। पार्टी प्रसन्न है क्योंकि उसका, ''मंदिर वहीं बनाएंगे'' नारा लगभग तीन दशक की प्रतीक्षा के बाद मूर्त रूप लेने जा रहा है। स्थानीय भाजपा नेताओं का दावा है कि प्रस्तावित मंदिर के लिए 65 प्रतिशत पत्थर तैयार किए जा चुके हैं और काफी कारसेवकों ने निर्माण के लिए स्वयंसेवक के रूप में अपना नाम दर्ज कराया है। भाजपा सांसद साक्षी महराज के अनुसार यदि फैसला हिन्दुओं के पक्ष में आता है तो प्रधानमंत्री मोदी छह दिसंबर को इसका शिलान्यास कर सकते हैं।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी कहा है कि उनको सकारात्मक निर्णय की उम्मीद है। उन्होंने निर्णय के बाद वाले परिदृश्य के लिए राज्य प्रशासन को पहले ही तैयार कर दिया है। फैजाबाद जिले का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया है और चौड़ी सड़कों, घाटों के सौंदर्यीकरण तथा प्राचीन मंदिरों की साज सज्जा के साथ इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। अयोध्या फैसले के विधिक, राजनीतिक व धार्मिक प्रभाव होंगे। हालांकि, यह फैसला विधिक आयामों को बंद नहीं करेगा पर राजनीतिक व सामुदायिक सद्भाव पर इसका प्रभाव समान रूप से महत्वपूर्ण है। संभावना है कि दोनों पक्ष सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय स्वीकार कर सकते हैं। मुस्लिम धार्मिक विद्वान व नेताओं ने कहा है कि विवाद में दोनों पक्षों से संबंधित पार्टियां फैसला स्वीकर करेंगे, चाहे वह जो भी हो।



यह भाजपा के लिए बड़ी उपलब्धि होगी क्योंकि पिछले तीन दशक से पार्टी का राजनीतिक व चुनावी भविष्य इस पर निर्भर रहा है। 90 के दशक में भाजपा ने अपना चुनाव अभियान राम मंदिर से प्रारम्भ किया था। 1992 में, बाबरी मस्जिद विध्वंस भाजपा के इतिहास तथा हिन्दुत्व की राजनीति का महत्वपूर्ण मोड़ है। वास्तव में, उस समय गुजरात के वरिष्ठ नेता के रूप में नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी की राम रथ यात्रा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिसकी शुरुआत 1990 में गुजरात के सोमनाथ से हुई थी और उसे अयोध्या पहुंचना था। लेकिन, आडवाणी की गिरफ्तारी के कारण यात्रा योजनानुसार अयोध्या नहीं पहुंच सकी। बाबरी मस्जिद विध्वंस ने न केवल देश का राजनीतिक विमर्श बदला बल्कि इसने भाजपा को राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद भाजपा को राष्ट्रीय पहचान और कद मिला। बनिया-ब्राह्मण पार्टी कही जाने वाली इस पार्टी की मजबूत उपस्थिति केवल हिन्दी पट्टी में थी, लेकिन अब यह पार्टी पूरे देश में फैल गई है तथा उसने सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को पीछे धकेल दिया है। अयोध्या एजेंडा बार-बार सामने आता है जिसके लिए संघ परिवार व उसके सहयोगी तथा सर्वाधिक महत्वपूणे रूप से भाजपा प्रयासरत रहते हैं। पार्टी ने 1996 के बाद, लगातार राम मंदिर निर्माण को अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्थान दिया है।

बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद आडवाणी ने कहा था कि यह आंदोलन के वल मंदिर निर्माण के लिए नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य हिन्दुत्व के मूल विचार सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का विस्तार करना है। इस मुद्दे अन्य राजनीतिक दल बहुत सावधानी से चलते रहे हैं जिनमें कांग्रेस, सपा, बसपा व राजद शामिल हैं। भाजपा के असाधारण उभार के बाद कांगेस नरम हिन्दुत्व की राजनीति पर चलती रही है। अत: चुनाव के पहले राहुल गांधी जैसे पार्टी नेता मंदिरों की यात्रा करने लगे हैं। सपा-बसपा व रालोद व अन्य दल जो 90 के दशक में प्रासंगिक थे, उनकी चमक अब खो गई है।

भाजपा का भावी एजेंडा इस बात पर निर्भर करेगा कि वह अपना हिन्दुत्व कार्ड कैसे खेलती है। वर्तमान समय में पार्टी मुख्यत: पूरे भारत में अपना आधार मजबूत करना चाहती है। उसे उत्तर-पूर्व व दक्षिण में स्वयं को विस्तार देना है। वह पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश व तमिलनाडु में प्रयासरत है। इसके साथ ही, आर्थिक एजेंडे को भी प्राथमिकता देनी होगी क्योंकि वह उसके नियंत्रण से बाहर जा रही है। रोजगार सृजन व अर्थव्यवस्था की प्रगति पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। लेकिन, यह करने के बजाए कहाना आसान है क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था भी मंदी का सामना कर रही है। भाजपा का अगला एजेंडा संभवत: पाक अधिकृत कश्मीर है। वास्तव में, भाजपा अध्यक्ष अमित शाह व विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अनुच्छेद 370 समाप्त करने के बाद पाक अधिकृत कश्मीर पर दावा किया है। लेकिन, अगले चुनाव में अभी काफी समय है। निश्चित रूप से, राजनीति में एक सप्ताह भी लंबा समय होता है और पांच साल बहुत लंबा समय है। इस बीच नए मुद्दे सामने आ सकते हैं।

## आप की बात

### साइबर अपराध की चुनौती

**नेशनल** क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो ने वर्ष 2017 के अपराध के जो आंकड़े प्रस्तुत किए हैं उनमें साइबर क्राइम में पिछले वर्ष के मुकाबले 71 प्रतिशत की वृद्धि न केवल चौंकाने वाली है वरन सरकारों के लिए एक नया सिरदर्द बनती जा रही है। 2016 में देश में साइबर क्राइम के 12,317 मामले दर्ज किए गए लेकिन 2017 में ऐसे मामलों की संख्या बढ़कर 21 हजार हो गई है। इन अपराधों में 4000 से ज्यादा मामले महिलाओं से जुड़े हैं। ब्यूरो ने स्टॉकिंग और बुलिंग जैसे नेटवर्किंग से जुड़े साइबर अपराधों का आंकड़ा भी दर्ज किया है। ऐसे अपराध 2017 में 542 दर्ज किए गए जिनमें महाराष्ट्र में आधे से ज्यादा मामले हैं। गरीब से लेकर अमीर और नेता से लेकर अभिनेता अभी इसकी जद में हैं खासतौर पर महिलाएं साइबर क्राइम की सॉफ्ट टारगेट मान ली जाती हैं। अभी हाल में ही ताजा मामला केरल की एक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अभिनेत्री मंजू वरियर का है जिसने सोशल मीडिया पर अपने खिलाफ अभियान चलाने का आरोप लगाते हुए एक फ़िल्म निर्देशक कीं शिकायत दर्ज कराई है। देश में बढ़ते अपराधों में साइबर अपराधों में हैकिंग ईमेल स्पैम, हैकिंग, बुलिंग, ठगी, भय और अफवाहें फैलाना, देश विरोधी प्रचार आदि शामिल हैं।

-**बिजेंद्र कुमार**, दिल्ली विविद्यालय

### गोवंश की दुर्दशा

**गौवध** पर प्रतिबंध लगाए जाने के साथ ही पशु मेलों में गौरक्षकों के भय से गौवंश की बिक्री बंद होने से दूध न देने वाली गायें अब कृषि अर्थव्यवस्था पर बोझ बन गई हैं। गाय की कीमत घटने से महंगे चारे का खर्च उठाने में अक्षम किसान बूढ़ी व अनुत्पादक गायों को गांव के बाहर खुले क्षेत्रों में छोड़ देते हैं। बड़ी संख्या में आवारा मवेशियों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में फसलें नष्ट हो रही हैं। फसलों को नष्ट होने से बचाने के लिए किसान रातें खेतों में बने मचानों पर गुजारते हैं। इसके कारण अनेक किसान कर्ज व अवसाद का शिकार हो गए हैं। शहरी क्षेत्रों में आवारा मवेशी ट्रैफिक के लिए खतरा हैं तथा व्यस्त सड़कों पर अनेक दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं। ऐसे में गौ-संरक्षण अपना उद्देश्य खो कर जनता की सांस्कृतिक चेतना से बाहर हो गया है, जबकि गाय को माता का दर्जा प्राप्त था। बूढ़ी व दूध न देने वाली गायें भूख प्यास से मर रही हैं। गायों के परिवहन पर कठोर नियंत्रण के बाद अब भैंसें उनका स्थान ले रही हैं। सात साल पहले हुई अंतिम गौ-गणना के अनुसार देशी गायों की संख्या में 29 प्रतिशत की कमी आई है।

- **कमलेश कुमार**, सीतापुर


### आओ मिलकर दिए जलाएं

**आइए** एक ऐसी दिवाली मनाएं जिसमें भारत के गरीब से गरीब परिवार के बच्चों के चेहरे पर भी थोड़ी से मुस्कान बिखर जाए। जरा सोचिए। दिपावली के दिन हमारे घर में उजाला होगा। खुशियों से दिवाली मनाई जाएगी। जगमग करतीं बिजली की लड़ियां लगेंगी फुलझड़ियाँ चलेंगी। हमारे पड़ोसी हमारे घर और हम अपने पड़ोसियों के घर बहुत सी सुगन्धित ,सुस्वादिष्ट मिठाईयों का आदान-प्रदान करेंगे। परन्तु आपके घर के आसपास ही बहुत से गरीबों के घर ऐसे भी होंगे जो आर्थिक रूप से इतने विपन्न होंगे कि वे इतने भी सक्षम नहीं होंगे कि वे दिवाली भी ठीक से मना पाएं। तो आइए एक छोटा सा कदम बढाएं एक प्रयास करें। कुछ पल इन मासूम गरीब बच्चों के साथ बिताएं। कुछ मिठाई ,दीए ,तेल और रुई इन बच्चों को दें। ताकि इस दिवाली में उन गरीबों के घर में भी कुछ प्रकाश और कुछ मुस्कुराहट आ जाए। गरीबों के घर में उजाला देना सबसे बड़ी दीवाली है। इस तरह हम दीपावली पर खुशियां बांट सकते हैं। उन घरों में भी अंधकार ना रहे।

- **निर्मल के शर्मा**, गाजियाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया




**गैबार्ड**, रूसियों की पसंद हैं। उन्होंने अनेक साइटों व अन्य तरीकों से उनका समर्थन किया है।

- **हिलेरी क्लिंटन**
डेमोक्रेटिक पार्टी नेता

**हिलेरी** के विरोधी सभी रूसी एजेंट हैं। यह एक घोटाला था जिसे काफी सीमा तक समाप्त किया गया है।

- **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**वे** कहते हैं कि राज्य में रामराज्य है। यह राम से धोखा है। भाजपा ने रावण से सीखा है और वह कल्युगी रावण जैसा व्यवहार कर रही है।

- **अखिलेश यादव**
समाजवादी पार्टी अध्यक्ष

# आदर्श जीवन व सांस्कृतिक मूल्यों के अधिष्ठाता हैं राम

## मुख्यमंत्री ने भारतीय भाषाओं में रामकथा के विद्वानों व थाईलैंड की खोन रामलीला के प्रशिक्षकों को सम्मानित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर भारतीय भाषाओं में रामकथा के विद्वानों, अन्तर्राष्ट्रीय रामायण चित्रकला शिविर के कलाकारों एवं थाईलैण्ड की खोन रामलीला के प्रशिक्षकों को सम्मानित किया। यह आयोजन दीपोत्सव-2019 के अवसर पर अयोध्या शोध संस्थान द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्होंने भारत के अतिप्राचीन सांस्कृतिक स्तम्भ को एक नई पहचान देने का कार्य किया है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम आदर्श जीवन एवं सांस्कृतिक मूल्यों के अधिष्ठाता हैं। मान्यता है कि जिसने भगवान श्रीराम का नाम जपा उसका जन्म और जीवन धन्य हो गया। साहित्यकारों ने अपनी लेखनी के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की गाथा को लाखों लोगों तक पहुंचाकर एक बड़ा शुभ कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अपनी कला के द्वारा रामायण के प्रसंगों को आमजन तक पहुंचाने वाले कलाकारों एवं सांस्कृतिक कर्मियों का योगदान अभिनन्दनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अयोध्या शोध संस्थान देश और दुनिया में बिखरी रामायण काल से जुड़ी सभी वस्तुओं का संकलन करने में सफल होगा। इससे हम भारत की अतिप्राचीन सांस्कृतिक विरासत को देश और दुनिया के समक्ष रखने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ी के सामने बहुत बड़ा प्रेरणा केन्द्र प्रस्तुत करने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चित्रकला एवं पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। अयोध्या शोध संस्थान द्वारा 22 भारतीय भाषाओं में रामकथा का प्रकाशन किया गया है। इनमें से 17 भाषाओं के भारतीय विद्वान नेशनल पीजी कॉलेज लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में आमंत्रित थे। इन विद्वानों में प्रयाग विवि के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर योगेन्द्र प्रताप सिंह, केन्द्रीय विवि धर्मशाला हिमाचल प्रदेश के प्रोफेसर हरमहेन्द्र सिंह बेदी, लखनऊ विवि के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सूर्य प्रसाद दीक्षित, मलयालम भाषा की विशेषज्ञ एम देवकी तथा सेमिनार संयोजक डॉ नीतू सिंह सम्मिलित थे। हरमहेन्द्र सिंह बेदी ने कहा कि पंजाब का समृद्ध साहित्य रामकथाओं से परिपूर्ण है। श्री गुरुग्रन्थ साहिब के प्रत्येक पृष्ठ में राम शब्द का उल्लेख मिलता है। लव के नाम से लाहौर तथा कुश के नाम से कसूर का नामकरण हुआ है। उन्होंने यह भी बताया कि तक्षशिला विवि में जो अध्यापन किया जाता था उसमें आदि रामायण सबसे महत्वपूर्ण हैं। दीक्षांत के अवसर पर प्रत्येक विद्यार्थी को इस ग्रन्थ के हस्तलिखित पृष्ठ भेंट किये जाते थे। इस प्रकार दक्षिण, पूर्व एशिया से लेकर सम्पूर्ण विश्व में रामकथा के विस्तार में तक्षशिला विवि का बहुत बड़ा योगदान है। 18 अक्टूबर से संचालित कला शिविर में 4 देशों के रामायण विशेषज्ञों द्वारा चित्रकला में भी भगवान श्रीराम, अयोध्या और दीपावली पर आधारित चित्र बनाये जा रहे हैं जिसमें श्रीलंका के 2, थाईलैण्ड के 6, इण्डोनेशिया से 3 सहित भारत के 10 प्रान्तों के 10 ख्यातिलब्ध चित्रकार सम्मिलित हो रहे हैं। प्रत्येक चित्रकार द्वारा दो-दो चित्र बनाये जाएंगे।

कमलेश तिवारी हत्याकांड

# हत्यारोपियों की गिरफ्तारी यूपी पुलिस की एग्रेसिव पुलिसिंग का नतीजा: डीजीपी

- गुजरात पुलिस की सफलता व यूपी पुलिस की असफलता को लेकर उठ रहे सवालों पर दी सफाई
- पुलिस के पास मजबूत साक्ष्य, फास्ट ट्रैक कोर्ट से अभियुक्तों को दिलायी जाएगी फांसी की सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हिंदू** समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या के मामले में गुजरात पुलिस की सफलता और यूपी पुलिस की असफलता को लेकर उठ रहे सवालों के बीच डीजीपी ओपी सिंह ने कहा है किया यह हमारी पुलिस की ही सक्रियता और दबाव का नतीजा है कि दोनों आरोपी यूपी के किसी भी जिले में दो-तीन घंटे से ज्यादा नहीं रुक पाए और उन्होंने यूपी छोड़ना ही बेहतर समझा समझा। हालांकि डीजीपी ने बेहतर समन्वय व सहयोग के लिए गुजरात और महाराष्ट्र पुलिस का धन्यवाद भी किया है। गुजरात राजस्थान बॉर्डर से बीते मंगलवार की रात गिरफ्तार किए गए हत्या के दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर यूपी ला रही है वहीं दूसरी ओर हत्या की साजिश मे सूरत से पकड़े गए तीनों मौलानाओं को पुलिस ने विस्तृत पूछताछ के लिए बुधवार को कस्टडी रिमांड पर लिया है।

उल्लेखनीय है कि हत्याकांड की साजिश में सबसे पहले गुजरात एटीएस ने सूरत से फैजान (21), मौलाना मोहसिन शेख (24) एवं रशीद अहमद उर्फ खुर्शीद अहमद पठान (25) को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया। इसके बाद हत्या को अंजाम देने वाले जिन दोनों हत्यारों मोइनुद्दीन व अशफाक की तलाश में यूपी पुलिस दिन-रात खाक छानती रही उन्हें भी बीते मंगलवार की रात गुजरात-राजस्थान बार्डर से गुजरात एटीएस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। यही वजह है कि इस मामले में यूपी पुलिस की असफलता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। इन सवालों पर डीजीपी ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा है कि यह बहुत बड़ी सफलता है, जिसमें उत्तर प्रदेश पुलिस, गुजरात और महाराष्ट्र की पुलिस सभी शामिल हैं। 18 अक्टूबर को हत्या के बाद उसी दिन से हमने एसआईटी का गठन किया, सारी विवेचनाओं को जोड़ने की कोशिश की। गुजरात पुलिस के अधिकारियों से हमने सम्पर्क साधा। स्वयं डीजीपी गुजरात से मैंने बात की। महाराष्ट्र और कर्नाटक की एटीएस से बात की। कुल मिलाकर स्थिति यह थी कि उनके फिजिकल एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य को एकत्र किया और अपनी विवेचना को गति दी।

डीजीपी ने कहा कि यह यूपी पुलिस का दबाव ही था कि हत्या के दोनों मुख्य आरोपी हमेशा भागते ही रहे। पुलिस का दबाव इतना था कि वह कहीं पर भी टिक नहीं पाए और उनके सारे साक्ष्यों को हम एकत्र करते रहे। इसी सिलसिले में हमने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया, उनसे पूछताछ की। कुछ लोगों को हमने पकड़ा, पूछा और फिर छोड़ दिया। बिजनौर से भी हमने कुछ गिरफ्तारियां की जो नामजद अभियुक्त थे। डीजीपी ने कहा कि कुल मिलाकर स्थिति यह थी कि हमारे पास इस केस को प्रासीक्यूट करने के लिए मजबूत साक्ष्य हैं। जिसका हम इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा कि क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम का ज्वलंत उदाहरण है जिसमें चार दिनों में इस महत्वपूर्ण और गंभीर, दुखद घटना का पर्दाफाश किया है।

उन्होंने कहा कि हमने शुरू में ही कहा था कि सारे विकल्प खुले रखकर विवेचना करेंगे। हम सभी थ्योरी को देखेंगे जो हमारे विवेचना में सफल कनवेक्शन के लिए जरूरी है। यह सेल्फ मोटीवेटेड माड्यूल हैं, स्लीपिंग माड्यूल हैं या फिर टेरर आर्गनाइजेशन का माड्यूल हैं। इन सब का हम ख्याल रख रहे हैं और जब दोनों मुख्य आरोपियों से गहन पूछताछ होगी तब सभी बातें साफ होंगी। इसके बाद ही हम कोई निर्णय लेने में सफल होंगे। हमारी टीम गुजरात पहुंच चुकी है। ट्रांजिट रिमांड पर दोनों को लखनऊ लाया जा रहा है। गुजरात एटीस की मदद हमको मिल रही है। जहां तक मोटिव का सवाल है तो 2015 का भड़काऊ बयान तो महत्वपूर्ण बिन्दु तो है ही लेकिन इसके अलावा कई ऐसे तथ्य सामने आए हैं, जिनसे मोटिव परिवर्तित होता रहा है। सघन पूछताछ के बाद ही स्थिति साफ होगी। हमारे पास पूरे साक्ष्य हैं और हम अपनी तरफ से फास्ट ट्रैक के जरिए सभी आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने का प्रयास करेंगे। डीजपी ने कहा कि इस मामले में और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं।

उन्होंने कहा कि पहले दिन से लेकर चौथे दिन तक हमारी एसआईटी ने मेहनत की है। हमने सारी इलेक्ट्रनिक ट्रेल्स को कनसालिडेट किया, उनको ट्रैक किया, उनकी समीक्षा की। सोशल मीडिया की एक्टिविटी रिपोर्ट बनायी।

हमने इंट्रोगेशन ज्वाइंटली किया। उनसे जो तथ्य सामने आए उन पर हमने काम किया। यह बात भूलने की नहीं है कि उनके परिवार के सारे लोग वहां रहते थे जिनसे उनके मूवमेंट का क्लू मिल सकता था। यह हमारी पुलिसिंग की दबाव था उन लोगों पर कि वह न सिर्फ एक टिक पाए बल्कि वह यहां से गुजरात जाना बेहतर समझा। हमारी एग्रेसिव पुलिसिंग का नतीजा वो जानते हैं वह समझते हैं कि हमारी एग्रेसिव पुलिसिंग किस प्रकार की है। हमने किस प्रकार की पुलिसिंग यहां पिछले दो-ढाई साल में की है। हमने पूरी सफलता के साथ यहां के क्राइम मैनेजमेंट को ठीक रखा है। कई हजार लोगों को गिरफ्तार किया है। कई लोग सरेंडर किए हैं अपने अपने क्षेत्र में और हमने कानून-व्यवस्था को दुरुस्त किया है।

# सपा 2022 के विधानसभा चुनाव में गठबंधन नहीं करेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सन् 2022 में राज्य विधानसभा के होने वाले चुनावों में समाजवादी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। किसी भी अन्य दल से चुनाव गठबंधन नहीं होगा। समाजवादी पार्टी अपने काम और जनता के लिए किए जा रहे संघर्ष के बल पर चुनाव मैदान में उतरेगी और जनादेश प्राप्त कर अगली सरकार बनाएगी। भाजपा को जनता सन् 2022 में सत्ता से बेदखल करने का मन बना चुकी है। अखिलेश ने यह बात बुधवार को पार्टी मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए प्रमुख कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बर्बाद हो गई है। नोटबंदी-जीएसटी के दुर्भाग्यपूर्ण निर्णयों से जनता और व्यापारी त्रस्त हैं और उद्योगधंधे बंद हो रहे हैं। बाजार में मंदी है और हर रोज नौजवान रोटी-रोजगार से वंचित किए जा रहे हैं। रुपए की साख गिरती जा रही है। प्रदेश में कर्ज लेकर सरकार अपने झूठे प्रचार का ढोल पीट रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के चलते विकास की दौड़ में उत्तर प्रदेश पिछड़ता चला जा रहा है। किसानों की आय दुगुनी तो छोड़िये अभी भी कर्ज से परेशान किसान आत्महत्या कर रहा है। शिक्षामित्र बेरोजगारी में अपनी जान दे रहे है। नौजवान को नौकरी मिल नहीं रहींए तमाम औद्योगिक संस्थानों से उनकी छंटनी हो रही है। भ्रष्टाचार असीमित है। श्री यादव ने कहा कि प्रदेश में शांति व्यवस्था की बुरी हालत के चलते प्रदेश में न तो उद्योग लग रहे हैं और नहीं निवेश हो रहा है। पुलिस निर्दोषों का एनकाउण्टर कर रही है। गरीब की कहीं सुनवाई नहीं। महिलाओं और किशोरियों के साथ दुष्कर्म में उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। भाजपा प्रदेश में आतंकवाद का माहौल बनाकर राज कर रही है। असहमति उसे बर्दाश्त नहीं है। सुप्रीमकोर्ट का भी मानना है कि यूपी में अराजकता व्याप्त हो गयी है। स्वास्थ्य और शिक्षा में राष्ट्रीय औसत में उत्तर प्रदेश की ग्रोथ कम है।

# बलात्कार मामले की जांच के लिए समिति गठित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को एक छह सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। यह समिति जनपद उन्नाव के ग्राम अहिरौरा थाना बारा सगवर के निवासी कल्लू सविता पुत्र लक्ष्मीशंकर सविता की नाबालिग पुत्री के साथ 16 अक्टूबर 2019 को हुए बलात्कार की घटना के प्रकरण की जांच करेगी। जांच के उपरान्त समिति अपनी रिपोर्ट सपा मुखिया अखिलेश यादव को सौंपेगी। जांच कमेटी में सुनील सिंह 'साजन' सदस्य विधान परिषद, डॉ. राजपाल कश्यप सदस्य विधान परिषद, अम्बरीष पुष्कर विधायक, मनीषा दीपक पूर्व प्रत्याशी, संजय सविता 'विद्यार्थी' पूर्व प्रदेश सचिव तथा अरूण सविता पूर्व जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ उन्नाव शामिल हैं।

# लघु उद्योग निगम में एजेंसियों का इम्पैनलमेंट निरस्त

- भविष्य में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया मानकों के अनुरूप हो: सिद्धार्थ नाथ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने उप्र लघु उद्योग निगम द्वारा पूर्व में की गई एजेंसियों के इम्पैनलमेंट को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इम्पैनलमेंट के लिए जो भी प्रक्रिया अपनाई जाए वह कार्मिक विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। उन्होंने यथा शीघ्र नई एजेंसियों के चयन के लिए मानकों के अनुसार टेण्डर कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

सिंह अपने सरकारी आवास पर लघु उद्योग निगम के कार्यों की गहन समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने नराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि लघु उद्योग निगम की कार्य प्रणाली वर्तमान में संतोषजनक नहीं है जिसके कारण निगम में पंजीकृत एजेंसियों के कारण बहुत से विभागों में कर्मियों को वेतन, मानदेय नहीं मिल पा रहा है। इससे सरकार की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट तौर से निर्देश दिये कि अब निगम द्वारा जो भी नई एजेंसियों सूचीबद्ध की जायेंगी, उसकी अनुमति बोर्ड से प्राप्त करना आवश्यक होगा। लघु उद्योग मंत्री ने कहा कि लघु उद्योग निगम द्वारा पिछले कुछ समय से सूचीबद्ध एजेंसियों के माध्यम से जो भी आउटसोर्सिंग के तहत नियुक्तियां की गई हैं, उनमें भारी अनियमितता प्रकाश में आयी है। इन नियुक्तियों के लिए बोर्ड से मंजूरी भी नहीं ली गई थी। जो नियमों के विरुद्ध है।

# बेटिकट यात्रियों से वसूला एक लाख से अधिक का जुर्माना

**लखनऊ।** डीआरएम संजय त्रिपाठी के निर्देश पर बुधवार को बेटिकट यात्रियों की धरपकड़ के लिए रेड टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। लखनऊ-उतरेटिया रेलखंड पर चले इस अभियान के तहत अधिकारियों ने ट्रेन नंबर 12327 उपासना एक्सप्रेस,14307 प्रयाग-बरेली एक्सप्रेस ,14204 लखनऊ-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस, 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस, 12183 भोपाल-प्रतापगढ़ एक्सप्रेस,14227 वरुणा एक्सप्रेस, ,14215 गंगा-गोमती एक्सप्रेस सहित कई अन्य ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों के टिकटों की जांच की। इस दौरान चेकिंग दस्ते को कुल 313 यात्री बिना टिकट या फिर अनियमित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए। एसीएम एसएस यादव ने बताया कि इन यात्रियों से 104430 रुपए की धनराशि बतौर जुर्माना वसूल की गई।

# डीजीपी ने दिए धनतेरस पर पैदल गश्त अभियान चलाने के निर्देश

**लखनऊ।** डीजीपी ओपी सिंह ने धनतेरस त्योहार पर सम्पूर्ण प्रदेश में पैदल गश्त अभियान चलाने के पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस संबंध में उन्होंने राज्य के सभी पुलिस कप्तानों, रेंज के आईजी, डीआईजी और जोन के एडीजी, आईजी को परिपत्र जारी किया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि धनतेरस त्योहार के अवसर पर बाजार, सर्राफ ा की दुकानों, शापिंग मॉल, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, टैम्पो स्टैंड आदि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त अभियान चलाया जा। धनतेरस त्योहार के अवसर पर सम्पूर्ण प्रदेश में एक साथ 25 अक्टूबर को सायं छह बजे से रात नौ बजे तक पैदल गश्त किया जाए। पैदल गश्त में जनपद में नियुक्त समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। पैदल गश्त के दौरान संदिग्ध वाहनों-व्यक्तियों की चेकिंग के साथ-साथ गश्त, पिकेट ड्यूटी में लगे हुए पुलिस कर्मियों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर उन्हें भली-भांति ब्रीफ किया जाए। पैदल गश्त के दौरान एन्टी रोमियो स्क्वायड में लगा पुलिस बल तथा सादे वस्त्रों में महिला-पुरुष कर्मियों द्वारा भी गश्त किया जाए। पैदल गश्त के दौरान जनता से भी सम्पर्क कर उन्हें किसी स्थान पर लावारिस वस्तु-संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध गतिविधि दिखायी देने पर उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस अथवा यूपी 100 पर देने के लिए जागृत किया जाये।

# आपातकालीन सेवा 112 का लोगो अपने आप में विशेष

- सभी आपातकालीन वाहनों में लोगो की ग्राफिक्स बदलने में लगेगा दो माह का समय: एडीजी तकनीकी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**उत्तर** प्रदेश में 26 अक्टूबर को देशव्यापी आपात सेवा नं 112 को अपनाया जाएगा जिसे डायल कर नागरिक आकस्मिक स्थिति में पुलिस, फ ायर, एम्बुलेंस, जीवन रक्षक एजेंसियों (जैसे की एसडीआरएफ) द्वारा आपातकालीन सहायता प्राप्त कर सकते हैं। समस्त आपात सेवाएं प्रदान करने वाले वाहनों में 112 का लोगो लगा होगा ताकि उसको आसानी से पहचाना जा सकेगा। एडीजी तकनीकी सेवाएं असीम अरुण ने बताया कि इस लोगो में भारतीय तिरंगे पर कॉल एक्सेप्ट का चिन्ह से सिस्टम की उत्सुकता को दर्शाया गया है और इंगित किया गया है कि यह एक राष्ट्रीय सेवा है। 112 का नीला रंग भारतीय ध्वज के अशोक चक्र से लिया गया है और तत्काल एवं त्वरित कार्रवाई को चिन्हित करने के लिए फॉन्ट को आगे की ओर तिरक्षा किया गया है। ऊपर और नीचे के दो बैंड से राज्य और आपातकालीन सेवा को इंगित किया गया है। दोनो बैंड के आकार यह इंगित करते हैं कि गति एक प्राथमिक आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यह लोगो कुणाल रंजन द्वारा डिजाइन किया गया है। वह एनआईएफटी, नई दिल्ली से डिजाइन में स्नातक प्राप्त हैं। उन्हें टेलीविजय, ऐड्वर्टाइजिंग, इवेंट्स जगत में बीस वर्षों से अधिक अनुभव प्राप्त है। यह लोग रिफ्लेक्टिव स्टिकर्स आपातकालीन वाहनों के बाईं व दाईं तरफ दरवाजों व पीछे की तरफ लगाया जाएगा और इसकी दृश्यता रात्रि में भी बनी रहेगी। आपातकालीन सेवा में प्रयोग किए जाने वाले समस्त वाहनों में 112 लोगो की ग्राफिक्स बदलने की प्रक्रिया में 2 माह का समय लगेगा। इसके लिए सभी जिलों को आवश्यक धनराशि आवंटित की जा रही है।

# लम्बित व डिफाल्टर प्रकरणों को शीघ्रता से करें निस्तारित

- अपर मुख्य सचिव गृह ने की आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के लम्बित प्रकरणों की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव अवनीश कुमार अवस्थी ने आईजीआरएस एवं सीएम हेल्पलाइन के लम्बित एवं डिफाल्टर प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने इन प्रकरणों को शीघ्रता के साथ निस्तारित करने के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन से लम्बित एवं डिफाल्टर प्रकरणों के निस्तारण में तेजी आयी है। विगत महीनों में लम्बित एवं डिफाल्टर प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता से कराया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप आज लम्बित एवं डिफाल्टर प्रकरणों की संख्या में काफी कमी आयी है।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में आईजीआरएस के डिफाल्टर प्रकरणों की संख्या 4500 से 4700 तक थी, जिसकी निरन्तर समीक्षा कर तथा फ ील्ड स्तर तक जाकर निस्तारण करने के उपरान्त अब डिफाल्टर प्रकरणों की संख्या 666 तक आ गयी है। उन्होंने कहा कि लम्बित एवं डिफाल्टर प्रकरणों को अत्यन्त कम किया जाए। अपर मुख्य सचिव गृह ने सीएम हेल्पलाइन के लम्बित एवं डिफाल्टर प्रकरणों की भी विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके त्वरित निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जोनवार समीक्षा कर प्रकरणों का शीघ्रता के साथ निस्तारण कराएं।

# मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के 49 सब स्टेशन आदर्श उप केंद्र घोषित

- जन सुविधाओं को होगा समावेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मध्यांचल** विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने जुलाई 2019 से अब तक लेसा के दोनों क्षेत्रों एवं अन्य क्षेत्रों में कुल 71 विद्युत उपकेन्द्र आदर्श विद्युत उपकेन्द्र घोषित किए हैं। ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने सभी डिस्कामों को आदेश दिए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में सब स्टेशनों को आदर्श उपकेंद्र घोषित करें।

लेसा के 29 विद्युत उपकेन्द्र जिनमें डालीबाग, हरिहरपुर, अर्जुनगंज, न्यू कैण्ट, कूपर रोड, राजभवन, विधानसभा, दारूलशफा, ऐशबाग, तालकाटोरा, राजाजीपुरम ओल्ड, राजाजीपुरम् न्यू, दुबग्गा, उतरेटिया न्यू, आशियाना, चन्दर नगर, शक्ति चौराहा, सेक्टर 9 (वृन्दावन), हनुमानसेतु, रेजीडेन्सी, जीटीआई, सेक्टर-14 ओल्ड, निरालानगर, विभूतिखण्ड, सेक्टर-4 गोमतीनगर, आईटीआई, विविद्यालय, जीएसआई एवं सेक्टर-25 आदर्श उपकेंद्र की श्रेणी में रखे गए हैं। इसी प्रकार से मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के 20 सब स्टेशनों को आदर्श उपकेंद्र घोषित किया गया है। इनमें बॉकेगंज-गोला, नई बस्ती-लखीमपुरखीरी, खैराबाद-सीतापुर, पीडी नगर-उन्नाव, कोयलबाग-हरदोई, गौरागंज-रायबरेली-प्रथम, डलमऊ तहसील-रायबरेली द्वितीय, सुभाष नगर-बरेली (नगरीय), नकटिया-बरेली (ग्रामीण), स्टोर सेन्टर-पीलीभीत, निगोही रोड-शाहजहाँपुर, कार्यशाला-बदायूं, जलालपुर-अयोध्या बीकापुर-अम्बेडकरनगर, डाकघर-सुल्तानपुर, गौरीगंज तहसील-अमेठी, आरएस घाट-बाराबंकी, अम्बेडकर चौराहा-गोण्डा, भगवतीगंज-बलरामपुर, अस्पताल चौराहा-बहराइच प्रमुख हैं। कुछ प्रस्तावित उपकेन्द्रों में अवर अभियन्ता की तैनाती नहीं थी, मीटर रीडर पंजिका उपलब्ध नहीं थी, बिलिंग कलेक्शन सेन्टर भी कार्य नहीं कर रहा था। इन समस्याओं को एमडी मध्यांचल ने तत्काल दूर करने के निर्देश दिए हैं। चयनित विद्युत उपकेन्द्रों के लिए मानक के अनुसार विकसित करने से उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति एवं वाणिज्य सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण तथा उनको गुणात्मक परक सेवा दी जायेगी। आदर्श बिजली घर के मानक के अन्तर्गत अवर अभियन्ता स्तर का नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। इन केन्द्रो पर उपभोक्ताओं एवं कार्मिको के बैठने, स्वच्छ पेय जल की सुविधा तथा अग्नि सुरक्षा सम्बन्धी अग्निशमन उपकरण भी उपलब्ध रहेंगे, इसके अतिरिक्त उपकेन्द्र से सम्बन्धित सभी रजिस्टर अभिलेख भी उपलब्ध रहेंगे ।

## दीपावली पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**लखनऊ।** दीपावली समेत अन्य त्योहारों को देखते हुए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम मुख्यालय और मध्यांचल के सभी खंड और मंडल मुख्यालय पर 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम खोले गए हैं। निदेशक तकनीकी इन कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी रहेंगे। यह कंट्रोल रूम 25 से 5 नवंबर तक संचालित रहेंगे।

# देश का खाना पूरी तरह सुरक्षित, भ्रांतियों से रहें दूर

- अन्य देशों के मुकाबले कीटनाशकों का भारत में सबसे कम उपयोग: डॉ. शर्मा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**देश** में खाद्य पदार्थों में कीटनाशकों के अवशेष को लेकर बहुत सी गलत जानकारियां फैलाई गई हैं। सच्चाई, यह है कि भारत कई देशों के मुकाबले 10 गुना कम कीटनाशकों का इस्तेमाल करता है।

आजकल बाजार में आर्गेनिक खाद्य पदार्थ को बाजार में मिलने वाले खाद्य पदार्थ के मुकाबले ज्यादा सुरक्षित प्रचारित किया जा रहा है, बिल्कुल गलत है। उक्त जानकारी बुधवार को सीएसआईआर-भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान में खाद्य सुरक्षा के विभिन्न आयाम विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के दौरान ऑल इंडिया नेटवर्क प्रोजेक्ट एंड पेस्टिसाइड रेसिड्यूस के प्रमुख डॉ. के.के. शर्मा ने दी है। संगोष्ठी का उद्देश्य देश था कि खाना पूरी तरह सुरक्षित और सेहतमंद है। इसके जहरीले होने को लेकर समाज में बहुत सी भ्रांतियां फैली हुई हैं और इन भ्रांतियों को दूर करने के लिए देश भर से आये कृषि वैज्ञानिकों और खाद्य उद्योग विशेषज्ञों द्वारा विचार-विमर्श तथा इनसे जुड़े भ्रांतियों को दूर किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. के. के.शर्मा ने कहा कि सच्चाई, यह है कि हमारे कई वर्षों के निरंतर वैज्ञानिक अध्ययन में यह पाया गया है कि आर्गेनिक खाद्य पदार्थ के नमूनों में से 25 फीसदी अधिकतम स्तर (एमआरएल-मैक्सिमम रेसिड्यूस लेवल) के ऊपर कीटनाशकों के अंश पाए गए हैं और वहीं बाजार में उपलब्ध आम खाद्य पदार्थों के सिर्फ 15 फीसदी नमूने ही एमआरएल से ऊपर पाए गए हैं।

एमआरएल से अधिक कीटनाशक अंश का अर्थ यह नहीं है कि यह जानलेवा या विषाक्त है। मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली के फार्माकोलॉजी विभाग की निदेशक प्रो. डॉ. शालिनी चावला ने कहा कि कोई भी देश अपने नागरिकों को जहरीला भोजन नहीं खिलाना चाहेगा।

देश मे कीटनाशक बड़ी ही गहन प्रक्रिया से गुजरने के बाद ही उपयोग के लिए नियामक संस्था से स्वीकृति पाती हैं। एक कीटनाशक के मॉलिक्यूल को स्वीकृत होने में 2000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश तथा 12 से 25 वर्षों का गहन अध्ययन होता है, जिसके बाद ही इन्हें स्वीकृति मिलती है। क्रॉप केअर फेडरेशन ऑफ इंडिया के साइंटिफिक एडवाइजर डॉ. अजित कुमार ने कहा कि देश का भोजन सुरक्षित है और इसके जहरीले होने की अफवाह वाह फैलायी जा रही है, जिनका विज्ञान से कोई लेना देना नहीं है। आज देश के वैज्ञानिकों को सामने आकर आम जनता को यह बताने की आवश्यकता है कि हमारे खाने में कीटनाशकों के अवशेष नहीं हैं और यह पूरी तरह सुरक्षित है।

# आयुष्मान भारत योजना का नाम बदलना स्वीकार नहीं: शेखावत

एजेंसी। जयपुर



**केंद्रीय** मंत्री गजेंद्र सिंह ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत योजना का नाम बदलना स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने साथ ही राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर केंद्र सरकार की योजनाओं का ठीक से कार्यान्वयन नहीं करने का आरोप लगाया। शेखावत ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा, राजस्थान सरकार, केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित योजनाओं को ठीक से राज्य में लागू नहीं कर पा रही है।

आयुष्मान भारत योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से आज भी यह योजना राजस्थान में लागू नहीं हुई है। राज्य सरकार ने उसका नाम परिवर्तित करने का प्रयास किया है लेकिन इसमें किसी भी तरह का नाम परिवर्तन आयुष्मान भारत में केंद्र सरकार स्वीकार नहीं करेगी। यह उसके मूलभूत यानी शुरुआती निर्देशों में ही लिखा हुआ था। एक सवाल के जवाब में जलशक्ति मंत्री शेखावत ने कहा, आयुष्मान भारत योजना का जो ढांचा है उसमें लिखा हुआ है कि इस योजना का नाम पूरे देश में एक आयुष्मान भारत योजना ही रहेगा। इसमें न किसी व्यक्ति का नाम है न प्रधानमंत्री का नाम है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में आयुष्मान भारत योजना एक सितम्बर से लागू हुई। राज्य सरकार ने राज्य की भामाशाह स्वास्थ्य बीमा योजना के साथ एकीकरण के बाद योजना का नाम आयुष्मान भारत-महात्मा गांधी राजस्थान स्वास्थ्य बीमा योजना करने की घोषणा की थी। शेखावत ने कहा, यह राजस्थान की जनता के साथ धोखा करने का प्रयास किया है। इसके माध्यम से वे यहां राजनीति करना चाहते हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर अतिवृष्टि प्रभावित किसानों का डेटा भी केंद्र सरकार को समुचित ढंग से नहीं देने का आरोप लगाया। शेखावत ने कहा, इस बार कई इलाकों में अतिवृष्टि के कारण फसल खराब हुई लेकिन प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को ठीक से मिले इसके भी डेटा जिस तरह से सक्रियता से काम कर केंद्र को भेजा जाना चाहिए था वह अभी तक नहीं भेजा गया है। उसके कारण भी राजस्थान का किसान अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है। शेखावत ने कहा, राज्य सरकार का ध्यान इस समय केवल अपनी सत्ता बचाए रखने पर है इसलिए वह इन सब विषयों से ध्यान भटकाए रखने के लिए नए नए फार्मूले लाकर राजस्थान की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

## जेएलएफ ने पहली सूची के वक्ताओं के नाम जारी किए

**नई दिल्ली।** पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित स्टीफन ग्रीनब्लाट, हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक शुभा मुद्गल और फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज जयपुर साहित्य सम्मेलन के 13वें साल के आयोजन पर पहली सूची के वक्ताओं में शामिल हैं। आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। नि:शुल्क प्रवेश देने वाले इस साहित्य महोत्सव को दुनिया के बड़े साहित्य महोत्सवों में से एक माना जाता है और ऐसी संभावना है कि इसमें 250 से ज्यादा लेखक, चिंतक, नेता और सांस्कृतिक क्षेत्र की नामचीन हस्तियां हिस्सा लेंगी। जयपुर के दिग्गी पैलेस होटल में 23-27 जनवरी, 2020 के बीच कार्यक्रम आयोजित होंगे। आयोजकों ने एक बयान में बताया कि विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गज एक मंच पर आकर हर तरह के विचार मंथन और चर्चाओं में शामिल होंगे और सबसे ऊपर साहित्य से प्रेम की भावना के साथ आएंगे।




नई दिल्ली में प्रधानमंत्री इनोवेटिव लर्निंग प्रोग्राम के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्रों को पुरस्कार प्रदान करते उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू



कुर्सियोंग में एक समीक्षा बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

# कर्नाटक में बारिश से मरने वालों की संख्या 13 पहुंची

एजेंसी। बेंगलुरु

● मुख्यमंत्री ने हालात की समीक्षा की

**कर्नाटक** के कई हिस्सों में गत दो महीने में दूसरी बार आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या 13 तक पहुंच गई हैं। पिछले हफ्ते से आई बाढ़ के मद्देनजर मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने बुधवार को अधिकारियों को त्वरित आधार पर राहत कार्य चलाने और दीपावली की छुट्टी होने के बावजूद जिम्मेदारियों का निवर्हन करने को कहा है।

अद्यतन आधिकारिक जानकारी के मुताबिक 18 अक्टूबर को शुरू बारिश के दूसरे दौर में 13 लोगों की मौत हुई है और करीब 10 हजार मकानों को नुकसान पहुंचा है। 16 जिलों के सात हजार लोग बेघर हुए हैं जिनमें उत्तर कर्नाटक का बेलगावी भी शामिल है जहां अगस्त में भी भीषण बाढ़ आई थी। शीर्ष अधिकारियों ने बताया कि मुख्य सचिव टीएम विजयभास्कर की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने प्रभावित 16 जिलों (अधिकतर उत्तर कर्नाटक के) के उपायुक्त के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिए हालात की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने बयान में कहा, दुर्भाग्यवश 13 लोगों की जान बाढ़ की वजह से गई है और 10,038 घरों को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को और जिनके घर क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें तत्काल मुआवजा देने का निर्देश दिया है। एदियुरप्पा ने अधिकारियों से कहा कि प्रभावित इलाकों के अधिकारी दीपावली की छुट्टी पर न जाएं बल्कि बाढ़ प्रभावित की जरूरत के अनुसार कार्य करें। अधिकारियों को राहत कार्य तेज करने का निर्देश देने के साथ एदियुरप्पा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की छह टीमें और सेना की एक टुकड़ी भी प्रभावित इलाकों में तैनात की गई है।

# मानवाधिकारों की रक्षा में किसी भी किस्म की नफरत को ना कहता है संयुक्त राष्ट्र: गुतारेस

एजेंसी। नई दिल्ली

**संयुक्त** राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बुधवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र किसी भी किस्म की नफरत को दृढ़ता से ना कहता है और तेजी से बदलते समय में वह लोगों की वास्तविक समस्या पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा।

बृहस्पतिवार को 74वें संयुक्त राष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में गुतारेस के संदेश को यूएन इंडिया ने जारी किया, जिसमें उन्होंने कहा संयुक्त राष्ट्र और भी सतर्क और जवाबदेह बन रहा है और वह मानवाधिकारों की रक्षा एवं लैंगिक समानता को बढ़ावा दे रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव को संयुक्त का मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भी कहा जाता है। उन्होंने कहा कि यह दिन चार्टर के उन स्थाई विचारों को रेखांकित करता है जो 74 साल पहले प्रभाव में आया था। उन्होंने कहा, तमाम वैश्विक झंझावातों के बीच चार्टर हमारा साझा नैतिक सहारा बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि देशों के सहयोग से संयुक्त राष्ट्र और भी सतर्क और जवाबदेह बन रहा है। उन्होंने कहा, हमलोग मानवाधिकारों और लैंगिक समानता पर जोर दे रहे हैं तथा किसी भी किस्म के नफरत को ना कह रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र नाम अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट ने दिया था। इसे सबसे पहले द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र के एक जनवरी, 1942 की संयुक्त राष्ट्र की घोषणा में इस्तेमाल किया गया था। तब 26 देशों के प्रतिनिधियों ने धुरी ताकतों के खिलाफ मिलकर लड़ाई जारी रखने में अपना समर्थन जताया था।

सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका) में 50 देशों ने 25 अप्रैल, 1945 को बैठक की और संयुक्त राष्ट्र के चार्टर का मसौदा बनाने की शुरुआत की। इसे 25 जून, 1945 को स्वीकृत किया गया और यह 24 अक्टूबर 1945 से प्रभावी हो गया। इसी दिन से संयुक्त राष्ट्र ने अपना काम शुरू किया।

संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्यों में अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखना, मानवाधिकारों का संरक्षण, मानवीय सहायता प्रदान करना, टिकाऊ विकास को बढ़ावा देना और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को बनाए रखना शामिल है।

गुतारेस ने कहा कि तेजी हो रहे बदलाव के इस क्षण में संयुक्त राष्ट्र लोगों की वास्तविक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, अगले साल हमलोग संयुक्त राष्ट्र का 75वां स्थापना दिवस मनाएंगे। यह एक मील का पत्थर है और मिलकर हमारे भविष्य को आकार देने में एक अहम क्षण है।

## नामदेव समाज मंदिर समिति के चुनाव की सूचना भ्रामक : राकेश नामदेव

**ललितपुर।** श्री सत्यनारायण नामदेव समज सेवा समिति के अध्यक्ष राकेश कुमार नामदेव दैलवारा वाले एवं महामंत्री श्रीराम नामदेव ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुये जनपद व क्षेत्रीय समाज के लोगों को अवगत कराया है कि 20 अक्टूबर 2019 को समाचार पत्रों के माध्यम से बालकृष्ण नामदेव व प्रेमनारायण नामदेव ने 3 नवम्बर को नामदेव समाज मंदिर समिति के चुनाव संबन्धित जो सूचना दी गयी थी, वह भ्रामक व तत्वों से परे है। वर्तमान समिति सत्यनारायण नामदेव समाज सेवा समिति (रजि.) नामदेव समाज तालाबपुरा जिला ललितपुर कार्यरत है व नामदेव समाज का परिचय सम्मेलन व नामदेव जयन्ती 7 व 8 नवम्बर को प्रस्तावित है। जिसकी सूचना पूर्व में भी दी जा चुकी है। नामदेव समाज नगराध्यक्ष व जिलाध्यक्ष के चुनाव माह जनवरी, फरवरी 2020 में विधिवत चुनाव प्रक्रिया मतदान प्रणाली द्वारा संपन्न कराये जायेंगे। जिसकी प्रक्रिया नामदेव जयन्ती के उपरान्त सुचारू रूप से प्रारंभ की जायेगी।

# शीघ्र कानून व्यवस्था में होगा गुणात्मक सुधार : डीजी



पत्रकारवार्ता के दौरान संबोधित करते डीजी

**ललितपुर।** जनपद के दो दिवसीय दौरे पर आए हुए पुलिस महानिदेशक (सहकारिता) नोडल अधिकारी ए.के.पंडा ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता की जिसमे पत्रकारों, प्रोजेक्ट नई किरण के काउंसलरों, व्यापार मंडल के सदस्यों, भाजपा के सदस्यों द्वारा जनपद में सुर्खियों में चल रहे अवैध शराब पर अहम कार्यवाही को लेकर सबाल जबाब किए। वही थानों में एसओ, उपनिरीक्षकों द्वारा मामलो को जल्द निपटाने के संबंध में डी.जी. ने कहा और गरीबों, पीड़ित पक्षकारों को सही तरीके से पुलिस का रवैया व उनकी समस्याओं का समय से निराकरण करने की बात कही। डी.जी. ने पत्रकारों को आश्वासन दिया कि पुलिस जनपद में अवैध शराब, कानून व्यवस्था, लोगो से पुलिस के व्यवहार व कार्यप्रणाली पर सकारात्मक प्रयास करेंगे।

साथ ही जनपद ने गुंडो, हिस्ट्रीशीटर, चोरो पर उचित दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर डी.जी. ए.के.पंडा, एसपी कैप्टन एम.एम.बैग, सीओ सिटी राजा सिंह, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, भाजपा अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि, व्यापार मंडल के साथी गण, प्रोजेक्ट नई किरण के साथीगण एवं पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## पश्चिम बंगाल में 5,000 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डब्ल्यूबीपीसीबी) और कोलकाता पुलिस ने संयुक्त रूप से शहर और इसके आस-पास के इलाकों में छापेमारी करके करीब 5,000 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। डब्ल्यूबीपीसीबी के अध्यक्ष कल्याण रूद्र ने बताया कि कई तरह के पटाखे जब्त किए गए हैं। उन्होंने कहा, पिछले एक सप्ताह से संयुक्त रूप से मारे जा रहे छापे का उद्देश्य उच्च ध्वनि वाले और प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों पर काली पूजा-दिवाली के दिन 27 अक्टूबर और 28 अक्टूबर को रोक लगाना है और यह सुनिश्चित करना है कि इस अवधि में हवा स्वच्छ रहे। रूद्र ने कहा कि छापेमारी अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी। डब्ल्यूपीसीबी के अधिकारी ने कहा कि सिर्फ 27 अक्टूबर को दो घंटे तक पटाखे फोड़ने की अनुमति है। उन्होंने बताया कि शहर और आसपास के इलाकों में कालीपूजा-दिवाली के दिन कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

# केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईटीबीपी में काडर समीक्षा प्रस्ताव को मंजूरी दी

एजेंसी। नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के ग्रुप ए सामान्य ड्यूटी काडर और गैर-सामान्य ड्यूटी काडर की काडर समीक्षा के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आईटीबीपी में काडर समीक्षा के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं से कहा कि इससे ज्याद पद बनेंगे, काम सरल होगा और कार्यक्षमता बढ़ेगी। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि आईटीबीपी के वरिष्ठ ड्यूटी पदों में पर्यवेक्षीय स्टाफ बढ़ाने के लिए सहायक कमांडेंट से अपर महानिदेशक तक के विभिन्न पदों में ग्रुप ए सामान्य ड्यूटी (कार्यकारी) काडर और गैर-सामान्य ड्यूटी काडर की काडर समीक्षा करने का निर्णय। इसके तहत अपर महानिदेशक के नेतृत्व और महानिरीक्षक के सहयोग में दो नई कमानों (चंडीगढ़ में पश्चिमी कमान और गुवाहाटी में पूर्वी कमान) का गठन करने की बात कही गई है। इसमें कहा गया है कि आईटीबीपी में इन ग्रुप ए पदों के सृजन के बाद इस बल में दक्षता तथा क्षमता निर्माण में बढ़ोतरी होगी। इस बल में ग्रुप ए काडर समीक्षा में प्रस्तावित पदों के समय पर सृजन से बल की पर्यवेक्षीय तथा प्रशासन क्षमताओं में वृद्धि होगी। इसमें कहा यह प्रस्ताव विभिन्न स्तरों पर ग्रुप ए कार्यकारी सामान्य ड्यूटी काडर में 60 पदों और ग्रुप ए गैर सामान्य काडर में दो पदों के सृजन के लिए है। यह प्रस्ताव अपर महानिदेशक के नेतृत्व और महानिरीक्षक के सहयोग में दो नई कमानों (चंडीगढ़ में पश्चिमी कमान और गुवाहाटी में पूर्वी कमान) के गठन के लिए भी है। इसके तहत औपचारिक अधिसूचनास्वीकृति प्राप्त होने पर इन नए सृजित पदों को भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार भरा जाएगा।

# चीनी सीमा पर जलवायु नियंत्रित चौकियां, सड़कें बनाने की परियोजनाओं में देरी: आईटीबीपी डीजी

एजेंसी। नई दिल्ली

**चीन** के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा पर जलवायु परिस्थितियों से निपटने में सक्षम (क्लाइमेट कंट्रोल्ड) सीमा चौकियां और सड़कें बनाने की दो कूटनीतिक परियोजनाओं में निर्माण एजेंसियों की तरफ से देरी हो गई है लेकिन इन पर काम तेज करने की कोशिशें चल रही हैं। आईटीबीपी के महानिदेशक एस एस देशवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी।

भारत-तिब्बत सीमा पुलिस के प्रमुख ने यह भी कहा कि बल लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक के 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा का आकलन कर रहा है कि क्या और सीमा चौकियां बनाई जा सकती हैं?

देशवाल ने बताया कि लुकुंग (लद्दाख में पांगोंग त्सो) पर समग्र या जलवायु नियंत्रित सीमा चौकी का जिम्मा एनबीसीसी को दिया गया लेकिन इसमें देरी हो गई। उन्होंने 1962 के चीनी युद्ध के बाद बने अर्द्धसैन्य बल के 58वें स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा, हम उनसे काम तेज करने का अनुरोध कर रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि बिना किसी देरी के काम पूरा हो।

आईटीबीपी बलों के लिए समग्र चौकियां बनाना एक महत्वाकांक्षी परियोजना है जिसे कुछ साल पहले केंद्र सरकार ने मंजूरी दी। इन अड्डों पर चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा की रक्षा करने वाले जवानों के लिए जलवायु नियंत्रित तापमान होंगे और इनमें ऊर्जा का स्रोत स्वच्छ ईंधन या सौर ऊर्जा होगी न कि डीजल या मिट्टी का तेल। अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित इन सीमा चौकियों में पानी को तरल रूप में जमा करने की भी सुविधा होगी। अधिकारी ने बताया कि मौजूदा समय में इस क्षेत्र में आईटीबीपी की 180 सीमा चौकियां हैं। डीजी देशवाल ने कहा कि सीमा पर सड़कों के बारे में भी निर्माण एजेंसियों ने देरी की लेकिन वे इसके बारे में काफी चिंतित हैं।

## नियमित होंगी...

नियमित करने के लिए मामूली शुल्क निर्धारित किया गया है। फैसले के तहत सौ वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल वाले भूखंड को नियमित कराने का शुल्क उस क्षेत्र के सर्किल रेट का 0.5 प्रतिशत होगा। इसी प्रकार 100 से 250 वर्ग मीटर तक क्षेत्रफल वाले भूखंड के लिए सर्किल रेट का एक प्रतिशत और 250 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले भूखंड को नियमित कराने का शुल्क सर्किल रेट का 2.5 प्रतिशत देना होगा। शुल्क का भुगतान तीन समान किश्तों में एक साल के भीतर किया जा सकेगा जबकि एकमुश्त भुगतान करने वालों को संपत्ति का मालिकाना हक तत्काल प्रभाव से मिल जाएगा। किश्त में शुल्क देने वालों को अस्थायी मालिकाना हक दिया जाएगा। पूरा भुगतान करने पर उन्हें स्वामित्व का स्थायी अधिकार मिलेगा। मालिकाना हक मिलने के बाद इन कॉलोनियों का विकास होगा। यहां सड़कें-सीवर और पार्क बनेंगे। नियमित करने के लिए दिल्ली के लगभग 175 वर्ग किमी क्षेत्र में बसी 1797 कालोनियों को चिन्हित किया गया है। केंद्र ने यह फैसला दिल्ली सरकार की तरफ से दिए गए 1639 अनधिकृत कालोनियों को नियमित करने के कई साल पुराने प्रस्ताव पर नए सिरे से क्षेत्रवार सर्वेक्षण करने के बाद लिया है। नियमित नहीं होने के कारण अनधिकृत कॉलोनियों में बिजली, पानी, सड़क और सीवर समेत तमाम मूलभूत नागरिक सुविधाएं मुहैया कराने में दिल्ली सरकार और स्थानीय निकायों को कई प्रकार की कानूनी बाधाओं का सामना करना पड़ रहा था। पुरी के मुताबिक, इस फैसले के बाद अनधिकृत कालोनियों में भूखंड मालिकों को मकान बनवाने के लिए बैंक से ऋण भी मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि इस फैसले को कानूनी जामा पहनाने के लिए सरकार संसद के आगामी सत्र में विधेयक पेश किया जाएगा। मंत्रिमंडल ने अनधिकृत कॉलोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया निर्धारित करने वाले विधेयक के मसौदा प्रस्ताव को भी मंजूरी प्रदान कर दी है। शहरी विकास मंत्रालय द्वारा रखे गए कैबिनेट नोट को उपराज्यपाल (एलजी) की अगुवाई वाली समिति ने तैयार किया था। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि अनधिकृत कालोनियों के सीमांकन की जिम्मेदारी डीडीए को सौंपी गई है। डीडीए प्रत्येक कॉलोनी का सीमांकन कर इनके नियमितीकरण की कार्ययोजना (लोकल एरिया प्लान) भी बनाएगा। पुरी ने बताया कि नियमित करने की प्रक्रिया में विलंब शुल्क और अतिरिक्त विकास शुल्क नहीं वसूला जाएगा। दिल्ली की जनसंख्या 1947 में आठ लाख थी। विभाजन के बाद भारी तादात में यहां शरणार्थी आकर बस गए। इस समय दिल्ली एनसीआर की आबादी 2 करोड़ है। अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करने की कोशिश इससे पहले 2008 में की गई थी।

## पेज एक का शेष

## एमटीएनएल का...

सेना के पूरे नेटवर्क का रखरखाव बीएसएनएल द्वारा किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वीआरएस पैकेज के तहत पात्र कर्मचारियों को 60 वर्ष की आयु तक कंपनी की सेवा करके अर्जित होने वाली आय का 125 प्रतिशत मिलेगा। यह फैसला लेते समय दोनों सार्वजनिक कंपनियों के लाखों कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखा गया है। बीएसएनएल में करीब 1.68 लाख जबकि एमटीएनएल में लगभग 22,000 कर्मचारी हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वीआरएस पूरी तरह से स्वैच्छिक है और कोई भी इसे अपनाने के लिए बाध्य नहीं कर सकता है। दोनों कंपनियों पर कुल 40,000 करोड़ रुपये का कर्ज है जिसमें से आधा कर्ज एमटीएनएल का है जो सिर्फ दिल्ली और मुंबई में परिचालन करती है। बाजार में प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए एमटीएनएल और बीएसएनएल लंबे समय से स्पेक्ट्रम की मांग कर रही थी ताकि 4 जी सेवा शुरू की जा सके। इस बाबत, दूरसंचार सचिव अंशु प्रकाश ने बताया कि दोनों कंपनियों को एक महीने के अंदर प्रशासनिक स्तर पर स्पेक्ट्रम आवंटित कर दिया जाएगा। दूरसंचार मंत्री प्रसाद के अनुसार, बीएसएनएल को इक्विटी शेयर के बदले 14,115 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम आवंटन होगा और एमटीएनएल को तरजीही शेयरों के एवज में 6,295 करोड़ रुपये का स्पेक्ट्रम आवंटन किया जाएगा। सरकार तीन साल की अवधि में बीएसएनएल और एमटीएनएल की 37,500 करोड़ रुपये की संपत्ति का मौद्रीकरण करते हुए उसकी बिक्री करेगी या फिर पट्टे पर देगी। परिसंपत्ति में मुख्य रूप से जमीन शामिल हैं। अकेले दिल्ली में एमटीएनएल के पास करीब 29 खुदरा आउटलेट (केंद्र) हैं। सचिव ने कहा कि बीएसएनएल को चरणबद्ध तरीके से 4 जी सेवा शुरू करने के लिए करीब 10,000 करोड़ रुपये और एमटीएनएल को करीब ।,100 करोड़ रुपये की जरूरत होगी। सरकार ने वीआरएस पैकेज में अनुग्रह राशि के तौर पर 17,169 करोड़ रुपये और अग्रिम पेंशन लाभ के तौर पर 12,768 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। साढ़े 53 साल की उम्र से ऊपर के कमर्चारियों को उनकी सेवा की शेष अवधि में अर्जित वेतन का 125 प्रतिशत तक लाभ मिलेगा। कंपनी के 50 से साढ़े 53 वर्ष की आयु वर्ग के कर्मचारी यदि वीआरएस अपनाते हैं तो उन्हें अपनी बची सेवा मे मिलने वाली प्राप्ति का 80 से 100 प्रतिशत के दायरे में लाभ मिलेगा। एमटीएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुनील कुमार ने कहा कि सरकार ने जिस स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) को मंजूरी दी है, वह काफी आकर्षक है। उन्हें उम्मीद है कि सभी 15,000 कर्मचारी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगे सरकार का यह बड़ा निर्णय है। इससे कर्मचारियों के मामले में कंपनी लागत आय के 25 प्रतिशत पर आ जाएगी जो इस साल फरवरी में 85 प्रतिशत थी। पूरी उम्मीद है कि इस कदम से अगले दो साल के भीतर परिचालन लाभ (ईबीआईडीटीए) सकारात्मक होगा।

## गेहूं का ...

दाल की खेती को प्रोत्साहन देने के लिए मसूर का एमएसपी 325 रुपये बढ़ाकर 4,800 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया जो पिछले साल 4,475 रुपये प्रति क्विंटल पर था। चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 255 रुपये बढ़ाकर 4,875 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। इससे पिछले साल यह 4,620 रुपये प्रति क्विंटल था। तिलहन फसलों की भी एमएसपी बढ़ाई गई है।

## अलकायदा से...

भी करीब से मिलकर काम कर रहा था। उन्होंने कहा, एजीएच का सफाया हो गया है, लेकिन कुछ तत्व हैं जो अब भी यहां सक्रिय हैं। वे अचानक सामने आते हैं और आतंकवादियों के साथ जा मिलते हैं... लेकिन फिलहाल कश्मीर से एजीएच का सफाया हो गया है। उन्होंने कहा, जेईएम कश्मीर में प्रत्एक आतंकवादी संगठन के साथ मिलकर काम करने की कोशिश कर रहा है। जेईएम और लश्कर-ए-तैयबा को पाकिस्तान से निर्देश मिलते हैं कि कौन उनका निशाना है, किस स्तर पर और किस किस्म की हिंसा उन्हें भड़कानी है। यह पूछे जाने पर कि जेईएम के साथ एजीएच के संबंध का मतलब क्या यह है कि वह पाकिस्तान के हाथों नियंत्रित होता था, डीजीपी ने कहा कि इस संबंध से ऐसे ही संकेत मिलते हैं। उन्होंने कहा, यह कहना मुश्किल है, लेकिन मैं यही कहूंगा कि स्थानीय स्तर पर यह संबंध नजर आता है और पाकिस्तान के साथ संबंध के संकेत मिलते रहे हैं, जिसे अब तक पाकिस्तान द्वारा सीधे-सीधे चलाया जाता रहा है। पुलिस प्रमुख ने कहा कि जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा हटाए जाने और इसे दो केंद्रशासित क्षेत्रों में विभाजित करने के केंद्र के पांच अगस्त के फैसले के बाद से काफी संख्या में आतंकवादियों ने घुसपैठ की है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, पांच अगस्त के बाद आए आतंकवादियों की संख्या बता पाना मुश्किल है। लेकिन मैं इतना जरूर कह सकता हूं कि इनकी संख्या काफी है। डीजीपी ने कहा, उत्तर कश्मीर के साथ-साथ दक्षिण कश्मीर में कई जगहों पर उनकी मौजूदगी का पता चला है। इसे देखते हुए हम कह सकते हैं इनकी संख्या अधिक है। हालांकि यह इतनी अधिक नहीं है कि हमें इसे लेकर बहुत अधिक चिंतित हो जाना चाहिए। सिंह ने कहा कि आतंकवाद में कमी पाकिस्तान को अखर रही थी, यही कारण है कि पड़ोसी देश घुसपैठ के प्रयास के जरिए आतंकवादियों को भेज रहा है। उन्होंने कहा, कुछ आतंकवादियों ने घुसपैठ की है लेकिन उनके अनेक प्रयास विफल रहे हैं।

## शिवकुमार का...

और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर उन्हें रिहा किया जाए। प्रवर्तन निदेशालय ने शिवकुमार (57) को धनशोधन मामले में तीन सितंबर को गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत के तहत तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने जमानत नहीं देने के निचली अदालत के फैसले को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

# महाराष्ट्र में बिना शिवसेना के भाजपा सत्ता में आने में सक्षम नहीं होगी

एजेंसी। मुंबई



● एक चैनल से बात करते हुए वरिष्ठ शिवसेना नेता ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने जिन 124 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से वह 100 सीटों पर जीत हासिल करने में सक्षम होंगे

**शिवसेना नेता** संजय राउत ने बुधवार को कहा कि भाजपा राज्य में उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के समर्थन के बिना सरकार बनाने में सक्षम नहीं होगी। राउत की यह टिप्पणी मतगणना की पूर्व संध्या पर आई है।इससे पहले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद आए एग्जिट पोल ने यह दिखाया है कि भाजपा नीत राजग आराम से बहुमत के साथ सरकार बनाने में सक्षम होगी।

एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से बात करते हुए वरिष्ठ शिवसेना नेता ने दावा किया कि उनकी पार्टी ने जिन 124 सीटों पर चुनाव लड़ा था, उनमें से वह 100 सीटों पर जीत हासिल करने में सक्षम होंगे। भाजपा ने राज्य में 164 सीटों पर चुनाव लड़ा है जिसमें छोटे सहयोगियों के उम्मीदवार भी शामिल हैं, जिन्होंने कमल छाप पर ही चुनाव लड़ा था। राज्य में कुल 288 विधानसभा सीटों के लिए चुनाव हुए हैं।राज्य में विधानसभा चुनाव के मतदान के बाद आए ज्यादातर एग्जिट पोल में भाजपा नीत गठबंधन को आराम से बहुमत मिलते हुए दिखाया गया है। इस गठबंधन में शिवसेना और अन्य पार्टियां शामिल हैं। हालांकि इनमें से कम से कम एक पूर्वानुमान में भाजपा को बहुमत के करीब दिखाया गया है। इस एग्जिट पोल में भाजपा को 142 सीट और शिवसेना को 102 सीटें दी गई हैं।राज्य में सरकार बनाने के लिए साधारण बहुमत 145 सीट की है। राउत ने कहा, भाजपा बिना शिवसेना की सहायता से अगला सरकार नहीं बना सकती है चाहे शिवसेना 4-5 सीट ही क्यों न जीते। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि शिवसेना 100 सीटों पर जीत हासिल करेगी। लेकिन भाजपा अकेले सरकार नहीं बना सकती है। भाजपा-शिवसेना गठबंधन इस विधानसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सीटें जीतेगी। शिवसेना ने 2014 के विधानसभा चुनाव में 62 सीटों पर जीत दर्ज की थी। उस समय शिवसेना का चुनाव पूर्व गठबंधन भाजपा के साथ नहीं था। भाजपा ने 122 सीटों पर जीत दर्ज की थी। दोनों ही पार्टियां बाद में सरकार में सहयोगी थी।दरअसल शिव सेना राज्य की राजनीति में खुद को बिग ब्रदर मानती है और वह सरकार में नंबर दो की भूमिका से सहज नहीं महसूस करती। राउत ने यह स्वीकार किया कि शिवसेना और भाजपा के बीच प्रेम-नफरत का संबंध है।राज्यसभा सदस्य ने कहा, यह गठबंधन वोटों की गिनती के बाद भी नहीं टूटेगा। हालांकि भाजपा और शिवसेना ने 2014 में अलग-अलग चुनाव लड़ा था लेकिन अब दोनों पार्टियां साथ हैं। यह एक तरफ से प्रेम-नफरत का संबंध है।



गिरीडीहः झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश सरकार की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान छात्रों से मिलते मुख्यमंत्री रघुवर दास

## क्विक न्यूज

### सस्ती गिन्नियों का लालच देकर लूट-पाट करने वाले अंतरराज्जीय गिरोह का खुलासा

**इंदौर।** सोने की सस्ती गिन्नियों का लालच देकर लूट-पाट करने वाले अंतरराज्रीय गिरोह का खुलासा करते हुए मध्यप्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने इसके सरगना को धर दबोचा है। एसटीएफ की इंदौर इकाई के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि बैतूल जिले के झीरियाडोह के जंगल में जाल बिछाकर पकड़े गए आरोपी की पहचान रंजीत पारदी (30) के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 110 गिन्नियां बरामद की गई है। जांच मे पता चला कि ए गिन्नियां ताम्बे और पीतल से बनी है। लेकिन इन्हें सोने से निर्मित बताकर बेचने की कोशिश की जा रही थी। उन्होने बताया कि रंजीत का गिरोह लोगो को सस्ते दामो मे सोने की गिन्नियां और रत्न दिलवाने का झांसा देकर जंगलो तथा सुनसान इलाको मे बुलाता था और उन्हे साजिश के तहत लूट लेता था। गिरोह मध्यप्रदेश के अलावा तमिलनाडु, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ मे भी इस तरह की वारदातो को अंजाम दे चुका है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरोह के फरार आरोपियों की तलाश केसाथ मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### कर्नाटक में दोबारा आई बाढ़ पर एदियुरप्पा ने कहा, लगता है हमारे सितारे ही गर्दिश में

**बेंगलुरु।** कर्नाटक मे भारी बारिश की वजह से दोबारा आई बाढ़ पर मुख्यमंत्री बीएस एदियुरप्पा ने अपनी किस्मत को कोसा है। दो महीने पहले अगस्त मे भी राज्य को बाढ़ की विभिषिका का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, पिछली बार भी भारी बारिश हुई थी। लगता है कि हमारे सितारे ठीक नही है। एदियुरप्पा ने पत्रकारो से कहा, एक बार फिर वर्षा के देवता (वरुण) नाराज है और कई जिलो मे बारिश हो रही है। कई गांव डूब गए है। मौते हो रही है और वाहन बाढ़ मे बह गए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जिला प्रशासन से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बारिश से प्रभावित लोगो को सहायता मुहैया कराने के लिए चर्चा कर रहे है। उन्होने कहा कि दो महीने पहले आई बाढ़ के दौरान लोगो की जिस तरह से मदद की गई थी उसी तरह की मदद इस बार भी की जाएगी। मुख्यमंत्री के मुताबिक बेलगावी, बगलकोट, विजयपुरा, कलबुर्गी, गदग, हुबली, धारवाड़ और मैसूरू, कोडागू और चिक्कमगलूर जिले के हिस्से भारी बारिश की वजह से एक बार फिर आई बाढ़ से प्रभावित हुए है। राज्य के कई स्थानो पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई है और कई जगह पर आवाजाही बाधित हुई है। उल्लेखनीय कि इस साल अगस्त मे आई बाढ़ से कर्नाटक के 22 जिले प्रभावित हुए थे।

### नन ने बिशप के खिलाफ राष्ट्रीय, राज्य महिला आयोगों एनएचआरसी का रुख किया

**कोट्टायम (केरल)।** बिशप फ्रैंको मुलक्कल के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज कराने वाली एक नन ने राष्ट्रीय एवं राज्य महिला आयोगों और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) का रुख किया है और आरोप लगाया है कि पादरी तथा उनके समर्थक विभिन्न ऑनलाइन मंचो के जरिए उसे परेशान कर रहे है। नन ने अपनी शिकायतो मे आरोप लगाया कि बिशप और उनके समर्थक सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनलो के माध्यम से उसे और मामले मे गवाह उसकी साथी ननो को अपमानित कर रहे है। नन ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से की गई अपनी शिकायत में कहा, यौन उत्पीड़न की शिकायत करने के बाद से, मुझे विभिन्न मंचो पर अपमानित किया गया है।

## शव यात्रा के दौरान हिंसाः 200 लोगों पर मामला दर्ज, 33 गिरफ्तार

एजेंसी। मुंबई

● शव यात्रा मे शामिल लोगों ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर हमला किया था और वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए

**मुंबई में एक** व्यक्ति की शव यात्रा के दौरान हिंसा होने पर पुलिस ने करीब 200 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया और 33 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को शव यात्रा में शामिल लोगों ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों पर हमला किया था और वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि इसमें तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। पिछले हफ्ते, पंचाराम रिठाडिया (44) ने तिलक नगर रेलवे स्टेशन के निकट रेलगाड़ी के आगे कूद कर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी। वह कई महीनों से लापता अपनी 17 वर्षीय बेटी का पता नहीं लगने के कारण परेशान था।अपने सुसाइड नोट में रिठाडिया ने लिखा है कि बेटी का पता लगाने में पुलिस ने उसकी कोई मदद नहीं की। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (पूर्वी क्षेत्र) लखमी गौतम ने पीटीआई-भाषा को बताया कि मंगलवार को उपनगर चेंबूर के श्मशान घाट तक रिठाडिया की अंतिम यात्रा के दौरान उनके नाराज संबंधियों और कुछ अन्य लोगों ने कथित तौर पर पुलिस पर पथराव किया और एक पुलिस वैन समेत अन्य निजी वाहनों में तोड़फोड़ की।पुलिस ने इस मामले में मंगलवार रात को करीब 200 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की और 33 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल इस घटना के कुछ वीडियो और फुटेज की मदद से हिंसा में शामिल अन्य लोगों की पहचान की जा रही है।एक पुलिस अधिकारी ने पहले कहा था कि अंतिम यात्रा में शामिल कुछ लोगों ने अचानक ही चेंबूर में उमर्शी बप्पा चौक पर सड़क को बाधित करने का प्रयास किया। जब पुलिसकर्मियों ने उन्हें हटाने की कोशिश की तो वह नजदीक की निर्माणाधीन इमारत में घुस गए और पथराव करने लगे। इसमें दो पुलिस कांस्टेबल और यातायात पुलिस का एक अधिकारी घायल हो गए।

### गोवंश की हत्या संबंधी टिप्पणी वाला वीडियो हुआ वायरल, दानवे का इनकार

**औरंगाबाद (महाराष्ट्र)।** गोवंश की हत्या का कथित तौर पर समर्थन करने संबंधी केंद्रीय मंत्री राव साहेब दानवे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा नेता ने दावा किया है कि इसमें छेड़छाड़ की गई है और उन्होंने ऐसी कोई टिप्पणी नहीं की थी। वीडियो में दानवे मुसलमानों को यह भरोसा दिलाते सुने जा सकते हैं कि जब तक वह मंत्री हैं, तब तक उन्हें गोवंश की हत्या के बारे में चिंतित होने की कोई जरूरत नहीं है। दानवे ने एक बयान जारी कर इस वीडियो को गुमराह करने वाला और शरारती तत्वों द्वारा इसमें छेड़छाड़ किया गया बताया।

## कश्मीर में लगातार 80वें दिन बाजार बंद

एजेंसी। श्रीनगर



**कश्मीर में** आम जन जीवन बुधवार को लगातार 80वें दिन प्रभावित रहा। मुख्य बाजार बंद रहे और सार्वजनिक वाहन सड़कों से नदारद रहे।

अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर के लाल चौक समेत कुछ इलाकों में सुबह में कुछ घंटों के लिए कुछ दुकानें खुली थी, लेकिन सुबह करीब 11 बजे वे बंद हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि मुख्य बाजार तथा अन्य कारोबारी प्रतिष्ठान बंद रहे।उन्होंने बताया कि सड़कों पर निजी गाड़ियां चल रही थी और उनकी संख्या रविवार के मुकाबले ज्यादा थी जिस वजह से विभिन्न इलाकों में जाम लग गया। अधिकारियों ने बताया कि घाटी के कुछ इलाकों में ऑटो रिक्शा और कुछ अंतर जिला कैब भी चले।बहरहाल, सार्वजनिक परिवहन के अन्य साधन सड़कों से नदारद थे।लाल चौक और जहांगीर चौक समेत श्रीनगर के कुछ इलाकों में निजी गाड़ियों की संख्या ज्यादा थी। इस वजह से कुछ इलाकों में बहुत अधिक जाम लग गया और गाड़ियों की आवाजाही को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए प्रशासन को और पुलिस कर्मी तैनात करने पड़े।उन्होंने बताया कि समूची घाटी में इंटरनेट बंद है।अधिकारियों ने बताया कि स्कूल और कॉलेज खुले हैं, लेकिन माता-पिता अपने बच्चों की सुरक्षा के प्रति चिंता की वजह से उन्हें स्कूल नहीं भेज रहे हैं।गौरतलब है कि पांच अगस्त को भारत ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर को मिले विशेष राज्य के दर्जे को समाप्त कर दिया था और राज्य को दो केंद्र शासित क्षेत्रों में विभाजित कर दिया था। इसके अलावा, संचार माध्यम पर रोक लगा दी थी। हालांकि लैंडलाइन और पोस्टपेड मोबाइल फोन सेवा बहाल कर दी गई है, लेकिन इंटरनेट सेवा बंद है।

## शिवकुमार को जमानत मिलने पर जताई खुशी

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवगौड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी और सिद्धरमैया ने कांग्रेस नेता डी के शिवकुमार को धन शोधन के एक मामले में जमानत देने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत किया है।यह मामला प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दर्ज किया गया था। शिवकुमार को जमानत मिलने की खबर अदालत से बाहर आने के बाद उनके समर्थकों और कांग्रेस कार्यक्रताओं ने पटाखे जलाए और रामनगर, बेलगावी, तुमकुरू, कनकपुरा, मांड्या और नेता के आवास के निकट मिठाइयां बंटवाई।गौड़ा ने ट्वीट किया, दिल्ली उच्च न्यायालय ने डी के शिवकुमार को जमानत देकर आम लोगों का विश्वास न्यायिक प्रणाली में बढ़ाया है। मैं अदालत के फैसले का स्वागत करता हूं। कई बार विधायक रहे शिवकुमार को तीन सितंबर को प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया था।सिद्धरमैया ने बगलकोट में संवाददाताओं से कहा, उच्च न्यायालय से जमानत मिलना एक अच्छी खबर है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवकुमार को राजनीति की वजह से निशाना बनाया जा रहा है।सिद्धरमैया ने कहा, उन्हें (ईडी) जांच करने दें, लेकिन जांच के दौरान जेल भेजना सही नहीं है। दोषी साबित होने के बाद ही किसी को जेल भेजा जा सकता है, लेकिन जांच के दौरान ही जेल भेजना सही नहीं है। प्रतिशोध की राजनीति सही चीज नहीं है। शिवकुमार न्यायिक हिरासत में तिहाड़

### निकाय चुनाव की आचार संहिता लागू होने का इंतजार : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान में स्थानीय निकायों में बिना चुनाव जीते नगरपालिका नगरपरिषद के अध्यक्ष और मेयर पद पर सीधे चुने जाने के स्वायत्त शासन मंत्रालय के निर्णय पर चल रहे गतिरोध के बीच राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बुधवार को कहा कि चुनाव के लिए आचार संहिता लागू होने का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बुधवार को इस संबंध में संवाददताओं द्वारा पूछे गए सवाल को टालते हुए कहा, हम आचार संहिता लागू होने का इंतजार कर रहे हैं। गहलोत ने कहा, हम इंतजार कर रहे हैं जल्दी आचार संहिता लागू हो और आप सब और हम सब उस काम में जुट जाए जल्दी। उल्लेखनीय है कि निकाय चुनाव में अध्यक्ष व मेयर आदि के चुनाव के नए नियमों को लेकर सरकार के बीच ही गतिरोध चल रहा है।

## एक दशक में हिम तेंदुओं की संख्या दो गुना करने का लक्ष्यः जावड़ेकर

एजेंसी। नई दिल्ली



● जावड़ेकर ने हिम तेंदुआ संरक्षण कार्यक्रम की दो दिवसीय बैठक में इससे जुड़े सभी पहलुओं पर आधारित प्रोटोकॉल को लागू करने की कार्ययोजना तय की जाएगी

**पयार्वरण, वन** एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने देश में बाघों की संख्या में इजाफे के लिए बाघ संरक्षण अभियान की सफलता की तर्ज पर हिम तेंदुओं की संख्या बढ़ाने के लिए नेपाल, मंगोलिया और रूस सहित अन्य देशों के साथ मिल कर शुरु किए गए अभियान के तहत, अगले एक दशक में इस प्राणी की संख्या दो गुना तक बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। जावड़ेकर ने बुधवार को हिम तेंदुआ दिवस के मौके पर बफीर्ले पर्वतीय क्षेत्रों में पाए जाने वाले इस तेंदुए के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए वैश्विक स्तर पर साझा कार्यक्रम (जीएसएलईपी) की शुरुआत करते हुए कहा, 20 साल पहले बाघ की गणना करना एक कठिन काम माना जाता था, लेकिन भारत ने इसे संभव कर दिखाते हुए देश में प्रत्येक बाघ को गणना में शामिल कर लिया है। इस साल भारत में बाघों की संख्या 2976 हो गई है। यह दुनिया में बाघों की कुल आबादी का 77 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि हिम तेंदुआ पाए जाने वाले क्षेत्रों में शामिल भारत, नेपाल, रूस, मंगोलिया और किर्गिस्तान सहित अन्य देशों की साझा पहल पर हिम तेंदुओं की गणना के लिए प्रोटोकॉल को शुरु किया गया है। जावड़ेकर ने कहा, मुझे विश्वास है कि बाघ संरक्षण की तर्ज पर स्नो लेपर्ड रेंज के हम सभी सहयोगी देश मिलकर अगले एक दशक में हिम तेंदुओं की संख्या को दो गुना करने में सफल होंगे। उल्लेखनीय है कि चीन और मंगोलिया क्षेत्र में सर्वाधिक हिम तेंदुए पाए जाते हैं। भारत में हिमालय क्षेत्र के चार राज्यों हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और केन्द्र शासित क्षेत्र जम्मू एवं लद्दाख में हिम तेंदुओं की संख्या 400 से 700 के बीच है। जावड़ेकर ने इनकी गणना के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि जीव जंतुओं की वास्तविक संख्या का पता चलने पर इसमें बढ़ोतरी की स्वत:स्फूर्त लालसा मन में पैदा होती है। बाघों की संख्या को दो गुना करने में भी यही सोच मददगार बनी। उन्होंने इसी तर्ज पर हिम तेंदुओं के संरक्षण की दिशा में इनकी वास्तविक संख्या का पता करने को पहला और अनिवार्य कदम बताया। जावड़ेकर ने हिमालय क्षेत्र के प्राकृतिक पर्यावास को बेहतर बनाने में हिम तेंदुओं की अहम भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि हिम तेंदुआ संरक्षण कार्यक्रम की दो दिवसीय बैठक में इससे जुड़े सभी पहलुओं पर आधारित प्रोटोकॉल को लागू करने की कार्ययोजना तय की जाएगी।



जम्मू के निकट बारी ब्रहमन में सेना में भर्ती होने के नाप जोख कराते युवा

## कांग्रेस, झामुमो के 2-2 विधायकों समेत पांच विधायक भाजपा में शामिल

एजेंसी। राँची

**झारखंड में** आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले, मुख्यमंत्री रघुवर दास की उपस्थिति में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत समेत दो विधायकों, झामुमो के दो विधायकों, एक निर्दलीय विधायक तथा दो पूर्व अधिकारियों समेत 9 नेताओं ने बुधवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

मुख्यमंत्री रघुवर दास तथा भाजपा के प्रदेश प्रभारी तथा बिहार के वरिष्ठ भाजपा नेता नंदकिशोर यादव की उपस्थिति में आज कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं लोहरदगा से विधायक सुखदेव भगत, बरही से कांग्रेस विधायक मनोज यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के बहरागोड़ा से विधायक कुणाल सारंगी, मांडू से झामुमो विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री तथा नौजवान युवा मोर्चा के अध्यक्ष भानु प्रताप शाही आज यहां प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा में शामिल हो गए।इसी कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक दिनेश कुमार पांडे, पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सुचित्रा सिन्हा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पुलिस अधिकारी अरुण उरांव, कांग्रेस के एक अन्य वरिष्ठ नेता बजरंगी यादव और आरपी सिन्हा भी आज भाजपा में शामिल हुए।

कार्यक्रम में जहां मुख्यमंत्री रघुवर दास ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व से प्रभावित होकर एवं भाजपा की नीतियों के चलते विभिन्न दलों के लोग भाजपा की ओर आकर्षित हो रहे हैं वहीं राज्य की विपक्षी पार्टियों कांग्रेस एवं झामुमो ने इसे नेताओं की मौका परस्ती करार दिया है।दोनों ही विपक्षी पार्टियों ने दावा किया है कि उनके नेताओं के भाजपा में शामिल होने से उन्हें कोई नुकसान नहीं होगा।झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने दावा किया कि उनकी पार्टी से भाजपा में जाने वाले मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल को झामुमो से पहले ही निष्कासित किया जा चुका है जबकि कुणाल का फैसला अवसरवाद से प्रभावित है।उन्होंने कहा कि इन विधायकों के जाने से पार्टी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ेगा।कांग्रेस के प्रवक्ता आलोक दूबे ने दावा किया कि भाजपा अब अपराधियों, मौकापरस्तों एवं दलबदलुओं का अड्डा बन कर रह गई है।मुख्यमंत्री दास ने कहा कि कांग्रेस और झामुमो के परिवारवाद और देश विरोधी नीतियों से वहां के अनेक नेता और कार्यकर्ता बुरी तरह निराश हैं जबकि भाजपा की राष्ट्रवादी नीतियों से प्रभावित नेता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 24 अक्टूबर, 2019






## सरकार ने दक्षिण कश्मीर के फल उत्पादकों से सेब की 1.34 लाख पेटियां खरीदीं

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने दक्षिण कश्मीर के फल उत्पादकों से बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत 1.34 लाख सेब की पेटियां खरीदी हैं। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि हाल में बागवानी विभाग की ओर से शुरू हुई एमआईएस योजना के तहत अनंतनाग की बाटेंगू फल मंडी से 1,34,000 पेटियां खरीदीं और इसके लिए किसानों को 2.5 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। अधिकारियों के मुताबिक एमआईएस योजना का मूल उद्देश्य फसल का अधिक उत्पादन होने और दाम गिरने की स्थिति में किसानों को उचित मूल्य दिलाना है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा बागवानी विभाग ने ने 3.23 लाख रुपए की लागत के 19 सिंचाई पंप और 20 ट्यूबवेल भी बागान मालिकों को दिए हैं।

## एलएंडटी को एचपीसीएल से मिला 7,000 करोड़ रुपए से अधिक का ठेका

**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग और निर्माण क्षेत्र की लार्सन एंड टूब्रो की इकाई एलटीएचई को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन से बड़ी परियोजना का ठेका मिला है। एलएंडटी के बयान के अनुसार अनुसार 7,000 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की वृहत परियोजना एलएंडटी हाइड्रोकार्बन इंजीनियरिंग लिमिटेड (एलटीएचई) को मिली है। ठेके के तहत कंपनी को परियोजना चालू करके देनी है। बयान के मुताबिक यह परियोजना हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की विशाखापत्तनम में विशाख रिफाइनरी आधुनिकीकरण परियोजना का हिस्सा है।

# आईटी, वित्तीय कंपनियों के शेयर चढ़ने से बाजार में तेजी लौटी

## सेंसेक्स 95 अंक चढ़ा निफ्टी 11,600 अंक के पार

एजेंसी। मुंबई

**सूचना प्रौद्योगिकी,** वित्तीय और वाहन कंपनियों के शेयरों में निवेशकों की लिवाली से बुधवार को सेंसेक्स 95 अंक चढ़ गया। हालांकि, इस दौरान वैश्विक बाजारों में मिलाजुला रुख रहा।

बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में अंत में 94.99 अंक यानी 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,058.83 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 39,058.83 अंक और नीचे में 38,866.08 अंक के दायरे में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 15.75 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,600 अंक को पार करता हुआ 11,604.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में तिमाही नतीजों से पहले एचसीएल टेक का शेयर सबसे अधिक 2.93 प्रतिशत चढ़ गया। मारुति सुजुकी, एसबीआई, एचडीएफसी, हीरो मोटोकॉर्प और इन्फोसिस के शेयर भी 2.55 प्रतिशत तक लाभ में रहे।

वहीं दूसरी ओर भारती एयरटेल, वेदांता, ओएनजीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक बैंक और एस बैंक के शेयर 3.59 प्रतिशत तक नीचे आ गए। इन्फोसिस के शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ एक व्हिसलब्लोअर की शिकायत को देखते हुए कंपनी के शेयरों में मंगलवार को भारी गिरावट आई थी। बुधवार को कंपनी का शेयर 1.16 प्रतिशत सुधर गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बैंकिंग और आईटी क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में चुनिंदा लिवाली से बाजार का रुख सकारात्मक रहा। नायर ने कहा कि कॉरपोरेट कर की दर में कटौती से कंपनियों के दूसरी तिमाही के परिणाम अच्छे रहे हैं। हालांकि, बाजार राजस्व में वृद्धि की समीक्षा करेगा, जिससे पुनः रेटिंग की किसी संभावना का आकलन किया जा सकेगा। बीएसई मिडकैप में मामूली गिरावट रही, जबकि बीएसई स्मॉलकैप 0.25 प्रतिशत लाभ में रहा। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ब्रेक्जिट विधेयक रखने की समयसारिणी मतदान में हार गए। इससे ब्रिटेन के इस माह के अंत तक यूरोपीय संघ से बाहर निकलने को लेकर शंका पैदा हो गई है। वैश्विक शेयर बाजारों पर इसका असर रहा। अन्य एशियाई बाजारों में चीन का शंघाई, हांगकांग के हैंगसेंग, जापान के तोक्यो और दक्षिण कोरिया के सियोल मिलेजुले रुख के साथ बंद हुए। शुरुआती कारोबार में यूरोपीय बाजारों में भी गिरावट का रुख रहा। इस बीच, अंतर बैंक विदेशी विनिमय बाजार में बुधवार को कारोबार के दौरान रुपया मामूली बढ़त के साथ 70.92 प्रति डॉलर पर चल रहा था। वहीं ब्रेंट कच्चा तेल वायदा 0.85 प्रतिशत टूटकर 59.19 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।







## पी-नोट के जरिए निवेश में लगातार चौथे महीने गिरावट, सितंबर में 76,611 करोड़ रुपए रहा

**नई दिल्ली।** घरेलू पूंजी बाजार में पार्टिसिपेटरी नोट (पी-नोट) के जरिए निवेश सितंबर महीने में घटकर 76,611 करोड़ रुपए रहा। यह लगातार चौथा महीना है जब पी-नोट के जरिए निवेश में कमी आई है। पी-नोट के जरिए निवेश अगस्त महीने में 79,088 करोड़ रुपए था। पार्टिसिपेटरी-नोट पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीओ) उन विदेशी निवेशकों को जारी करते हैं जो भारतीय शेयर बाजार में बिना पंजीकरण के निवेश करना चाहते हैं। पूंजी बाजार नियामक सेबी के अनुसार पी-नोट के जरिए निवेश में जून से ही गिरावट जारी है। आंकड़ों के अनुसार भारतीय पूंजी बाजार में...शेयर, बांड और डेरिवेटिव्स...पी-नोट निवेश सितंबर महीने में घटकर 76,611 करोड़ रुपए रहा जो अगस्त में 79,088 करोड़ रुपए था।सितंबर के अंत तक किए गए कुल निवेश में से 50,676 करोड़ रुपए शेयर में, 25 करोड़ रुपए बांड तथा 241 करोड़ रुपए डेरिवेटिव्स खंड में निवेश किए गए।

## वाहन वितरकों के संगठन फाडा ने शरू की यूएम लोहिया के खिलाफ कानूनी लड़ाई


एजेंसी। नई दिल्ली


**वाहन वितरकों** के संगठन फाडा ने अपने सदस्यों की तरफ से मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी यूएम लोहिया टू-व्हीलर्स के खिलाफ बुधवार को कानूनी कार्वाई शुरू कर दी।

लोहिया समूह और अमेरिका की यूएम मोटरसाइकिल्स के संयुक्त उपक्रम यूएम लोहिया टू-व्हीलर्स ने पिछले साल अक्टूबर में अचानक से अपने भारतीय परिचालन को बंद कर दिया था। इससे कंपनी के करीब 80 वितरकों का भविष्य अधर में लटक गया। इन वितरकों ने कंपनी के खुदरा बिक्री नेटवर्क को खड़ा करने में करीब 150 करोड़ रुपए का निवेश किया। इस संयुक्त उपक्रम का गठन 2015 में किया गया और इसने खुदरा बिक्री 2016 में शुरू की। वाहन वितरक संगठनों के महासंघ फाडा (फेडरेशन ऑफ आटोमो) ने कहा कि उसने कंपनी के अमेरिकी और भारतीय निदेशकों को कानूनी नोटिस भेजा है। फाडा के पूर्व-अध्यक्ष एवं सदस्य निकुंज सांघी ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह धोखाधड़ी का मामला है। इन वितरकों को उनके कारोबार, विश्वसनीयता इत्यादि का नुकसान हुआ जबकि उनकी इसमें कोई गलती भी नहीं। इन लोगों ने कंपनी में निवेश किया और अब वे भारी कर्ज के बोझ तले दबे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से यह देखा जा रहा है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां देश में आती हैं। बड़े-बड़े निवेश के वादे करती हैं और फिर अचानक से घरेलू निवेशकों को अधर में छोड़कर देश से चली जाती हैं। वह कंपनी से वितरकों के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं जिन्होंने कंपनी की करीब 10,000 मोटरसाइकिलों की बिक्री की है। सांघी ने कहा कि अब कंपनी के वाहनों की सर्विस कैसे होगी? कौन उनके कलपुर्जे बनाएगा। वितरकों के यहां पहले ही करीब 2,500 लोगों की नौकरी जा चुकी है। सरकार को इस स्थिति को नजदीक से देखने की जरूरत है।

## सेकेंड हैंड लक्जरी कार बेचने वाली बिग बॉय टॉयज की बिक्री नेटवर्क विस्तार योजना

**नई दिल्ली।** रॉल्स रॉयस, फरारी और बीएमडब्ल्यू जैसी सेकेंड हैंड लक्जरी कारों की बिक्री करने वाली कंपनी बिग बॉय टॉयज की अपने बिक्री नेटवर्क का विस्तार करने की योजना है। साथ ही कंपनी ने लक्जरी मोटरसाइकिल और नई लक्जरी कारों की बिक्री भी शुरू की है। इसके अलावा कंपनी की दक्षिण भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए हैदराबाद में शोरूम खोलने की भी योजना है। गुरुग्राम की यह कंपनी अभी दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में खुदरा कारोबार करती है। कंपनी का लक्ष्य अपने मुख्य कारोबार को बढ़ाने का है। साथ ही उसकी शेयर बाजार में प्रवेश करने की कोई योजना नहीं है। कंपनी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक जतिन आहूजा ने कहा, कड़ी चुनौतियों के बावजूद हम चालू वित्त वर्ष में पिछले साल जैसा प्रदर्शन करने के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। बाजार में नरमी के असर से बचने के लिए हमने नई कारों और लक्जरी मोटरसाइकिल की बिक्री भी शुरू की है। कंपनी ने 2018-19 में 225 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले दो से तीन साल में अपना कारोबार 1,000 करोड़ रुपए पर पहुंचाने का है। आहूजा ने कहा कि कंपनी अगले एक-दो महीने में हैदराबाद में नया शोरूम खोलने पर काम कर रही है। इसके अलावा उसने नई कारों की बिक्री भी शुरू कर दी है।




## सुस्ती के बावजूद 2019 की तीन तिमाहियों में बिके 2.02 लाख फ्लैट

एजेंसी। बेंगलुरू

### 1.54 लाख करोड़ का कारोबार

**सुस्त उपभोक्ता** रुख के बावजूद देश के शीर्ष सात शहरों में 2019 की पहली तीन तिमाहियों में करीब 1.54 लाख करोड़ रुपए के मकानों की बिक्री हुई। पिछले साल इसी अवधि की तुलना में बिक्री में 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। प्रॉपर्टी से जुड़ी परामर्श देने वाली फर्म एनारॉक ने यह जानकारी दी।

एक साल पहले की इसी अवधि में करीब 1.33 लाख करोड़ रुपए के मकानों की बिक्री हुई थी। कंपनी के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा कि 2019 में जनवरी से सितंबर तक इन शहरों में करीब 2.02 लाख इकाइयों की बिक्री हुई। एक साल पहले इसी अवधि में लगभग 1.78 लाख घर बेचे गए थे। मूल्य के आधार पर , सबसे ज्यादा आवास बिक्री मुंबई महानगर क्षेत्र में दर्ज की गई। 2019 में सितंबर तक मुंबई में 62,970 करोड़ रुपए कीमत के मकानों की बिक्री हुई। 2018 में यह आंकड़ा 47,240 करोड़ रुपए था। इस दौरान , 33 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मुंबई के बाद बेंगलुरु में 28,160 करोड़ रुपए मूल्य के मकान बिके। पिछले साल की इस अवधि की तुलना में इसमें सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। सितंबर 2018 तक यह आंकड़ा 30,310 करोड़ रुपए था। पुरी के मुताबिक , पुणे में आवास बिक्री 32 प्रतिशत बढ़कर 17,530 करोड़ रुपए पर रही। जनवरी-सितंबर 2018 में 13,275 करोड़ रुपए की आवास बिक्री हुई थी।राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में 2019 में अब तक 24,860 करोड़ रुपए के मकानों की बिक्री हुई। 2018 की तीन तिमाहियों में यह आंकड़ा 21,600 करोड़ रुपए था। इस दौरान, 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। हैदराबाद और चेन्नई में 2019 में अब तक क्रमशः 9,400 करोड़ रुपए और 5,580 करोड़ रुपए की आवास बिक्री दर्ज की गई। कोलकाता में 5,850 करोड़ रुपए की आवास बिक्री हुई। शीर्ष सात शहरों में 2019 की तीन तिमाहियों में चेन्नई का प्रदर्शन सबसे खराब रहा। वहीं, 2019 की तीसरी तिमाही में शीर्ष सात शहरों में आवास बिक्री 17 प्रतिशत गिरकर 42,040 करोड़ रुपए रही। एक साल पहले की इसी तिमाही में 50,535 करोड़ रुपए के मकान बिके थे।

## अमेरिका-चीन व्यापार तनाव से भारत को कोई फायदा मिलना मुश्किलः ईआईयू

एजेंसी। नई दिल्ली

**अमेरिका-चीन** व्यापार तनाव से भारत को बहुत ज्यादा फायदा मिलता नहीं दिखाई देता है। इकनॉमिस्ट इंटेलिजेंस यूनिट (ईआईयू) की एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष सामने आया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए मौजूदा नीतिगत अड़चनों, कड़े श्रम कानूनों तथा भूमि अधिग्रहण की मुश्किल प्रक्रिया की वजह से भारत इस तनाव से कुछ ज्यादा फायदा नहीं उठा पाएगा। रिपोर्ट कहती है कि अमेरिका-चीन व्यापार तनाव की वजह से कुछ वैश्विक कंपनियां अपने विनिर्माण आधार का विविधीकरण कर रही है और कुछ उत्पादन चीन से बाहर ले जा रही हैं, लेकिन इसका फायदा भारत को नहीं मिलेगा। ईआईयू के विश्लेषक सार्थक गुप्ता ने कहा, निवेश के मामले में भारत क्षेत्रीय समकक्षों की तुलना में पिछड़ सकता है। क्योंकि यहां बड़े पैमाने पर उत्पादन को लेकर नीतिगत अड़चनें हैं, श्रम कानून कड़े हैं और भूमि अधिग्रहण और परमिट की प्रक्रिया काफी मुश्किल है और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की संख्या सीमित है।

गुप्ता ने कहा, कॉरपोरेट कर में हालिया की गई कटौती से भारत के कारोबारी वातावरण का आकर्षण बढ़ेगा। लेकिन इसके बावजूद हमारा मानना है कि भारत विनिर्माण के वैकल्पिक गंतव्य के रूप में चीन का स्थान नहीं ले पाएगा। अमेरिका-चीन व्यापार युद्ध जारी रहने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा है। इन सब घटनाक्रमों के बीच दक्षिण पूर्व एशिया, विशेषरूप से वियतनाम और थाइलैंड विनिर्माण गंतव्य के रूप में चीन का विकल्प बनकर उभर रहे हैं। गुप्ता ने कहा कि यदि ब्राजील, पूर्वी अफ्रीका और बांग्लादेश में नीतिगत माहौल भारत की तुलना में अधिक तेजी से सुधरता है तो मध्यम अवधि में ए देश भी भारत की तुलना में अधिक आकर्षक गंतव्य बन सकते हैं। रिपोर्ट कहती है कि विश्व बैंक की कारोबार सुगमता रैंकिंग में 2019 में भारत की स्थिति काफी सुधरी है और साथ ही बुनियादी ढांचा निवेश भी बढ़ा है, लेकिन बड़ी परियोजनाओं के लिए यहां भूमि अधिग्रहण काफी समय लेने वाली महंगी प्रक्रिया है। साथ ही यहां श्रम कानून काफी अंकुश लगाने वाले हैं। गुप्ता ने कहा कि इसके अलावा भारत में परमिट और मंजूरियां हासिल करना काफी चुनौतीपूर्ण है।

## अगले वित्त वर्ष में आर्थिक वृद्धि दर सात प्रतिशत रहने का अनुमानः आईएमएफ

एजेंसी। सिंगापुर

**अंतरराष्ट्रीय** मुद्राकोष (आईएमएफ) ने अगले साल भारत की आर्थिक वृद्धि दर सुधरकर 7 प्रतिशत पर पहुंच जाने का अनुमान जताया है। मौद्रिक नीति के जरिए प्रोत्साहन और कंपनी कर में कटौती जैसे उपायों से आर्थिक वृद्धि में तेजी आने की उम्मीद है।

आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के उप-निदेशक जोनाथन ओस्ट्री ने संवाददाताओं से कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर अगले वित्त वर्ष (2020-21) में सात प्रतिशत के आसपास रहने की संभावना है। चालू वित्त वर्ष में इसके 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। मौद्रिक नीति प्रोत्साहन जैसे उपायों से आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि हाल में कर कटौती, सरकार के वित्तीय क्षेत्र में समस्याओं को दूर करने के लिए उठाए गए कदमों तथा विभिन्न क्षेत्रों को समर्थन देने के उपायों से निकट भविष्य में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर में सुधार की उम्मीद है।

हाल की तिमाहियों में भारतीय अथर्व्यवस्था की नरमी के बारे में ओस्ट्री ने कहा, वास्तव में इससे आईएमएफ समेत हममें से कइयों को अचंभा हुआ। उन्होंने कहा, नरमी का कोई एक कारण नहीं है, इसके कई कारण हैं। इनमें कंपनी तथा नियामकीय माहौल को लेकर अनिश्चितताएं, गैर-बैंकिंग वित्तीय क्षेत्र में दबाव तथा ग्रामीण क्षेत्र में दबाव समेत अन्य कारण हैं। क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरईसीपी) के बारे में पूछे जाने पर आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के उप-निदेशक ने कहा कि मुक्त व्यापार भागीदारी समझौते में सेवा क्षेत्र को शामिल करने के महत्व को रेखांकित किया गया है। इस समझौते के जल्दी ही निष्कर्ष पर पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में आर्थिक वृद्धि को सतत बनाए रखने के लिए एकीकरण जैसी चीजें जरूरी हैं। इसके लिए न केवल वस्तु व्यापार की जरूरत है बल्कि सबसे महत्वपूर्ण सेवा व्यापार की भी आवश्यकता है। यह भारत और दक्षिण एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के लिए वृद्धि का मजबूत इंजन उपलब्ध करा सकता है। आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत की सेवा क्षेत्र में सफलता उल्लेखनीय है। यह दुनिया की सूचना और संचार प्रौद्योगिकी सेवा निर्यात को साझा करता है जो एक दशक में तीन गुना हो गया है। जहां 2000 में यह 6.3 प्रतिशत था वह 2010 में 17.8 प्रतिशत हो गया।

## बजाज ऑटो का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 21 प्रतिशत बढ़कर 1,523.32 करोड़

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो का एकीकृत शुद्ध लाभ सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही में 21.23 प्रतिशत बढ़कर 1,523.32 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक साल पहले की इसी तिमाही में उसने 1,256.57 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को बताया कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन से कुल आय 4.09 प्रतिशत गिरकर 7,707.32 करोड़ रुपए रह गई। एक साल पहले की जुलाई - सितंबर अवधि में उसकी परिचालन से आय 8,036.34 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी कुल वाहन बिक्री 12 प्रतिशत कम होकर 11,73,591 इकाई रही। एक साल पहले की इसी तिमाही में उसने 13,39,444 वाहनों की बिक्री की थी। इस दौरान , मोटरसाइकिल बिक्री 13 प्रतिशत गिरकर 9,84,240 इकाई पर रही। एक साल पहले की सितंबर तिमाही में कंपनी ने 11,26,542 मोटरसाइकिलें बेची थीं। वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत गिरकर 2019-20 की सितंबर तिमाही में 1,89,351 इकाई रह गई जबकि 2018-19 की इसी तिमाही में यह आंकड़ा 2,12,902 इकाई था।

## अमेरिका के वित्तीय दबदबे को विस्तार देगी लिब्राः जुकरबर्ग

एजेंसी। वाशिंगटन

**फेसबुक** की प्रस्तावित डिजिटल मुद्रा लिब्रा एक तरफ दुनियाभर में अमेरिका के वित्तीय दबदबे का विस्तार करेगी, वहीं वैश्विक स्तर पर नकदी की तंगी से जूझ रहे लोगों की मदद भी करेगी। फेसबुक के मुख्य कार्यकारी मार्क जुकरबर्ग ने मंगलवार को विधिनिर्माताओं के समक्ष दिए जाने वाले अपने बयान में यह बात कही।

अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की वित्तीय सेवा समिति द्वारा समन किए गए जुकरबर्ग ने बुधवार को पेश होने से एक दिन पहले यह बयान जारी किया। वह बुधवार को दूसरी बार अमेरिका की कांग्रेस के समक्ष पेश हुए। इससे पहले वह निजता संबंधी एक मामले में अप्रैल 2018 में कांग्रेस के समक्ष पेश हुए थे। उल्लेखनीय है कि दुनिया की सबसे बड़ी सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक की योजना एक डिजिटल मुद्रा लिब्रा पेश करने की है। इसे लेकर उसे अमेरिका और यूरोप में नियामकों और कानून निर्माताओं के प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। अपने तैयार बयान में जुकरबर्ग ने कहा, जब हम इन मुद्दों पर वाद-विवाद कर रहे होंगे, तब सारी दुनिया इंतजार नहीं कर रही होगी। चीन आने वाले महीनों में इसी तरह की मुद्रा जारी करने पर तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा, लिब्रा को डॉलर का समर्थन होगा और मेरा मानना है कि यह दुनिया में अमेरिका के वित्तीय दबदबे के साथ-साथ हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों को भी विस्तार देगी। यदि अमेरिका नवोन्मेष नहीं करेगा तो इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि हमारा वित्तीय दबदबा बना रहेगा,। फेसबुक की योजना लिब्रा को 2020 में पेश करने की है। वहीं विधि निर्माता और नियामक इसके प्रभाव को लेकर चिंतित हैं।

## जुकरबर्ग अमेरिकी कांग्रेस में पेश

एजेंसी। वाशिंगटन

**फेसबुक के** मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग अमेरिकी कांग्रेस के समक्ष फिर पेश हुए। उनकी कंपनी फेसबुक निजता, नफरत वाले संदेश और बाजार की असीम शक्ति के दुरुपयोग के आरोपों के चलते जांच के दायरे में है। जुकरबर्ग कांग्रेस के समक्ष अपर्याप्त निजता, घृणा फैलाने वाले या गलत जानकारी देने वाले संदेशों को हटाने इत्यादि से जुड़े सवालों का जवाब देने के लिए पेश हुए हैं। कांग्रेस के प्रतिनिधि सभा की वित्तीय सेवा समिति ने जुकरबर्ग को फेसबुक के वैश्विक डिजिटल मुद्रा बनाने की योजना पर गवाही देने के लिए बुधवार को समन किया है।

फेसबुक की डिजिटल मुद्रा लिब्रा योजना को अमेरिका और यूरोप में नियामकों और विधिनिर्माताओं के कड़े प्रतिरोध का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन कंपनी की संपूर्ण नीतियां और कामकाज का तरीका सरकार की जांच के दायरे में है। फेसबुक के दुनियाभर में करीब 2.5 अरब उपयोक्ता हैं। इससे पहले फेसबुक प्रमुख जुकरबर्ग अप्रैल 2018 में कांग्रेस के समक्ष गवाही देने के लिए पेश हुए थे। मौजूदा वक्त में कंपनी को लगभग अपनी हर कोशिश के लिए सरकार, जनता और विधिनिर्माताओं में से किसी ना किसी के गुस्से का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी के निजता संबंधी उल्लंघनों के मामले सामने आने पर जहां उसे जनता के गुस्से का शिकार होना पड़ा। वहीं जनता को अधिक निजता विकल्प देने के लिए उसकी कूट भाषा में संदेश सेवा शुरू करने की योजना का विधिनिर्माताओं और कानून अनुपालन एजेंसियों ने प्रतिरोध किया। कैंब्रिज एनालिटिका मामले में घिरने के बाद से फेसबुक इस तरह की परेशानियों का लगातार सामना कर रही है।

## बोइंग ने मैक्स संकट के बीच वाणिज्यिक विमान विभाग प्रमुख को हटाया

**न्यूयॉर्क।** बोइंग ने अपने वाणिज्यिक विमान विभाग के प्रमुख को हटा दिया है। सात महीने पहले कंपनी के 737-मैक्स विमान पर दुनियाभर में उड़ान भरने से रोक लगाने के संकट में घिरने के बाद यह अहम विदाई है। कंपनी ने अपने तिमाही परिणामों की घोषणा से एक दिन पहले एक बयान में जानकारी दी कि नवंबर 2016 से उसके वाणिज्यिक विमान विभाग के प्रमुख केविन मैकएलिस्टर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। स्टैन डील मैकएलिस्टर का स्थान लेंगे। वह वर्तमान में कंपनी के वैश्विक सेवाओं के प्रमुख हैं। एक के बाद एक दो दुर्घटनाओं में कुल 346 लोगों की मौत हो जाने के बाद मार्च में कंपनी के 737-मैक्स विमानों के उड़ान भरने पर दुनियाभर में रोक लगा दी गई। कंपनी अमेरिका के विमानन नियामक के साथ विमान में सुधार करने को लेकर लगातार संपर्क में है लेकिन अभी यह प्रक्रिया उसकी उम्मीद से अधिक लंबी चलने की संभावना है।

# करतारपुर गलियारा समझौते पर आज हो सकते हैं हस्ताक्षर : पाकिस्तान

● करतारपुर गलियारा भारत के पंजाब में डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे को करतापुर के गरुद्वारे से जोड़ेगा जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से महज चार किलोमीटर दूर है।

**एजेंसी।** इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** ने बुधवार को कहा कि करतारपुर गलियारे को चालू करने के लिए भारत के साथ ऐतिहासिक समझौते पर बृहस्पतिवार को हस्ताक्षर हो सकते हैं। यह गलियारा भारत के पंजाब में डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे को करतापुर के गुरुद्वारे से जोड़ेगा जो अंतरराष्ट्रीय सीमा से महज चार किलोमीटर दूर है। करतारपुर में गुरुद्वारा पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के नरोवाल जिले में स्थित है।

शुरुआत में दोनों पक्ष बुधवार को समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए राजी हुए थे। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल ने यहां पत्रकारों से कहा, हमारी समझौते पर कल (बृहस्पतिवार को) हस्ताक्षर करवाने की कोशिश है। उन्होंने बताया कि ऐसी व्यवस्था बनी है जिसमें श्रद्धालु सुबह आएंगे और गुरुद्वारा दरबार साहिब में मत्था टेकने के बाद शाम को लौट जाएंगे। हर दिन इस पवित्र धर्म स्थल पर कम से कम 5,000 श्रद्धालुओं को आने की अनुमति दी जाएगी। फैसल ने कहा कि हर श्रद्धालु को शुल्क के तौर पर 20 डॉलर देने होंगे। उन्होंने बताया कि समझौते पर हस्ताक्षर के बाद उसके बारे में और अधिक जानकारियां दी जाएगी। भारत इस समझौते पर ऐसे समय में हस्ताक्षर करने जा रहा है जब उसने हर श्रद्धालु पर 20 डॉलर का सेवा शुल्क लगाने के पाकिस्तान के फैसले का विरोध किया है।

नई दिल्ली में विदेश मंत्री ने सोमवार को कहा था कि मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के एक अधिकारी बृहस्पतिवार को करतारपुर गलियारे के पास जीरो प्वॉइंट पर पाकिस्तान के अधिकारियों से मिलेंगे और भारत की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे। भारत और पाकिस्तान की गुरु नानक देव की 550वीं जयंती पर साल भर चलने वाले जश्न समारोह से पहले नवंबर की शुरुआत में इस गलियारे को खोलने की योजना है। सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव ने करतारपुर में 18 से अधिक साल बिताए थे। फैसल ने यह भी कहा कि भारत सरकार ने हरियाणा तथा महाराष्ट्र में हाल ही संपन्न चुनावों के दौरान अपनी घरेलू राजनीति में पाकिस्तान को घसीटने की कोशिश की। उन्होंने एक बार फिर भारत द्वारा नियंत्रण रेखा पर आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाने की भारतीय सेना प्रमुख की टिप्पणियों का कड़ा खंडन किया। उन्होंने पी-5 (संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्य) देशों से भारत से आतंकी शिविरों के बारे में सूचना मुहैया कराने के लिए कहने की अपील की।

फैसल ने कहा कि पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में भारतीय उच्चायोग से अपने दावों के समर्थन में आतंकी शिविरों के ठिकाने की जानकारी बताने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवादियों को पनाह नहीं दी लेकिन हमारे सशस्त्र बल और लोग हमले की किसी भी कार्वाई के खिलाफ देश की रक्षा करने के लिए तैयार हैं। एक सवाल के जवाब में फैसल ने कहा कि अगर सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान के अधिकारों को चुनौती दी गई तो वह उचित मंच पर अपने मामले को उठाएगा। प्रवक्ता ने कहा कि कश्मीर पर पाकिस्तान का रुख बहुत स्पष्ट है और उसमें कोई बदलाव नहीं हुआ है। उन्होंने कश्मीर में कथित मानवाधिकार उल्लंघनों की भी निंदा की। कश्मीर मुद्दे पर मलेशियाई राष्ट्रपति महातिर मोहम्मद के रुख के बारे में पूछे जाने पर फैसल ने कहा, पाकिस्तान को अपने मलेशियाई भाइयों और बहनों पर गर्व है। महातिर ने पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर मुद्दा उठाया था, जिस पर भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

## चीन करेगा अंतर अफगान सम्मेलनः तालिबान

**एजेंसी।** काबुल

**अफगानिस्तान** में शांति स्थापित करने के लिए अमेरिका और तालिबान के बीच पिछले माह हुई एक बैठक बेनतीजा रहने के बाद चीन ने तालिबान के एक प्रतिनिधिमंडल को बीजिंग में अंतर अफगान सम्मेलन में शिरकत करने के लिए आमंत्रित किया है। तालिबान के प्रवक्ता सुहैल शाहीन ने ट्वीट किया कि तालिबानी नेता मुल्ला अब्दुल्ला गनी बरादर ने दोहा में चीन के राजदूत से मुलाकात की।शाहीन ने लिखा, दोनों पक्षों ने होने वाले अंतर अफगान सम्मेलन पर और अफगानिस्तान की समस्या के समाधान से जुड़े मसलों पर चर्चा की। उन्होंने बाद में बताया कि यह सम्मेलन 29-30 अक्टूबर को आयोजित हो रहा है और यह अमेरिका तथा तालिबान के बीच पूर्व में हुई बातचीत से अलग होगा।प्रवक्ता ने ट्वीट किया कि इसमें शामिल होने वाले सभी लोग अफगानिस्तान की समस्या के समाधान पर अपनी राय देंगे। चीन के इस कदम पर अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी प्रशासन की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।प्रवक्ता ने एएफपी को बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि क्या सरकारी अधिकारी भी इसमें शिरकत करेंगे। उन्होंने कहा कि केवल निचले रैंक के अधिकारियों के नामों को अतिथि सूची में शामिल किया जाएगा।



जकार्ता, इंडोनेशिया में बुधवार को मर्देका पैलेस में नए मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपने नए कैबिनेट मंत्रियों के साथ इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो और उनकी पत्नी इरीआना

## किम ने उत्तर कोरिया स्थित दक्षिण कोरिया के भवनों को नष्ट करने का आदेश दिया

**एजेंसी।** सियोल

**उत्तर** कोरिया के नेता किम जोंग उन ने उत्तर कोरिया के डायमंड माउंटेन रिजॉर्ट में स्थित दक्षिण कोरिया निर्मित होटलों और अन्य पर्यटन भवनों को नष्ट करने का आदेश दिया है। उत्तर कोरिया ऐसा इसलिए कर रहा है क्योंकि दक्षिण कोरिया अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की अवहेलना नहीं करेगा और उस स्थान पर अपने पर्यटन को बहाल करेगा।

उत्तर कोरिया की सरकारी संवाद समिति कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बुधवार को कहा कि किम ने रिजॉर्ट का दौरा किया और उसकी सुविधाओं को जर्जर तथा उसमें राष्ट्रीयता की कमी बताई। खबर के अनुसार किम ने अपने दिवंगत पिता के समय की उत्तर कोरिया की उन नीतियों की आलोचना की जो काफी हद तक दक्षिण कोरिया पर निर्भर थीं। केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार किम ने दक्षिण कोरिया के अधिकारियों के साथ इस मुद्दे पर चर्चा के बाद अपने अधिकारियों को दक्षिण कोरिया द्वारा निर्मित कम आकर्षक भवनों को नष्ट करने और अपने तरीके से नए आधुनिक सेवा भवनों के निर्माण का निर्देश दिया जो माउंट कुमकांग के प्राकृतिक परिदृश्य के साथ मेल खाता हो। डायमंड माउंटेन में 2008 में एक पर्यटक की मौत के बाद दक्षिण कोरिया ने वहां पर्यटन बंद कर दिया था। इसके अनुसार उत्तर कोरिया के विरुद्ध प्रतिबंधों का विरोध किए बिना अंतर कोरियाई आर्थिक गतिविधियां फिर से शुरू नहीं हो सकती हैं। दोनों कोरियाई देशों के बीच 2016 तक आर्थिक गतिविधियां मजबूत हुई थीं लेकिन इसके बाद उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रम में तेजी लानी शुरू कर दी।

## क्विक न्यूज

### चद्रमा के पास से गुजरे अमेरिकी मिशन को नहीं मिला विक्रम लैंडर का सुराग

**वाशिंगटन।** अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा है कि चंद्रमा क्षेत्र के पास से हाल मे गुजरे उसके चंद्रमा ऑर्बिटर द्वारा कैद की गई तस्वीरो मे चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर का कोई सुराग नही मिला है। यह ऑर्बिटर चंद्रमा के उस क्षेत्र से गुजरा था जहां भारत के महत्त्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-2 ने सॉफ्ट लैंडिग का प्रयास किया था।भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सात सितंबर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर विक्रम की सॉफ्ट लैंडिंग कराने का प्रयास किया था लेकिन लैंडर से संपर्क टूट जाने के बाद से उसका कुछ पता नही चल सका है। लूनर रिकॉनसन्स ऑर्बिटर (एलआरओ) के परियोजना वैज्ञानिक नोआह एडवर्ड पेट्रो ने ई-मेल के जरिए विशेष बातचीत में पीटीआई-भाषा को बताया, एलआरओ मिशन ने 14 अक्टूबर को चंद्रयान-2 विक्रम लैंडर के उतरने वाले स्थान के क्षेत्र की तस्वीरों को कैद किया लेकिन उसे लैंडर का कोई सुराग नही मिला। पीट्रो ने बताया कि कैमरा टीम ने बहुत ध्यान से इन तस्वीरो का अध्ययन किया और बदलाव का पता लगाने वाली तकनीक का इस्तेमाल किया जिसमे लैंडिग की कोशिश से पहले की तस्वीर और 14 अक्टूबर को ली गई तस्वीर के बीच तुलना की गई। एलआरओ मिशन परियोजना के उप वैज्ञानिक जॉन केलर ने पीटीआई-भाषा को बताया, यह संभव है कि विक्रम किसी छाया मे छिपा हो या फिर जिस क्षेत्र मे हमने उसे खोजा, वहां पर वह नही हो। यह क्षेत्र कभी भी छाया से पूरी तरह से मुक्त नही होता है। इससे पहले 17 अक्टूबर को किए गए एक मिशन मे भी एलआरओ टीम को लैंडर की तस्वीर लेने या उसका पता लगाने मे कामयाबी नही मिली थी।

### नेपाल में स्कूल का बरामदा गिरने से 42 विद्यार्थी घायल

**काठमांडू।** काठमांडू के बाहरी इलाके मे बुधवार को एक स्कूल का बरामदा गिरने से कम से कम 42 विद्यार्थी घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना धर्मस्थली क्षेत्र के विद्याकुंज इंग्लिश बोर्डिंग स्कूल में हुई। पुलिस ने बताया कि विद्यार्थी बरामदे से फुटबॉल मैच देख रहे थे लेकिन कमजोर ढांचा उनका बोझ सहन नही कर पाया और गिर गया। पुलिस ने बताया कि घायलो को काठमांडू के एक अस्पताल मे भर्ती कराया गया है और इस संबंध मे स्कूल प्रबंधन ने विभागीय जांच शुरू कर दी है।

### म्यामां में बार-बार नरसंहार होने का है खतराः संयुक्त राष्ट्र मिशन

**संयुक्त राष्ट्र।** म्यामां पर तथ्यों का पता लगाने वाले संयुक्त राष्ट्र मिशन के प्रमुख मरजुकी दारुस्मान ने कहा कि देश मे अल्पसंख्यक रोहिंग्या मुसलमानों के खिलाफ बार-बार नरसंहार होने का गंभीर खतरा है। दारुस्मान ने महासभा की मानवाधिकार समिति को मंगलवार को बताया कि राखइन मे रोहिंग्या समुदाय की स्थिति और खराब हुई है। इंडीपेंडेंट इंटरनेशनल फैक्ट-फाइंडिंग मिशन ऑन म्यामां ने पिछले महीने अपनी अंतिम रिपोर्ट मे कहा था कि म्यामां को रोहिंग्या के खिलाफ कथित नरसंहार के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी मंचो पर जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए।

## आतंक को जड़ से उखाड़ने की जरूरत

● भारतीय अमेरिकी अटॉर्नी ने अमेरिकी कांग्रेस में कहा

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**भारतीय** अमेरिकी अटॉर्नी रवि बत्रा ने कहा है कि आतंक को जड़ से खत्म करने की जरूरत है ताकि अधिकारों और स्वतंत्रता का कुछ अर्थ बना रहे। उनका यह बयान उस वक्त आया जब अमेरिका के कई सांसदों ने जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त किए जाने के बाद राज्य में मानवाधिकारों के महत्व पर जोर दिया।

न्यूयॉर्क से अटॉर्नी रवि बत्रा ने दक्षिण एशिया में मानवाधिकारों पर कांग्रेस की उप समिति के समक्ष अपनी बात कही। एशिया, प्रशांत और परमाणु अप्रसार पर सदन की विदेश मामलों की समिति की उपसमिति में बत्रा ने कहा, जब सीमापार आतंकवाद हर रोज की बात बन चुकी है, घरेलू स्तर पर आतंकवादियों को बढ़ावा दिया जा रहा है और आप घर से बाहर नहीं आना चाहते क्योंकि आपको डर है कि कहीं विस्फोट की चपेट में नहीं आ जाएं। तो ऐसे में कोई व्यक्ति मानवाधिकार से पहले कुछ चाहता है तो वह है जिंदा रहना। बत्रा ने कहा, मुंबई में 26 नवंबर 2008 में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में, मैं चाहता हूं कि भारत से माफी मांगी जाए, उस हमले में यहूदी और अमेरिकियों को पाकिस्तान से आए आतंकियों ने चुन-चुनकर मारा था। तब मैंने संयम बरतने के लिए कहा था लेकिन मैं गलत था। आतंकवाद को जड़ से खत्म करने की जरूरत है ताकि हमारे अधिकार और आजादी बरकरार रहे।

बत्रा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कानूनी प्राधिकार के लिए कानून में संशोधन करने और कश्मीर में सीमापार तथा घरेलू स्तर पर पनपने वाले आतंकवादियों से लड़ाई में लोग हताहत नहीं हों, इसलिए भारी बल को तैनात करने जैसे असाधारण कदम उठाए हैं। बत्रा को सदन की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष एलिट एंजल ने इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी बात रखने के लिए निजी तौर पर आमंत्रित किया था। यहां बत्रा ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को खत्म करने के बारे में मोदी की बात का जिक्र किया। बत्रा ने कहा, उन्होंने (मोदी ने) कहा था कि उन्होंने यह कदम सभी भारतीयों को समान अधिकार और स्वतंत्रता देने के अपने वादे को पूरा करने के लिए उठाया। पांच अगस्त 2019 को उन्होंने जो किया वह न्यायसंगत था। वह इसके लिए सतर्क और तैयार थे। कोई युद्ध नहीं हुआ। कोई फोन सेवा या इंटरनेट कनेक्शन नहीं था इसलिए आतंकी कुछ नहीं कर पाए।

### अमेरिकी समिति के समक्ष भारतीय पत्रकार ने कहाः वैश्विक मीडिया ने पाक प्रायोजित आतंकवाद की अनदेखी की

**वाशिंगटन।** कश्मीर में मानवाधिकार संबंधी स्थिति पर चर्चा के दौरान एक अमेरिकी समिति के समक्ष एक भारतीय पत्रकार ने कहा कि विश्व के प्रेस ने पिछले 30 वर्ष में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद को पूरी तरह नजरअंदाज किया है। भारतीय पत्रकार आरती टीकू सिंह के इस बयान पर अमेरिकी सांसद इल्हान उमर ने तीखी प्रतिक्रिया दी और उनकी पत्रकारिता की निष्पक्षता पर सवाल उठाए। इस आलोचना के बाद सिंह ने इल्हान पर पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस की सुनवाई पूर्वाग्रह से ग्रस्त, पक्षपातपूर्ण, भारत के खिलाफ और पाकिस्तान के समर्थन में है। कांग्रेस के आमंत्रण पर उसके सामने गवाही के लिए अमेरिका पहुंची सिंह ने कहा, संघर्ष के इन 30 वर्ष में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर में इस्लामी जिहाद और आतंकवाद को दिए गए बढ़ावे को दुनिया के प्रेस ने पूरी तरह नजरअंदाज किया। दुनिया में कोई मानवाधिकार कार्यकर्ता और कोई प्रेस नहीं है, जिसे लगता हो कि कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवाद के पीड़ितों के बारे में बात करना और लिखना उनका नैतिक दायित्व है। उमर ने सिंह की आलोचना करते हुए कहा कि जब प्रेस सरकार का मुखपत्र बन जाता है, तो यह उसकी सबसे खराब स्थिति होती है।

## अमेरिकी अधिकारी ने अनुच्छेद-370 पर कहा भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं काम कर रही हैं



**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक शीर्ष अधिकारी ने कांग्रेस की सुनवाई के दौरान कहा कि भारत की लोकतांत्रिक संस्थाएं काम कर रही हैं। इनमें उच्चतम न्यायालय भी शामिल है जो सरकार की ओर से जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लेने के फैसले की समीक्षा कर रहा है। दक्षिण एवं मध्य एशिया क्षेत्र की सहायक अमेरिकी विदेशमंत्री एलिस वेल्स ने यह जवाब कांग्रेस सदस्य इल्हान उमर के सवाल पर दिया जिसमें उन्होंने पूछा था कि क्या अमेरिका अपना भविष्य तय करने के मामले में कश्मीरी लोगों का समर्थन देने को लेकर प्रतिबद्ध है? वेल्स ने कहा कि वह सोमालिया मूल की अमेरिकी सांसद के इस राय से सहमत नहीं हैं कि अमेरिकी प्रशासन का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के संबंध मूल्यों पर आधारित नहीं है। उन्होंने, मैं रेखांकित करना चाहती हूं कि प्रधानमंत्री लगातार दूसरी बार जीत कर सत्ता में आए हैं। वह बहुत ही विविधता लिए देश में बहुमत पाने में सफल हुए हैं। वेल्स ने कहा, आपको पृष्ठभूमि बता दूं कि इस फैसले को विपक्षी सदस्यों सहित संसद ने मंजूरी दी है। उच्चतम न्यायालय फैसले की समीक्षा कर रहा है। बंदी प्रत्यक्षीकरण के मामले में उच्च न्यायालय समीक्षा कर रहे हैं। भारत में लोकतांत्रिक संस्थाएं काम कर रही हैं। अमेरिकी सहायक मंत्री ने कहा कि अमेरिका का निश्चित तौर पर मानना है कि कश्मीरी लोगों की आवाज सुनी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, जब राजनीतिक व्यवस्था बहाल होती या विधानसभा चुनाव होते तब कश्मीरी अपने मत का प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा में प्रकट कर सकते। इसलिए मेरा मानना है कि आवाजाही पर पाबंदी को लेकर जो चिंता जताई गई एवं पिछले 78 दिन में हमने जो कुछ भी देखा है उसे देखते हुए कश्मीरियों के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन का विचार मुश्किल जान पड़ता है।

## फ्रांसः संग्रहालय को नरक बनाने की धमकी देने वाला व्यक्ति पुलिस हिरासत में

**सेंट-रफाएल ( फ्रांस )।** दक्षिणी फ्रांस में पुलिस ने बुधवार को उस व्यक्ति को हिरासत में ले लिया, जिसने देर रात एक संग्रहालय में घुसकर इसे नरक बनाने की धमकी दी थी। सरकार के शीर्ष क्षेत्रीय अधिकारी ने कहा कि शहर के पुरातत्व संग्रहालय के बगीचे में इस व्यक्ति को बगैर किसी प्रतिरोध और बगैर हिंसा के पकड़ लिया गया। अधिकारी एरिक दे विसपेलरे ने पत्रकारों से कहा, उसके इरादों और उसकी पहचान का हम पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक इस व्यक्ति ने संग्रहालय की दीवार पर अरबी भाषा में धमकी भरा संदेश लिखा, यह संग्रहालय नरक बनने जा रहा है। हालांकि, अधिकारियों ने इस संदेश की पुष्टि करने से इनकार किया। इस संदेश का और अन्य संदेशों का अनुवादक अब भी विश्लेषण करने में लगे हैं। उल्लेखनीय है कि इस संग्रहालय में एक ऐतिहासिक स्मारक और रोमन इतिहास से जुड़ी अनेक बहुमूल्य वस्तुओं का संग्रह है।

## हांगकांग की नेता कैरी लेम को हटाने की योजना बना रहा चीन

**बीजिंग।** चीन हांगकांग की संकट में घिरीं मुख्य कार्यकारी कैरी लेम को हटाने संबंधी योजना बना रहा है। फाइनेंशियल टाइम्स ने बुधवार को यह खबर दी। हांगकांग में लोकतंत्र स्थापित करने के पक्ष में पिछले करीब पांच महीने से विरोध हो रहे हैं। चीन समर्थक नेता को अर्ध स्वायत्त शहर में प्रदर्शनकारियों से लगातार आलोचना झेलनी पड़ी है। अब तक चीन की केंद्र सरकार लेम और हांगकांग पुलिस को अपना समर्थन देती आई है। प्रदर्शनकारियों को दंगाई कह कर उसने हिंसा का विरोध भी किया है। लेकिन फाइनेंशियल टाइम्स की खबर के मुताबिक चीन की सरकार अब लेम के स्थान पर एक अंतरिम मुख्य कार्यकारी को नियुक्त करने की योजना बना रही है।

## ब्रेक्जिट विधेयक रूकने के बाद जॉनसन की नजरें आमचुनाव पर

**एजेंसी।** लंदन



**ब्रेक्जिट** से ब्रिटेन के बाहर निकलने की समय सीमा यूरोपीय संघ (ईयू) द्वारा तीन महीने बढ़ाने की पेशकश किए जाने की स्थिति में प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन का ध्यान आम चुनाव की तैयारियां तेज करने पर होगा।

दरअसल, ईयू से बाहर होने के लिए लाए गए विधेयक को शीघ्रता से पारित करने के जॉनसन के प्रयास को सांसदों ने खारिज कर दिया है। बहरहाल, ब्रिटिश सांसदों ने मंगलवार रात हाउस ऑफ कॉमंस में जॉनसन के ब्रेक्जिट विधेयक को 299 के मुकाबले 329 मतों से पारित कर दिया। लेकिन इससे जुड़े उस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिसमें 31 अक्टूबर तक यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर होने की बात की गई थी।

ब्रिटेन की संसद में मतदान के बाद जॉनसन ने कहा, मैं इस बात से निराश हूं कि सदन ने समझौते के साथ 31 अक्टूबर तक यूरोपीय संघ से ब्रिटेन के बाहर होने की गारंटी देने वाली समयसीमा के बजाए इसमें देरी के लिए मतदान किया है। अब हमारे सामने और भी अनिश्चितता है। जॉनसन ने घोषणा की, ईयू के किसी फैसले पर पहुंचने तक हम इस विधेयक को रोक कर रखेंगे। डाऊनिंग स्ट्रीट ने बुधवार को संकेत दिया कि प्रधानमंत्री का ध्यान अब आम चुनाव पर होगा, जिसके बारे में जॉनसन एक संसदीय चर्चा के दौरान बोल चुके हैं। वहीं, लेबर पार्टी ने संकेत दिया है कि वह मध्यावधि चुनाव का समर्थन कर सकती है, बशर्ते यूरोपीय नेता 31 जनवरी 2020 तक ब्रेक्जिट में विलंब करने पर सहमत हों।

यूरोपीय संघ के 27 सदस्य देशों के राजनयिक ब्रेक्जिट की समय सीमा में विस्तार करने के लिए ब्रसेल्स में बैठक कर रहे हैं। यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष डोनाल्ड टस्क ने कहा कि वह ईयू नेताओं से ब्रेक्जिट की समयसीमा को आगे बढ़ाने की सिफारिश करेंगे। टस्क ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के (ईयू से) बाहर निकलने के समझौते को अल्पविराम देने के फैसले के बाद और बिना समझौते के ब्रेक्जिट से बचने के लिए मैं ईयू के सदस्य देशों से अपील क-रूंगा कि वे समयसीमा बढ़ाने का ब्रिटेन का अनुरोध स्वीकार करें। इसके लिए मैं लिखित प्रक्रिया शुरू करूंगा।

इससे पहले जॉनसन अपने ब्रेक्जिट विधेयक के लिए मंगलवार को संसद की पहली बाधा पार करने में कामयाब रहे। संसद में वोटिंग के दौरान उनके प्रस्ताव को 299 के मुकाबले 329 मतों का समर्थन मिला। इसका मतलब है कि यूरोपीय संघ के साथ ब्रेक्जिट समझौता अब कानून बन सकता है लेकिन इसके बाद सांसदों ने विधेयक के लिए 31 अक्टूबर की समयसीमा के खिलाफ 308 के मुकाबले 322 मत दिए। जॉनसन ने 31 अक्टूबर की समयसीमा के परे ब्रेक्जिट में देरी करने के बजाए विधेयक को वापस लेने और आम चुनाव कराने की धमकी दी थी।

## लंदन के निकट ट्रक कंटेनर से 39 शव मिलेः ब्रिटिश पुलिस

**एजेंसी।** लंदन

**ब्रिटेन** में लंदन के निकट बुधवार को एक ट्रक के कंटेनर से 39 शव मिले है। यह ट्रक बुल्गारिया से आया था। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 39 लोगों की हत्या के संदेह में उत्तरी आयरलैंड के 25 वर्षीय एक चालक को गिरफ्तार किया गया है। एस्सेक्स, दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड में उसके ट्रक से शव बरामद किए गए।

एस्सेक्स पुलिस ने बताया कि लंदन के पूर्व एवेन्यू ग्रेयस में वाटरग्लेड औद्योगिक पार्क में घटनास्थल पर पाए गए लोगों को मृत घोषित कर दिया गया है। प्रारंभिक संकेतों से पता चलता है कि मृतकों में 38 वयस्क और एक किशोर है। पुलिस ने बताया कि ट्रक बुल्गारिया से आया था और शनिवार को होलीहेड से होते हुए देश में घुसा। पुलिस के मुख्य अधीक्षक एंड्रयू मैरिनर ने बताया कि अधिकारी पीड़ितों की पहचान करने का प्रयास कर रहे हैं।

मैरिनर ने एक बयान में कहा, यह बहुत दुखद घटना है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी जान गंवा दी। उन्होंने कहा, हम जांच कर रहे हैं कि यह घटना कैसे हुई। पुलिस ने बताया कि वाटरग्लेड औद्योगिक पार्क में ट्रक के कंटेनर के भीतर लोगों के पाए जाने के बाद एम्बुलेंस सेवा ने उन्हें सूचना दी। मैरिनर ने कहा, हम पीड़ितों की पहचान कर रहे हैं। हालांकि मुझे लगता है कि यह लंबी प्रक्रिया हो सकती है।

## पोप ने चिली में बातचीत कर संघर्ष समाप्त करने का आह्वान किया

**एजेंसी।** वेटिकन सिटी

**चिली** में आर्थिक असमानता के खिलाफ चल रहे हिंसक प्रदर्शन के बीच कैथोलिक ईसाई धर्म के सर्वोच्च नेता पोप फ्रांसिस ने बुधवार को सभी पक्षों से बातचीत करने और प्रदर्शन खत्म करने की अपील की। अब तक इन प्रदर्शनों में 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

सेंट पीटर्स चौक पर अपने साप्ताहिक संबोधन में पोप ने कहा, चिली में जो हो रहा है उसपर मेरी नजर है और इससे मैं चिंतित हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि पूरी आबादी के हित में प्रदर्शनकारी हिंसक प्रदर्शन को खत्म करेंगे और बातचीत के जरिए इस संकट और हिंसा की वजह से हुई परेशानी का समाधान करेंगे। उल्लेखनीय है कि चिली में बड़े पैमाने पर लूटपाट, आगजनी और सड़कों पर तैनात 20 हजार सुरक्षा कर्मियों के साथ संघर्ष का दौर चल रहा है। वर्ष 1973 से 1990 के बीच दक्षिणपंथी तानाशाही के बाद स्थापित लोकतंत्र के बाद चिली में यह सबसे हिंसक प्रदर्शन है।

चिली के राष्ट्रपति सेबैस्टिएन पिनेर ने प्रदर्शनों के चलते मंगलवार को कुछ राहत पैकेज की घोषणा की। चिली में शुक्रवार को मेट्रो ट्रेन का किराया बढ़ने के बाद प्रदर्शन शुरू हुआ था जो जल्द ही देश के विभिन्न हिस्सों में फैल गया।



सेंट पीटर स्क्वायर में आम नागरिकों से मिलने के दौरान एक बच्चे को चूमते हुए पोप फ्रांसिस

## वैज्ञानिकों की बनाई मशीन ने 200 सेकेंड में वह गणना कि जिसमें कंप्यूटर को लगते 10,000 साल

**एजेंसी।** पेरिस

**वैज्ञानिकों** ने बुधवार को दावा किया कि उन्होंने संगणना की उस काल्पनिक अवस्था को प्राप्त कर लिया है जिसने विश्व के अब तक के सबसे तेज सुपर कंप्यूटर को भी पीछे छोड़ दिया है। इसे क्वांटम सुपरमेसी कहते हैं।

गूगल साइकामोर मशीन पर काम कर रही विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि उनकी क्वांटम प्रणाली ने मात्र 200 सेकेंड में उतनी गणना कर ली जिसे करने में पारंपरिक कंप्यूटर को 10,000 साल लगते। हालांकि, गूगल के प्रतिद्वंद्वी आईबीएम के वैज्ञानिकों ने इस दावे पर सवाल उठाए हैं। अगर वैज्ञानिकों के इस दावे की पुष्टि हो जाती है तो गूगल का उपकरण दुनिया का सबसे शक्तिशाली सुपर कंप्यूटर बनाने में सक्षम होगा जो प्रति सेकेंड 20,000 खरब गणना कर सकेगा। वैज्ञानिकों के मुताबिक नियमित कंप्यूटर यहां तक कि सबसे तीव्र गति से काम करने वाला कंप्यूटर भी दो छोटे डेटा के खंड के आधार पर काम करता है जिसे बिट्स कहते हैं और यह या तो एक या शून्य हो सकता है।

हालांकि, क्वांटम कंप्यूटर में डेटा के खंड। एवं शून्य एक साथ हो सकते हैं जिससे इसकी क्षमता बढ़ जाती है और बड़ी संख्या में आंकड़ों की गणना कर सकता है। इस हिस्से को डुबिट्स कहते हैं। इस दोहरी प्रवृत्ति की वजह से कंप्यूटर की गणना की क्षमता में अप्रत्याशित वृद्धि होती है। नेचर में प्रकाशित शोधपत्र के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय टीम ने 54 क्यूबिट्स की मदद से क्वांटम प्रोसेर तैयार किया और इसका इस्तेमाल किन्हीं भी अंकों की उत्पत्ति प्रक्रिया से जुड़े कार्यों के लिए किया। शोधपत्र के मुताबिक साइकामोर ने नमूनों का मात्र 200 सेकेंड में पूरी सटीकता से आकलन किया और हल दे दिया जिसे करने में नियमित कंप्यूटर को 10,000 साल लगते।

# बोर्ड की विश्वसनीयता से कोई समझौता नहीं: सौरव गांगुली

## जिस तरह भारत की अगुआई की थी, उसी तरह से बीसीसीआई का पद संभालूंगा

एजेंसी। मुंबई

**नव**नियुक्त बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने बुधवार को भ्रष्टाचार मुक्त कार्यकाल का वादा किया और कहा कि वह बोर्ड की अगुआई उसी तरह करेंगे जिस तरह से उन्होंने 2000 से 2005 तक भारतीय टीम की कप्तानी संभाली थी। दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट संस्था के शीर्ष पद पर निर्विरोध चुने जाने के बाद 47 साल के गांगुली ने संकेत दिया कि वह किसी से भी प्रभावित हुए बिना जिस तरह से चाहते हैं, उसी तरह बीसीसीआई का काम संभालेंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 18,000 से ज्यादा रन बना चुके गांगुली ने कहा कि मैं उसी तरह काम करूंगा, जो मैं जानता हूं और जो मुझे लगता है कि बीसीसीआई के लिए सर्वश्रेष्ठ होगा और विश्वसनीयता से कोई समझौता नहीं होगा। भ्रष्टाचार मुक्त कार्यकाल होगा और बीसीसीआई में सभी के लिए समान होगा।

अपनी पहली प्रेस कांफ्रेंस में भारत का ब्लेजर पहनकर आए गांगुली ने कहा कि मुझे यह तब मिला था जब मैं भारत का कप्तान था लेकिन तब मुझे अहसास नहीं हुआ कि यह इतना ढीला है। लेकिन मैने तय किया कि मैं यही पहनूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने जिस तरह से भारत की अगुआई की थी, उसी तरह से बीसीसीआई का पद संभालूंगा। वह यहां 39वें बीसीसीआई अध्यक्ष बने। उन्हें (47 साल) यहां नौ महीने के लिए निर्विरोध चुना गया। पदाधिकारी के तौर पर छह महीने के कार्यकाल के बाद विश्राम की अनिवार्य अवधि के प्रावधान के कारण उन्हें पद छोड़ना पड़ेगा। गांगुली बंगाल क्रिकेट संघ के सचिव और अध्यक्ष रहे। गांगुली ने वह दौर याद किया जब वह टीम के कप्तान बने थे।

उस समय मैच फिक्सिंग के कारण भारतीय क्रिकेट विवादों के घेरे में था जब गांगुली को इसे ढर्रे पर लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। मोहम्मद अजहरूद्दीन उस समय फिक्सिंग विवाद के केंद्र में थे और अब वह हैदराबाद क्रिकेट संघ के अध्यक्ष हैं। दोनों पूर्व साथी खिलाड़ियों ने बुधवार की बैठक के बाद एक दूसरे को गले लगाया। गांगुली ने कहा कि यह इत्तेफाक की बात है कि जब मैं कप्तान बना तो ऐसे ही हालात थे और मैं छह साल तक कप्तान रहा। उन्होंने कहा कि अभी भी हालात ऐसे ही हैं और चीजों को ढें पर लाना है। सुधार करने होंगे। राज्य संघों को काफी पैसा देना है। काफी काम करना है।



### बीसीसीआई अध्यक्षों की सूची

आरई ग्रांट गोवन (1928-1933), सर सिकंदर हयात खान,(1933-1935)नवाब हमीदुल्लाह खान (1935-1937), महाराजा के एस दिग्विजयसिंहजी (1937-1938), पी सुब्बरायन (1938-1946), एंथोनी एस डिमेलो (1946-1951), जेसी मुखर्जी (1951-1954), विजयनग्राम के महाराजकुमार (1954-1956), सरदार एसएस मजीठिया (1956-1958), आर के पटेल (1958-1960), एमए चिदंबरम (1960-1963), महाराजा एफ गायकवाड़ (1963-1966), जेड आर ईरानी (1966-1969), एएन घोष (1969-1972), पीएम रूंगटा (1972-1975), रामप्रकाश मेहरा (1975-1977), एम चिन्नास्वामी (1977-1980), एस के वानखेड़े (1980-1982), एनकेपी साल्वे (1982-1985), एस श्रीरामन (1985-1988), बीएन दत्त (1988-1990), माधवराव सिंधिया (1990-1993), आईएस बिंद्रा (1993-1996), राज सिंह डूंगरपुर (1996-1999), एसी मुथैया (1999-2001), जगमोहन डालमिया (2001-2004), रणबीर सिंह महेंद्र (2004-2005), शरद पवार (2005-2008), शशांक मनोहर (2008-2011), एन श्रीनिवासन (2011-2013), जगमोहन डालमिया (अंतरिम)(2013-2013), एन श्रीनिवासन (2013-2014), शिवलाल यादव (अंतरिम)(2014-2014), सुनील गावस्कर (आईपीएल अंतरिम)(2014-2014), जगमोहन डालमिया (कार्यकाल में निधन) (2015-2015), शशांक मनोहर (इस्तीफा) (2015-2016), अनुराग ठाकुर (बर्खास्त) (2016-2017), सीके खन्ना (अंतरिम) (2017-2019), सौरव गांगुली (2019-वर्तमान)।

## सौरव गांगुली: ड्रेसिंग रूम से बोर्ड रूम तक

**मुंबई**। ड्रेसिंग रूम से बोर्ड रूम तक पहुंचे पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का क्रिकेट प्रशासन के शीर्ष तक का सहज सफर उनके खेलने के दिनों की याद दिलाता है जब ऑफ साइड पर उनके कलात्मक खेल का कोई सानी नहीं होता था। खिलाड़ी के रूप में अपने शीर्ष दिनों के दौरान गांगुली जिस तरह सात खिलाड़ियों की मौजूदगी के बावजूद ऑफ साइड में आसानी से रन बनाकर विरोधी टीमों को हैरान कर देते थे, उसी तरह वह विश्व क्रिकेट के शीर्ष पदों में से एक बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए सभी को पछाड़ते हुए सर्वसम्मत उम्मीदवार बनकर उभरे। साथ ही दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड के शीर्ष तक 47 साल के गांगुली के सफर ने एक बार फिर इस कहावत को सही साबित कर दिया कि एक नेतृत्वकर्ता हमेशा नेतृत्वकर्ता रहता है। गांगुली के अंदर नेतृत्व क्षमता नैसर्गिक रूप से थी जिन्हें 2000 में उस समय भारतीय टीम का कप्तान बनाया गया जब टीम इंडिया मैच फिक्सिंग के रूप में अपने सबसे बुरे दौर में से एक का सामना कर रही थी। गांगुली जिम्मेदारी से पीछे नहीं हटे और उन्होंने इसे चुनौती के रूप में लेते हुए प्रतिभावान लेकिन दिशाहीन युवा खिलाड़ियों के समूह को विश्व स्तरीय टीम में बदला और साथ ही उस पीढ़ी के दिग्गजों के साथ अच्छे कामकाजी रिश्ते भी बनाए। चाहे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उस समय की सबसे घातक सलामी जोड़ी बनाना हो या युवराज सिंह और वीरेंद्र सहवाग जैसे उभरते हुए खिलाड़ियों का समर्थन हो, गांगुली ने हमेशा अपने फैसलों पर भरोसा किया और इन्हें सहजता से लिया। बड़े खिलाड़ी से शीर्ष प्रशासक तक के सफर को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए हालांकि उन्हें कई चुनौतियों से पार पाना होगा जिसका सामना फिलहाल भारतीय क्रिकेट को करना पड़ रहा है।

**मुंबई**। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने सोमवार को विराट कोहली को भारतीय क्रिकेट का सबसे अहम व्यक्ति करार दिया और कप्तान को सभी संभव समर्थन देने का वादा किया ताकि चीजें आसान हों, मुश्किल नहीं। बीसीसीआई अध्यक्ष पदभार संभालने के बाद गांगुली ने कहा कि वह गुरूवार को भारतीय कप्तान से बात करेंगे और आगे के बारे में चर्चा करेंगे। गांगुली ने कहा कि मैं कल उससे बात करूंगा। वह भारतीय टीम का कप्तान है और भारतीय क्रिकेट में सबसे अहम व्यक्ति है। मैं इसे इसी तरीके से देखता हूं। इसलिए हम उनसे बात करेंगे और जैसा कि मैंने कहा कि हम हर संभव तरीके से उनका समर्थन करेंगे, वह इस टीम को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनाना चाहते हैं। पिछले तीन से चार वर्षों में जिस तरीके से टीम खेल रही है, उस लिहाज से यह टीम काफी शानदार रही है।

कार्यालय ग्राम पंचायत अमिपुर नगौला विकास खण्ड हापुड

पत्रांक/मी0मो0/निविदा प्रकाशन/ग्रा0प0अ0/2019—20 दिनांकः—23—10—2019

—: अल्पकालीन निविदा सूचना :—

ग्राम पंचायत द्वारा राज्य वित्त/ चौहदवॉ वित्त योजना के अन्तरर्गत निम्नलिखत कार्यों के लिए पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें दिनांक 02.11.2019 की सांय 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 01.11.2019 तक कार्यालय समय मे संबन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा अधिकृत अधिकारियो द्वारा इच्छुक ठेकेदारो की उपस्थिति में दिनांक 02.11.2019 को सांय 3 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य का स्थल | कार्य की माप | अनु0 लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इण्टरलाकिंग/मरम्मत | सतीश से कलवा तक | 45—50 मी | 68900 | 1300 | 100 | 31.03.2020 |
| 2. | —0— | अनजानों वाली गली में | 60 मी | 82300 | 1700 | 100 | 31.03.2020 |
| 3. | —0— | अनवर से इन्सार वाली गली | 30 मी | 56000 | 1200 | 100 | 31.03.2020 |
| 4. | इण्टरलाकिंग निर्माण | माता वाली गली में | 30 मी | 50900 | 1000 | 100 | 31.03.2020 |
| 5. | —0— | सुरेश वाली गली में | 32 मी | 112500 | 2300 | 100 | 31.03.2020 |
| 6. | —0— | बलकेश के मकान से नालियों तक | 49 मी | 219000 | 4400 | 100 | 31.03.2020 |
| 7. | —0— | लील की पीर वाली गली में | 40 मी | 54100 | 1100 | 100 | 31.03.2020 |
| 8. | —0— | सतेन्द्र से नरेन्द्र तक | 40 मी | 128200 | 2600 | 100 | 31.03.2020 |
| 9. | सी0सी0 रोड़ | प्रमोद से सुरेश तक | 24.50 मी | 81700 | 1700 | 100 | 31.03.2020 |
| 10. | इण्टरलाकिंग | हरिओम सैनी से मैन रास्ते तक | 14 मी | 27900 | 600 | 100 | 31.03.2020 |
| 11. | इण्टरलाकिंग निर्माण | राजवीर वाली गली में | 10 मी | 25000 | 500 | 100 | 31.03.2020 |
| 12. | इण्टरलाकिंग | यासीन वाली गली से | 15 मी | 37400 | 800 | 100 | 31.03.2020 |
| 13 | इण्टरलाकिंग | ब्रहम्ह की गली में | 12.50 मी | 20600 | 400 | 100 | ″ |
| 14 | इण्टरलाकिंग निर्माण | फिरोज वाली गली में | 14.50मी | 20300 | 400 | 100 | ″ |
| 15 | ″ | मुंशी वाली गली | 13.50 मी | 21900 | 400 | 100 | ″ |
| 16 | ″ | सुलेमान वाली गली | 20 मी | 48600 | 1000 | 100 | ″ |
| 17 | ″ | जुम्मा से नाजिर तक | 30 मी | 113900 | 2300 | 100 | ″ |
| 18 | ″ | रजबाहे की पटरी से चौकी वाले रास्ते तक | 37 मी | 134800 | 2700 | 100 | ″ |
| 19 | ″ | राजबाहे के पुल से मुकेश तक | 47 मी | 172900 | 3500 | 100 | ″ |
| 20 | ″ | पीर वाली गली तक | 30 मी | 69600 | 1392 | 100 | ″ |
| 21 | ″ | धर्मवीर की मिस्त्री वाली गली | 12 मी | 24000 | 500 | 100 | ″ |
| 22 | ″ | पुलिया से जुम्मा तक | 53 मी | 229900 | 4600 | 100 | ″ |
| 23 | ″ | नाजिर से इमरान तक | 22 मी | 79900 | 1600 | 100 | ″ |
| 24 | ″ | राजब की गली में | 22 मी | 74100 | 1500 | 100 | ″ |
| 25 | ″ | ब्रहम्म कुमार से जसवीर तक | 25 मी | 112100 | 2300 | 100 | ″ |
| 26 | ″ | कलवा से ब्रहम्म तक | 45 मी | 198000 | 4000 | 100 | ″ |
| 27 | ″ | भरतू वाली गली में | 49 मी | 111900 | 2300 | 100 | ″ |
| 28 | ″ | बाल्मिकी वाली गली में | 32.50 मी | 74200 | 1500 | 100 | ″ |
| 29 | इण्टरलाकिंग निर्माण | पप्पू से सुखवीर तक | 16 मी | 69100 | 1400 | 100 | 31.3.2020 |
| 30 | सी0सी0 रोड़ | सुरेश से नक्कु तक | 25 मी | 58500 | 1800 | 100 | ″ |
| 31 | इण्टर लाकिंग | महावीर से रघुवंश तक | 28 मी | 103400 | 2100 | 100 | ″ |
| 32 | खडण्जा निर्माण | अरविन्द से कलवा तक | 36.50 मी | 97300 | 2000 | 100 | ″ |
| 33 | खडण्जा निर्माण | कलवा से सोनू तक | 60 मी | 155600 | 3200 | 100 | ″ |
| 34 | खडण्जा निर्माण | रघुवंश से पुलिया तक | 25 मी | 63200 | 1264 | 100 | ″ |
| 35 | खडण्जा निर्माण | फारूख से यासीन तक | 47.50 मी | 148500 | 3000 | 100 | ″ |
| 36 | खडण्जा निर्माण | छोटे के मकान से फारूख तक | 30 मी | 93900 | 1900 | 100 | ″ |
| 37 | खडण्जा निर्माण | पप्पी से पुलिया तक | 40 मी | 125000 | 2500 | 100 | ″ |
| 38 | खडण्जा निर्माण | लाला राम से सुलेमान तक | 55 मी | 171900 | 3500 | 100 | ″ |
| 39 | हाईमस्क लाईट | हैदर नगर में प्रा0व0 के पास | 01 | 98500 | 2000 | 100 | ″ |
| 40 | हाईमस्क लाईट | हैदर नगर में वप्री के पास | 01 | 98500 | 2000 | 100 | ″ |
| 41 | हाईमस्क लाईट | हैदर नगर में हमाई के पास | 01 | 98500 | 2000 | 100 | ″ |
| 42 | इण्टरलाकिंग निर्माण | रहीसू वाली गली में | 20 मी | 35200 | 100 | 700 | ″ |
| 43 | इण्टरलाकिंग | रामपाल से अरविन्द तक | 44 मी | 189700 | 100 | 1800 | ″ |
| 44 | इण्टरलाकिंग | रोहित वाली गली में | 15.50 मी | 28800 | 100 | 600 | ″ |
| 45 | इण्टरलाकिंग | गंगा किशन वाली गली में | 15.50 मी | 26900 | 100 | 500 | ″ |
| 46 | इण्टरलाकिंग | जयप्रकाश वाली गली में | 15.50 मी | 26200 | 100 | 500 | ″ |
| 47 | इण्टरलाकिंग | शकील वाली गली में | 15 मी | 26400 | 100 | 600 | ″ |
| 48 | इण्टरलाकिंग | वेदप्रकाश वाली गली में | 6 मी | 10100 | 100 | 300 | ″ |
| 49 | इण्टरलाकिंग | मूलचन्द वाली गली में | 6 मी | 11200 | 100 | 300 | ″ |
| 50 | शौचालय व दीवार निर्माण | हैदर नगर प्रा0वि0 में शोचालय व दीवार मरम्मत कार्य | 01 | 92600 | 100 | 2000 | ″ |
| 51 | इण्टरलाकिंग | प्रा0वि0 हैदरनगर में | 95.04 | 117600 | 100 | 2500 | ″ |
| 52 | इण्टरलाकिंग | राम सिहं वाली गली में | 7.50 मी | 9100 | 100 | 200 | ″ |
| 53 | इण्टरलाकिंग | जयभगवान वाली गली में | 10.50 मी | 18400 | 100 | 400 | ″ |

नियम व शर्तेः—

1. अरनेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/पास बुक के रूप मे दी जा सकती है सम्बन्धित ग्राम पंचायत के नाम से बन्धन हो अथवा नकद जमा की जा सकती हैं।
2. कार्य पी0डब्लू0डी0 की विशिष्टियो के अनुरूप होगा
3. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को होगा।
4. निविदा केवल सरकारी विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारो को ही देय होगी।
5. ठेकेदार का पंजीयन उप श्रमायुक्त हापुड़ के यहा होना चाहिए तथा ठेकेदार को प्रत्येक कार्य का पंजीकरण उप श्रमायुक्त कार्यालय हापुड़ में कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा प्रपत्र के साथ 100/— रू क नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट के साथ लाने।
7. नियमानुसार सभी शासकीय कटौतिया की जायेगी।
8. अन्य नियम व शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत अमीपुर नगौला
विकास खण्ड हापुड

सचिव
ग्राम पंचायत अमीपुर नगौला
विकास खण्ड हापुड़

# तीनों प्रारूपों में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले तीसरे भारतीय बने रोहित



एजेंसी। दुबई

**दक्षिण** अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला में पारी का आगाज करने वाले रोहित शर्मा आईसीसी रैंकिंग में तीनों प्रारूपों में शीर्ष दस में पहुंचने वाले तीसरे भारतीय हो गए। रोहित से पहले कप्तान विराट कोहली और क्रिकेट को अलविदा कह चुके गौतम गंभीर यह श्रेय हासिल कर चुके हैं। रोहित ने रांची में तीसरे टेस्ट में 212 रन की पारी खेली और 12 पायदान चढकर आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 10वें स्थान पर पहुंच गए। अजिंक्य रहाणे कैरियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग पर पहुंचे। वह टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में कोहली और चेतश्वर पुजारा के बाद तीसरे भारतीय हैं। मयंक अग्रवाल 18वें स्थान पर हैं। प्लेयर आफ द सीरिज रहे रोहित श्रृंखला से पहले 44वें स्थान पर थे। वह वनडे में फरवरी 2018 में आईसीसी रैंकिंग में दूसरे और टी-20 में नवंबर 2018 में सातवें स्थान पर पहुंचे थे। कोहली तीनों प्रारूपों में नंबर एक रह चुके हैं। वहीं गंभीर टेस्ट और टी-20 में शीर्ष और वनडे में आठवें स्थान पर रहे थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और उमेश यादव क्रमश: 14वें और 21वें स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के लिए जार्ज लिंडे 104वें स्थान पर हैं।



प्रशासकों की समिति से हटने के बाद पत्रकारों से मुखातिब विनोद राय

# धोनी के मसले को आसानी से हल किया जा सकता है: जगदाले

एजेंसी। इंदौर

**बीसीसीआई** अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली के पदभार संभालने के बाद इस संगठन के पूर्व सचिव संजय जगदाले ने बुधवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य के मसले को गांगुली और चयनकर्ताओं द्वारा 38 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज से बात कर आसानी से हल किया जा सकता है। जगदाले ने से कहा कि धोनी के भविष्य का मसला कोई बड़ा मुद्दा नहीं है और इसे ज्यादा तूल दिए जाने की जरूरत नहीं है। गांगुली और चयनकर्ता, धोनी से सीधे बात कर इस मुद्दे को आसानी से हल कर सकते हैं पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा कि हर देश के बड़े क्रिकेटरों से बातचीत के जरिए ऐसे मसलों को सुलझा लिया जाता है। गांगुली के बीसीसीआई अध्यक्ष की कमान संभालने को ै अच्छी शुरूआतै बताते हुए जगदाले ने कहा कि गांगुली को बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में हालांकि केवल 10 महीने का कार्यकाल मिला है। लेकिन मुझे विश्वास है कि क्रिकेटर और खेल प्रशासक के तौर पर उनके विस्तृत अनुभव का भारतीय क्रिकेट को फायदा मिलेगा। नए बीसीसीआई अध्यक्ष के सामने मौजूद चुनौतियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि क्रिकेटरों की उम्दा पौध तैयार करने के लिए घरेलू क्रिकेट को बढ़ावा देते हुए देश भर में खेल के बुनियादी ढांचे में इजाफा जरूरी है। जगदाले ने कहा कि गांगुली ने बंगाल क्रिकेट संघ के अध्यक्ष के तौर पर अच्छा काम किया है। इससे पहले गांगुली ने बीसीसीआई की कमान संभालने के बाद बुधवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि धोनी अपने कैरियर के बारे में क्या सोच रहे हैं। बीसीसीआई के नए अध्यक्ष ने हालांकि भरोसा दिलाया कि धोनी सरीखे चोटी के खिलाड़ियों को पूरा सम्मान दिया जाएगा।

# पंत व सैमसन को मिल सकता है मौका

## बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 आगामी श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का चयन आज





एजेंसी। मुंबई

**भारतीय** चयन समिति जब बांग्लादेश के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए गुरूवार को यहां टीम चुनने के लिए बैठक करेगी तो कप्तान विराट कोहली के कार्यभार का मुद्दा चर्चा का विषय होगा जबकि ऋषभ पंत के लिए संजू सैमसन को कवर के तौर पर शामिल किया जा सकता है। भारत ने अक्टूबर 2018 से सभी प्रारूपों में 56 मैच खेले हैं जिसमें से 48 में कोहली खेले हैं। हालांकि चयन समिति इस फैसले को कोहली पर ही छोड़ेगी कि वह ब्रेक चाहते हैं या फिर जारी रखना चाहते हैं। मुंबई के उदीयमान आल राउंडर शिवम दुबे के बारे में गंभीर चर्चा की उम्मीद है जो चोटिल हार्दिक पंड्या की जगह आल राउंडर के स्थान पर चुने जा सकते हैं।

तीन नवंबर से नई दिल्ली में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला (दो अन्य मैच राजकोट और नागपुर में) के अलावा बांग्लादेश की टीम विश्व चैम्पियनशिप के अंतर्गत दो टेस्ट मैच (इंदौर और कोलकाता) में खेलेगी। सैमसन ने हाल में विजय हजारे ट्राफी में केरल के लिए दोहरा शतक जड़ा था, उनके पंत के बाद दूसरे विकल्प के रूप में चुने जाने की उम्मीद है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि अगर ऋषभ और संजू दोनों टीम में होंगे तो इसमें कोई परेशानी नहीं होगी। दोनों आईपीएल में भी एक साथ खेल चुके हैं। ऋषभ को संक्षिप्त प्रारूप में सीमित सफलता मिली है लेकिन भविष्य को देखते हुए हमें उसे खिलाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साथ ही संजू में मैच का रूख बदलने की काबिलियत है। विश्व टी-20 को ध्यान में रखते हुए टीम प्रबंधन को अन्य विकल्प भी देखने की जरूरत है क्योंकि हर कोई जानता है कि अब समय महेंद्र सिंह धोनी से आगे देखने का है। कोहली टीम में नहीं होंगे तो सैमसन को बैक-अप बल्लेबाज के रूप देखा जा रहा है लेकिन यह देखना दिलचस्प होगा कि मनीष पांडे टीम में अपना स्थान बरकरार रख पाते हैं या नहीं। मुंबई के आलराउंडर शिवम दुबे ने छोटे प्रारूप में आल राउंडर के दूसरे विकल्प में विजय शंकर को पछाड़ दिया है। सूत्र ने कहा, हर कोई सहमत है कि शिवम की गेंदबाजी अभी तक अंतरराष्ट्रीय स्तर की नहीं है और वह हार्दिक की वैराइटी के करीब भी नहीं है। लेकिन वह बाएं हाथ का खिलाड़ी है जो सकारात्मक चीज है और वह बड़े छक्के जड़ सकता है। कलाई के स्पिनरों की जोड़ी कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल को चुने जाने की उम्मीद नहीं है क्योंकि राहुल चाहर और वाशिंगटन सुंदर को एक और मौका मिलना तय है। हजारे ट्राफी में अच्छे प्रदर्शन के बाद लोकेश राहुल के टीम में अपना स्थान बरकरार रखने की संभावना है। अनुभवी सलामी बल्लेबाज शिखर धवन खराब फार्म में है लेकिन चयनकर्ता शायद उन्हें एक और श्रृंखला में जारी रख सकते हैं। अगर उन्हें बाहर किया जाता है तो मयंक अग्रवाल रिजर्व सलामी बल्लेबाज का विकल्प हो सकते हैं। दीपक चाहर, नवदीप सैनी और खलील अहम के तीन मुख्य तेज गेंदबाज होने की उम्मीद है।

# श्रीकांत औ कश्यप फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हारकर बाहर

एजेंसी। पेरिस

**भारत** के किदाम्बी श्रीकांत और पारूपल्ली कश्यप फ्रेंच ओपन बैडमिंटन के पहले दौर से हारकर बाहर हो गए। श्रीकांत को चीनी ताइपै के दूसरी वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन ने 15-21, 21-7, 21-14 से हराया। वहीं कश्यप हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 11-21, 9-21 से हार गए।

भारत के समीर वर्मा को जापान के केंता निशिमोतो ने 20-22, 21-18, 21-18 से हराया। अब पुरुष एकल वर्ग में एकमात्र भारतीय शुभंकर डे बचे हैं जो दूसरे दौर में इंडोनेशिया के शेसार हिरेन आर से खेलेंगे। मिश्रित युगल के पहले दौर में भारत के सात्विक साइराज रांकिरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा और प्रणाव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी हारकर बाहर हो गए। रांकिरेड्डी और पोनप्पा को चौथी वरीयता प्राप्त कोरिया के सियो सियुंग जाए और चाए युजुंग ने 21-17, 21-18 से हराया। वहीं चोपड़ा और रेड्डी को इंग्लैंड के क्रिस एडकाक और गैब्रियल एडकाक ने 21 -13, 21-18 से मात दी।

# भारत ने विश्व सैन्य खेलों में दो और स्वर्ण पदक जीते

**वुहान** (चीन)। पैरा एथलीट अनीश कुमार सुरेंद्रन पिल्लई और वीरेंद्र ने बुधवार को सातवें सीआईएसएम विश्व सैन्य खेलों की अपनी स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया जिससे भारत ने दो और स्वर्ण पदक अपने खाते में डाले। पिल्लई ने पुरूषों की दिव्यांग शाट पुट आईएफ। वर्ग में 12.76 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो से स्वर्ण जीता। इसमें पेरू के फेलिपा कार्लोस ने रजत और नीदरलैंड के सेवर्स रोबर्ट ने कांस्य पदक प्राप्त किया। वीरेंद्र ने पुरुषों की दिव्यांग शाट पुट आईएफ 5 वर्ग में 11.43 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से पहला स्थान प्राप्त किया। इसमें फ्रांस के मारफिल निकोलस दूसरे और इटली के सुमा पिरो रोजारियो तीसरे स्थान पर रहे। भारत 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल पुरूष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक से चूक गया जिसे योगेश सिंह, गुरप्रीत सिंह और ओंकार सिंह की तिकड़ी तीसरे स्थान पर रही। मुक्केबाजी में दीपक ने थाईलैंड के साएहान समक को 5-0 से हराकर पुरूष लाइटवेट सेमीफाइनल में प्रवेश किया। हालांकि अमित और सतीश कुमार अपने वजन वर्गों के क्वार्टरफाइनल में हार गए। ज्ञानेंद्र ग्रीको रोमन 60 किग्रा कुश्ती में कांस्य पदक से चूक गए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए )**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **(1) मुस्तकीम** पुत्र **श्री मोइनउदीन** पता **5292 कुचा रहमान चांदनी चौक, दिल्ली (2) अजहरउदीन** पुत्र **श्री मोइनउदीन** पता **5292 कुचा रहमान चांदनी चौक, दिल्ली** ने एफआईआर संख्या **166/18 धारा 420/468/471/448/ 380/120बी आईपीसी** के तहत **थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) मुस्तकीम (2) अजहरउदीन** मिल नही रहे है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) मुस्तकीम (2) अजहरउदीन** फरार हो गये है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है) इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि एफआईआर संख्या **166/18 धारा 420/468/471/448/ 380/120बी आईपीसी** के तहत **थाना कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **(1) मुस्तकीम (2) अजहरउदीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.12.2019** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रग्या गुप्ता एलडी
महानगरीय दण्डाधिकारी सेंट्रल
कमरा नं. 21, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/397/N/19
-(Court Matter)

# लखनऊ जोन की आरती राजभर ने 10 हजार मी. दौड़ जीती

एजेंसी। लखनऊ

**लखनऊ** जोन की आरती राजभर ने 35वीं वाहिनी पीएसी महानगर में चल रही उप्र पुलिस वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 10,000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। परिणाम: (पुरुष) 10,000 मीटर दौड़ : प्रथम राम सिंह लखनऊ जोन, द्वितीय कन्हैया बरेली जोन, तृतीय जितेन्द्र बरेली जोन। हैमर थ्रो: प्रथम ओमवीर सिंह मेरठ जोन, द्वितीय नरेन्द्र कुमार सिंह गोरखपुर। ऊंची कूद: प्रथम चन्द्रहास कुशवाहा मध्य जोन, द्वितीय किरण कुमार लखनऊ जोन, तृतीय जय प्रकाश कुशवाहा। भाला फेंक: प्रथम कृष्ण कुमार पटेल जीआरपी जोन, द्वितीय आगेश पवार मेरठ जोन, तृतीय शेर सिंह कानपुर जोन। 400 मीटर बाधा दौड़ : प्रथम पुनीत कुमार मध्य जोन, द्वितीय सचिन कुमार लखनऊ जोन, तृतीय विनय कुमार यादव मध्य जोन। 1500 मीटर दौड़ : प्रथम शिवांग तोमर बरेली जोन, द्वितीय नरेश कुमार पश्चिमी जोन, तृतीय अंकित यादव बरेली जोन। महिला वर्ग (महिला) 10,000 मीटर दौड़ : प्रथम आरती राजभर लखनऊ जोन, द्वितीय संगीता बरेली जोन, तृतीय नदनी राणा गोरखपुर जोन। 400 मीटर बाधा दौड : प्रथम रीना यादव लखनऊ जोन, द्वितीय ऋचा सिंह बरेली जोन तृतीय कुसुमलता मेरठ जोन। त्रिकूद महिला: प्रथम पुष्पा चाहर बरेली जोन, द्वितीय रेखा चौधरी लखनऊ जोन तृतीय उपासना मेरठ जोन। 1500 मीटर दौड़ : प्रथम पूजा बरेली जोन, द्वितीय निधि पाल प्रयागराज जोन, तृतीय सुमन कानपुर जोन।

## यूनिटी कालेज सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** मैन आफ द मैच जैगम अली के हरफनमौला प्रदर्शन के दम से यूनिटी कालेज ने कुंवर मुनीन्द्र सिंह मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में विद्या ट्री माडर्न वर्ल्ड कालेज को 48 रन से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। काल्विन कालेज प्रांगण में यूनिटी कालेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 130 रन बनाए। जैगम अली ने 24, हसन काजमी ने 16, व एजाज अहमद ने 15 रन का योगदान दिया। विद्या ट्री माडर्न वर्ल्ड कालेज से आर्यन मिश्रा व आदर्श ने तीन-तीन विकेट चटकाए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए विद्या ट्री माडर्न वर्ल्ड कॉलेज 16 ओवर में 82 रन ही बना सका। टीम से अविरल (27) ही दहाई का आंकड़ा पार कर सके। यूनिटी कॉलेज से जैगम अली ने चार ओवर में 23 रन देकर पांच विकेट चटकाए। अदनान अब्बास व मो. जीशान को एक-एक विकेट मिले। दूसरे मैच में दिल्ली पब्लिक स्कूल शहीद पथ को प्रतिद्वंद्वी लामार्टिनियर कालेज के न आने के चलते वाकओवर दे दिया गया।

# लिटिल चैंप्स टेनिस लीग: सताक्षी तिवारी ने जीते तिहरे खिताब

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सताक्षी** तिवारी ने लिटिल चैंप्स टेनिस लीग में चमकदार प्रदर्शन करते हुए तिहरे खिताब अपने नाम कर लिए। एलपीजी स्पोर्ट्स अकादमी में संपन्न टूर्नामेंट में फैज अली किदवई और हुरहान सोनी ने दोहरी सफ्लता हासिल की। सताक्षी तिवारी ने बालिका अंडर-14 के फाइनल में अरूधंती सिंह को 4-1 से, बालिका अंडर-16 के फाइनल में अहाना स्वरूप अग्रवाल को 4-2 से हराया। इसके बाद बालिका ओपन युगल के फाइनल में सताक्षी तिवारी व अहाना स्वरूप अग्रवाल ने अरूधंती सिंह व दुर्बा को 4-2 से मात दी। फैज अली किदवई ने बालक अंडर-12 के फाइनल में हमजा मसूद को 4-1 से, बालक अंडर-10 के फाइनल में आरव भास्कर को 4-0 से हराया। अंडर-16 बालक के फाइनल में हुरहान सोनी ने सानिध्य द्विवेदी को 4-2 से और बालक अंडर-14 के फाइनल में सानिध्य को फिर 4-2 से हराया।


इसके अलावा बालक ओपन युगल के फाइनल में शशिकांत ठाकुर व क्षितिज राज सिन्हा ने रोनित व अमन गोयल को 10-8 से हराकर खिताब जीते। अन्य खिताबी मुकाबलों में बालक अंडर-8 में श्लोक जसनानी ने मिस्बाह हुसैन को 4-2 से, बालिका अंडर-8 में सिद्धि सिंह ने दक्षता बंसल को 4-2 स, बालिका अंडर-10 में आइरा ने अरूधंती सिंह को 4-0 से, बालिका अंडर-12 में नंदिनी अग्रवाल ने अरूधंती सिंह को 4-2 से हराया।

# राहुल और पडीक्कल के अर्धशतक से कर्नाटक नौ विकेट से जीता

## विजय हजारे ट्राफी

एजेंसी। बेंगलुरू

**लोकेश** राहुल (88 रन) और साथी सलामी बल्लेबाज देवदत्त पडीक्कल (92) के अर्धशतक तथा दोनों के बीच शतकीय साझेदारी से कर्नाटक ने यहां बुधवार को छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से हराकर विजय हजारे ट्राफी के फाइनल में प्रवेश किया जहां उसका सामना तमिलनाडु से होगा जिसने दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात को पांच विकेट से मात दी। मेजबान टीम ने 224 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 40 ओवर में जीत हासिल कर ली जिसमें राहुल और पडीक्क्ल के अर्धशतक के बाद मयंक अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के आक्रमण की धज्जियां उड़ाते हुए नाबाद 47 रन (33 गेंद में तीन चौके और चार छक्के) का योगदान दिया।



राहुल ने 111 गेंद में छह चौके और एक छक्के से 88 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए छत्तीसगढ़ की टीम 19 रन पर दो विकेट गंवाकर मुश्किल में थी। इसके बाद उसने तीसरा विकेट 35 रन पर गंवा दिया और ए सभी वी कौशिक (46 रन देकर चार विकेट) ने हासिल किए। इसके बाद उन्होंने आशुतोष सिंह (20) को पवेलियन भेजा। कप्तान हरप्रीत सिंह भाटिया ने अमनदीप खरे (78 रन, 102 गेंद, चार चौके) के साथ 40 रन की भागीदारी निभाई। कर्नाटक के गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट झटकना जारी रखा लेकिन खरे डटे रहे और आउट होने वाले आठवें खिलाड़ी रहे। सुमित सुरेशराव रायकर (40 रन) ने अंत में छत्तीसगढ़ को 223 रन बनाने में मदद की। कौशिक के चार विकेट के अलावा अभिमन्यु मिथुन, आफ स्पिनर के गौतम और लेग स्पिनर प्रवीण दुबे ने दो दो विकेट हासिल किए। कर्नाटक इस लक्ष्य का पीछा करते हुए जरूरी रन गति से आगे ही रहा जिसमें राहुल और पडीक्कल ने कुछ खूबसूरत शाट लगाए।

पडीक्कल ने लगातार पांचवां अर्धशतक जड़ा जबकि हाल में भारतीय टेस्ट टीम से बाहर किए गए राहुल ने कुछ बेहतरीन शाट लगाए और शानदार छक्के से मैच समाप्त किया। पडीक्कल हालांकि शतक से चूक गए, उन्हें अजय मंडल ने 92 रन पर आउट किया। राहुल ने पडीक्कल के साथ पहले विकेट के लिए 155 रन की भागीदारी के बाद मयंक अग्रवाल के साथ 74 रन जोड़े। वहीं तमिलनाडु - गुजरात मुकाबले में दिनेश कार्तिक की अगुवाई वाली टीम ने एम शाहरूख खान के अर्धशतक से नौ विकेट पर 177 रन के लक्ष्य को एक ओवर रहते हासिल कर लिया जिसे बीती रात हुई बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण 40 ओवर का कर दिया गया था। गुजरात की टीम शुरू में पार्थिव पटेल और प्रियांक पांचाल के आउट होने से लगे झटकों से नहीं उबर सकी और निर्धारित 40 ओवर में नौ विकेट पर 177 रन ही बना सकी। भारतीय आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन दक्षिण अफ्रीका के साथ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला (जिसे भारत ने 3-0 से जीता) समाप्त होने के बाद तमिलनाडु से जुड़े और उन्होंने पहला झटका पांचाल के रूप में दिया। उन्होंने अपने आठ ओवर में 21 रन देकर एक विकेट चटकाया। वाशिंगटन सुंदर ने पार्थिव को आउट कर गुजरात को बड़ा झटका दिया। ध्रुव रावल 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे जबकि अक्षर पटेल (37) और पुछल्ले बल्लेबाज सी टी गजा (27) ने अहम योगदान दिए। तमिलनाडु के लिए एम मोहम्मद ने 33 रन देकर तीन विकेट चटकाए। इसके जवाब में तमिलनाडु ने अपने अनुभवी और फार्म में चल रहे मुरली विजय का विकेट जल्दी गंवा दिया। बाबा अपराजित भी जल्दी पवेलियन लौट गए। अभिनव मुकुंद (32 रन) और दिनेश कार्तिक (47 रन) ने मिलकर पारी को संभाला। हालांकि लगातार तीन विकेट गिरने से तमिलनाडु की टीम दबाव में आ गई जिसके बाद वाशिंगटन सुंदर (नाबाद 27) और एम शाहरूख खान (नाबाद 50) ने टीम को एक ओवर पहले जीत दिलाई। फाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फासी अख्तर**, पुत्र नासिर हसन, पता- इ-49, के-350, जनता मजदुर कॉलोनी, वेलकम,दिल्ली ने **एफ.आई. आर नं 118/17 धारा 279/337/338/304ए और 468/471 भा.द.स पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कहकर लौटा दिया गया है कि उक्त **फासी अख्तर**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **फासी अख्तर**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) । इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि जाती है दिल्ली के उक्त अभियुक्त **फासी अख्तर, एफ.आई.आर नं 118/17 धारा 279/337/338/304ए और 468/471 भा.द.स पुलिस थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.11.2019** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**शुश्री छवी कपूर**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट,
कमरा नंबर 142
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

DP/532/N/19

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr. PC देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया है कि अभियुक्त बाबू पुत्र श्री सिद्धराज, निवासी वागाबॉन्ड फूटपाथ, यमुना बाजार, दिल्ली ने, FIR No. 277/16 u/s 379/411 IPC थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त बाबू मिल नही रहा है और मुझे समाधान पद रूप मे दर्शित कर दिया है कि उक्त बाबू फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील के लिए अपने आप को छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा धारा 82 CrPC जारी की गई है कि FIR No. 277/16 u/s 379/411 IPC के उक्त अभियुक्त बाबू से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए 28.11.2019 को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री छवि कपूर**
**मैट्रोपोलिटन मैजिस्ट्रेट, केन्द्रीय**
**कमरा नं. 142, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

DP/531/N/19-
(Court Matter)

# इंडियन आयल व स्पोर्ट्स हास्टल भुवनेश्वर सेमीफाइनल में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इंडियन** आयल मुंबई, स्पोर्ट्स हास्टल भुवनेश्वर, एयर इंडिया दिल्ली और केन्द्रीय सचिवालय की टीमें अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू आमंत्रण प्राईजमनी हाकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मो. शाहिद हाकी स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में इंडियन आयल मुम्बई ने साई भोपाल को 7-3 गोल से हराया। खेल के तीसरे मिनट में इंडियन आयल के गुरजिंदर सिंह ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर टीम का खाता खोला। इसके बाद 11वें मिनट में रोशन मिंज, 21वें मिनट में अरमान कुरैशी और 28वें मिनट में दिलप्रीत सिंह ने एक-एक गोल अपनी टीम का स्कोर 4-0 कर दिया। साई भोपाल की तरफ से खेल के 32वें मिनट में दीपक ने पेनाल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर अपनी टीम का खाता खोला। 34वें मिनट में साई भोपाल के रोहित ने एक गोल कर स्कोर 4-2 कर दिया। इसके बाद 45वें मिनट में रघुनाथ वोसलिगा ने पेनाल्टी कार्नर से गोल कर अपनी टीम का स्कोर 5-2 कर दिया। 56वें मिनट में इंडियन आयल मुम्बई की ओर से तलविन्दर सिंह ने एक गोल अपनी टीम को 6-2 से आगे कर दिया। साई भोपाल ने 59वें मिनट में पेनाल्टी कार्नर से गोल कर स्कोर 6-3 कर दिया, वहीं मैच के आखिरी मिनट में इंडियन आयल के तलविन्दर ने एक फील्डगोल कर अपनी टीम का स्कोर 7-3 कर दिया। दूसरे मैच में स्पोर्ट्स हास्टल भुवनेश्वर ने ईर्स्टन रेलवे कोलकाता को 6-1 से और तीसरे मैच में एयर इंडिया दिल्ली ने एमएफबी हरियाणा को 2-0 से मात देकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भटियाना विकास खण्ड हापुड (जनपद) हापुड़**

पत्रांक/मी0मो0/निविदा प्रकाशन/ग्रा0पं0अ0/2019-20 दिनांकः-23-10-2019

-: **अल्पकालीन निविदा सूचना** :-

ग्राम पंचायत भटियाना विकास खण्ड हापुड में राज्य वित्त/ 14वॉ वित्त आयोग योजनान्तगर्त सरकारी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखत निर्माण कार्यों की निविदाएं दिनांक 28.10.2019 की अपरान्ह 2 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दिनांक 28.10.2019 तक कार्यालय समय मे संबन्धित ग्राम पंचायत कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा अधिकृत अधिकारियों द्वारा इच्छुक ठेकेदारो की उपस्थिति में दिनांक 29.10.2019 को सांय 3 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क्षेपी (अशोक फौजी के पास) वाले तालाब का जिर्णोद्वार | 154100 | 3000 | 300 | 2 माह |

नियम व शर्ते:-


1. अरनेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/पासबुक के रूप मे दी जा सकती है सम्बन्धित ग्राम पंचायत के नाम से बन्धन हो अथवा नकद जमा की जा सकती हैं।
2. कार्य पी0डब्लू0डी0 की विशिष्टियो के अनुरूप होगा
3. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सम्बन्धित ग्राम पंचायत को होगा।
4. निविदा केवल सरकारी विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारो को ही देय होगी।
5. ठेकेदार का पंजीयन उप श्रमायुक्त हापुड़ के यहा होना चाहिए तथा ठेकेदार को प्रत्येक कार्य का पंजीकरण उप श्रमायुक्त कार्यालय हापुड़ में कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा प्रपत्र के साथ 100/- रू क नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट के साथ लाने।
7. नियमानुसार सभी शासकीय कटौतिया की जायेगी।
8. अन्य नियम व शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान
ग्राम पंचायत भटियाना
वि0ख0 हापुड़

सचिव
ग्राम पंचायत भटियाना
वि0ख0 हापुड़



## श्वार्जनेगर ने भारत दौरे की खबरों का खंडन किया



**सियोल।** हॉलीवुड सुपरस्टार अनरेर्ल्ड श्वार्जनेगर ने उन अफवाहों का खंडन किया है, जिसमें यह बताया जा रहा है कि वह नवंबर में भारत में होंगे। उन्होंने इन खबरों को गलत करार दिया है। पिछले कई हफ्तों से यह बात सुनने को मिल रही है कि पूर्व पेशेवर बॉडी बिल्डर अनरेर्ल्ड श्वार्जनेगर के अगले महीने महाराष्ट्र में आयोजित होने वाले एक फिटनेस कॉन्टेस्ट में भाग लेने की उम्मीद है। यहां मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'मैं इस साल भारत नहीं आ रहा हूं। यह गलत खबर है। मैं भारत आना हमेशा से पसंद करता हूं। जब कभी मुझे वक्त मिलेगा तो मैं निश्चित तौर पर यहां आऊंगा।' अनरेर्ल्ड साल 2014 में भारत आए थे। उस वक्त वह चेन्नई में तमिल ब्लॉकबस्टर 'आई' के ऑडियो लॉन्च में शामिल हुए थे। अपने उस सफर को याद करते हुए उन्होंने कहा कि वह 'भारतीय व्यंजनों' के शौकीन हैं। 72 वर्षीय अनरेर्ल्ड आगामी 'टर्मिनेटर: डार्क फेट' के साथ बड़े पर्दे पर लौटने के लिए बिल्कुल तैयार हैं, यह साइंस-फिक्शन फ्रैंचाइजी की छठी किस्त है। इस फिल्म के साथ वह फिल्मकार जेम्स कैमरून और अभिनेत्री लिंडा हेमिल्टन के साथ 28 सालों बाद काम करने जा रहे हैं।

## अनलाइक हीरोज की कहानी है 'होटल मुंबई': देव पटेल




**नई दिल्ली।** 2008 में मुंबई में हुए सीरियल बम ब्लास्ट पर बेस्ड फिल्म होटल मुंबई का ट्रेलर रिलीज हो गया है। कई अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में पूरी दुनिया को प्रभावित करने के बाद होटल मुंबई 29 नवंबर को भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसमें देव पटेल, अनुपम खेर, आर्मी हैमर, नाजनीन बोनादी अहम रोल में नजर आएंगे। एंथोनी मारस द्वारा निर्देशित ये फिल्म 2008 में मुंबई के ताज पैलेस होटल में 26/11 के आतंकवादी हमलों के दौरान सामने आई अदम्य मानवीय भावना की सच्ची कहानी है। मूवी का ट्रेलर काफी रोमांचक है. इस फिल्म के जरिए लोग उस रात हुई घटना को अपनी आंखों के सामने घटित होते देख पाएंगे। यह फिल्म मानवता की जीत को दिखाएगा। मूवी में ये भी बताया जाएगा कि कैसे 34 बहादुर लोगों ने डर के उस माहौल में होटल में हजारों लोगों की जान बचाई। होटल मुंबई अनुपम खेर की 501वीं फिल्म है. मूवी को हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषा में रिलीज किया जाएगा. फिल्म में अनुपम खेर हेमंत ओबेरॉय के रोल में दिखेंगे। मालूम हो हेमंत ओबेरॉय ने मुंबई बम धमाकों में कई लोगों की जान बचाई थी. होटल मुंबई 2009 में आई डॉक्यूमेंट्री सर्वाइविंग मुंबई पर बेस्ड है। अनुपम खेर ने कहा, फिल्म में रियल लाइफ के हीरोज़ को हम सेलिब्रेट कर रहे हैं और ये उनकी बहादुरी की कहानी है।

## निर्देशन को लेकर उत्साहित हैं नवाजुद्दीन के भाई शमस नवाब



**मुंबई।** बॉलीवुड में फिल्म 'बोले चूड़िया' से निर्देशन की दुनिया में कदम रखने जा रहे अभिनेता नवाजुद्दीन के भाई शमस नवाब सिद्दीकी ने अपनी दूसरी फिल्म 'चलता पुर्जा' की घोषणा की है। यह फिल्म परिवार का मनोरंजन करने वाली होगी। मुंबई में मंगलवार को मीडिया के साथ बातचीत करते हुए और इस बात की घोषणा करते हुए शमस ने कहा, 'मैं रोमांटिक परिवारिक मनोरंजन करने वाली फिल्म 'चलता पुर्जा' के निर्देशन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। हम जल्द ही फिल्म की कास्ट की घोषणा करेंगे।' उन्होंने कहा कि जिस बैनर के तले 'बोले चूड़ियां' बन रही है, नई फिल्म भी उसी के बैनर में बनेगी। फिल्म में नवाज और तमन्ना भाटिया होंगे। शमस ने कहा, 'फिल्म 'बोले चूड़ियां' के बाद प्रोडक्शन हाउस वुडपेकर मूवीज के साथ पुनः काम करना परम आनंद का विषय है।

# एक मोती गलत हो तो माला का कोई प्वाइंट नहीं रह जाताः इला अरुण

**बॉलिवुड अभिनेत्री और गायिका इला अरुण ने धरमवीर भारती की तीन कृतियों को जोड़कर 'शब्दलीला' नाम से एक नया रूप देने के बारे मे बात की पायनियर संवाददाता चहक मित्तल से। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट-**



प्रख्यात लेखक और साहित्यकार धर्मवीर भारती द्वारा अपनी दूसरी पत्नी को लिखे गए छः सौ प्रेमपत्र, राधा-कृष्ण की काव्यात्मक प्रेम कहानी और 18 दिन चले कुरुक्षेत्र की महाभारत। समयकाल को देखें तो ये तीनों किसी भी प्रकार से एक दूसरे से तादात्म्य नहीं रखते। लेकिन फिर भी इनमें एक समानता है जो सहजता से अनुभव की जा सकती है। अभिनेत्री-गायिका और लेखिका इला अरुण ने लेखक धरमवीर भारती की तीन कृतियों-एक साहित्यिक के प्रेमपत्र, कणुप्रिया और अंधायुग को एक में पिरोकर शब्दलीला नाम से एक नाटिका तैयार की है।

उन्होंने इन तीन कृतियों को ही क्यों चुना?, के सवाल पर वो बताती हैं, 'ये तीन भारती द्वारा लिखित महान कृतियां हैं जिनसे अनेक लोग प्रभावित हुए हैं। मैं तो बचपन से ही उनके लेखन को पढ़ती आ रही हूं और मेरी मां तो उनकी मुझसे भी बड़ी प्रषंसक हैं। मैंने उनकी एक और महान कृति 'गुनाहों के देवता' भी पढ़ी है। मैंने सोचा कि उनकी कृतियों को स्टेज पर उतारने के लिए कुछ किया जाए। उनकी कविता कनुप्रिया तो कई बार मंचित की जाती रही हैं लेकिन मैं कुछ नया और वो भी अपनी पहल पर, करना चाहती थी। अंधायुग का भी कई बार विविध ढंगों से प्रस्तुतीकरण हो चुका है। मैं बस यही सोचती रहती थी कि इन हीरों को किस प्रकार से सामने रखा जाए।' उन्हीं दिनों इला ने उनकी तीसरी कृति एक 'साहित्यिक के प्रेमपत्र' पढ़ी जिसमें उनकी दूसरी पत्नी को लिखे छः सौ प्रेमपत्रों का संकलन है। अब वो कुछ ऐसा करना चाहती थीं कि लेखक की रचनाधर्मिता के इन तीनों रूपों को किसी प्रकार से सामने लाया जा सके। रोचक बात ये थी कि इन प्रेमपत्रों में विविध विषयों जिसमें साहित्य, राजनीति, भूगोल, इतिहास, भौतिकी आदि के बारे में वर्णन है।'

तो फिर उन्होंने एक दूसरे से एकदम भिन्न इन तीनों कृतियों को मिलाकर कैसे एक प्रस्तुति दी? वो बताती हैं कि इन पत्रों को पढ़कर उनके साहित्यिक लेखन को सहजता से समझा जा सकता है, 'इनमें उनकी महान कृतियां, उनके पत्र बताते हैं कि उन्होंने जो लिखा वो क्यों लिखा था।' उनके पत्रों को पढ़कर और उनमें जिस तरह से कणुप्रिया को संबोधित किया गया था उससे कणुप्रिया के बारे में तथा उनके बारे में भारती जी की भावनाओं का आसानी से पता चल जाता है। मैंने उन कविताओं के पीछे की प्रेरणा को भी अनुभव किया। अतः मैंने अपना इन्हीं पत्रों के माध्यम से कुछ करने की ठान ली थी।' यही एक चीज थी जिसकी पुनरावृत्ति नहीं हुई थी।

भारती की सभी कहानियों में मानवीय पहलू अवष्य होता है। इला बताती हैं, 'जब उन्होंने प्रेम का अनुभव किया तो उन्हें राधा और कृष्ण के संबंध काफी महत्वपूर्ण लगे। उनके लिए कृष्ण बहुत महत्वपूर्ण चरित्र बन गए। कृष्ण उन्हें एक योद्धा, मानव, भगवान, प्रेमी और दार्षनिक जैसे लगने लगे। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने अपने पत्रों में कृष्ण की आलोचना भी की थी। इन्हीं पत्रों में आपको उनके समयकाल के कुछ समीक्षकों के बारे में भी जानने समझने का अवसर मिलेगा जिन्होंने उनकी कृतियों की समालोचना और विश्लेषण किया था। ये बात अत्यंत विचित्र थी', इला ने बताया। जब उन्होंने पत्रों द्वारा इसे मंचित करने के अपने विचार को निर्देषक के के रैना को बताया तो वो भी इससे सहमत हो गए और कहा कि वास्तव में ये एक नया विचार है। लेकिन तीनों कृतियों को एक में पिरोना कठिन समस्या थी। लेकिन इला के अनुसार प्रेम ही वो धागा था जिससे उन्होंने तीनों को एक में बांधने में सफलता प्राप्त की। लेकिन लोग इस बात पर आष्चर्य कर सकते हैं कि चूंकि अंधायुग महाभारत के अंतिम दिन की कथावस्तु है तो इसके माध्यम से प्रेम की अभिव्यक्ति किस प्रकार से की जा सकती है।

भारती के इस अंधायुग में गांधारी द्वारा कृष्ण को श्रापित किया जाता है, जबकि कणुप्रिया में वो राधा को अपनी बाहों में भरे होते हैं। एक ही कहानी में इन दो विरोधाभाषी चरित्रों को किस प्रकार समाहित कर सकीं?

के सवाल पर इला अंधायुग में प्रेम के विविध रूपों को बताने लगती हैं, 'हालांकि गांधारी ने कृष्ण को यादव वंष के विनाश के लिए श्रापित किया लेकिन अपने पुत्र के रूप में वो उन्हें प्यार भी करती हैं फिर उसमें राधा का प्यार भी है जिसमें भी उनसे प्रष्न किया जाता है- तुम मेरा प्यार हो लेकिन अब जबकि तुमने एक युद्ध की रचना की है, तो क्या तुम मेरे वही कृष्ण हो? वो कहती हैं कि प्रेम तो युद्ध के स्थान में संभव ही नहीं हो सकता। यही कारण है कि आज भी अंधायुग प्रासंगिक बना हुआ है। इसमें प्रेम और युद्ध के मूल्यों पर प्रष्न किये गए हैं। जहां वॉर है वहां प्यार नहीं हो सकता।'

उनके नाटक में बताया गया है कि भारती के विभिन्न पत्रों में प्यार के साथ ही अन्य चीजों को शामिल किया गया है। उनका संबंध शारीरिक न होकर इससे कहीं परे वाला था। उन्होंने एक दूसरे की रचनाषीलता का हस्तांतरण किया था। वो बताती हैं, 'उन्होंने आज की तरह एक दूसरे से 'आई लव यू या आई मिस यू' कभी नहीं कहा था जैसा कि वर्तमान पीढ़ी अपने मोबाइल पर करती रहती है। लेकिन संबंधों के निबाहने में आज के युवा कोसों पीछे है, जैसा पहले नहीं होता था। उन्होंने एक दूसरे से सीखा और सिखाया भी क्योंकि वे प्रेम में पड़ने वाले छात्र और शिक्षक थे। उनके जीवन में शब्दों का महत्वपूर्ण स्थान था। वे एक दूसरे को साहित्य के माध्यम से अपनी भावनाओं से परिचित कराते थे। उन्होंने राजनीति पर भी चर्चा की। उन्होंने उनसे कहा था कि यदि वो जवाहरलाल नेहरू के समय होती तो उन्हें रेलमंत्री अवश्य बना दिया गया होता। वे शास्त्री जी की उदारता की भी चर्चा करते थे। हम आज के समय में प्रेमपत्रों में राजनीतिक की चर्चा कभी नहीं कर सकते।' उनकी कहानी में कृष्ण द्वारा शांति स्थापित करने में विफल रहने के बाद भी इस बात को रेखांकित किया गया था कि मनुष्य के पास बुरे से बुरे समय में भी एक नैतिक विकल्प अवष्य उपलब्ध रहता है इला के लिए इस प्रस्तुति के दौरान सबसे बड़ी चुनौती थी उस शब्द की खोज थी जिसके माध्यम से वो इन कहानियों को जोड़कर एक कहानी का रूप दे सकें। वो बताती हैं, 'उस सामान्य कड़ी को कैसे और कहां से निकालूं?' वो इसी उधेड़बुन में रहा करती थीं। पत्रों में दोनों ने टैगोर की कृतियों पर भी बात की थी और उनमें से किसी ने संबंधों के महत्व के बारे में भी बताया था। अब यहीं से उन्हें वो सामान्य कड़ी मिल गई। वो बताती हैं, 'उसमें लिखा था, बंधन बहुत जरूरी है और उसमें उन्होंने कृष्ण के राधा, यषोदा और गांधारी के साथ के संबंधों का भी उल्लेख किया था। फिर मैंने कृष्ण को गांधारी और उनके श्राप से जोड़ा। इसके पश्चात मैने तीनों चीजों पर विचार किया। मैंने उन छः सौ पत्रों को बार बार पढ़ा था अन्यथा ये कठिन होता। एक माला बनाने के लिए अगर मैं गलत मोती पिरो देती तो उस माला का कोई प्वाइंट नहीं रहता। ये व्यर्थ होती। अतः हमारी स्क्रिप्ट भी चुस्त होनी चाहिये थी।'

यही कारण था कि उनकी कृति का शब्दलीला शीर्षक रखा गया जिसमें शब्दों की लीला अर्थात रचनात्मकता से आषय रखा गया। ये एक लेखक द्वारा शब्दों के माध्यम से विविध भावों और नाटक की रचना पर ध्यान केन्द्रित रखा गया। संभवतः यही कारण था कि धरमवीर भारती की दूसरी पत्नी ने इला से कहा भी था, 'आपने तो इतिहास ही रच दिया है इससे पहले किसी ने इस ढंग से प्रयास नहीं किया था।'

(ये नाटक इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आईसीसी एक्सपीरियेंस के एक भाग के तौर पर मंचित किया गया था)



नई दिल्ली में बुधवार को अपनी नई फिल्म 'सांड की आंख' के प्रचार के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर

## महान पटकथाओं से ही महान फिल्में बनती हैंः कल्कि



**मुंबई।** अदाकारा कल्कि कोचलीन का कहना है कि वह अपने हर किरदार को निभाने से पहले उसके बारे में पूरी रिसर्च करती हैं। 21वें जियो एमएएमआई मुंबई फिल्म समारोह में द ब्लैक लिस्ट की संस्थापक फ्रैंकलिन लियोनार्द के साथ बातचीत में अभिनेत्री ने पटकथाएं चुनने के तरीके के बारे में बताया। कल्कि ने कहा, महान पटकथाओं से ही महान फिल्में बनती हैं। मुझे लगता है कि फिल्म के विषय के बारे में रिसर्च करना किरदार की बारीकियां समझने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है।

'सेक्रेड गेम्स' की अभिनेत्री ने लियोनार्द के साथ पटकथा लेखन, भारत में फिल्म निर्माण और हॉलीवुड में भारतीय सिनेमा के भविष्य जैसे विषयों पर चर्चा की। उन्होंने स्वतंत्र फिल्मों और फ्रेंचाइजी फिल्मों की लोकप्रियता की तुलना की। कल्कि ने कहा, फिल्मों के फ्रेंचाइजीकरण से हमेशा रचनात्मकता को खतरा रहा है, लेकिन अच्छी पटकथा हो तो ए चीजें मायने नहीं रखती हैं।

## छोटे पर्दे पर देवी के रूप में वापसी करेंगी ग्रेसी सिंह



**मुंबई।** अभिनेत्री ग्रेसी सिंह छोटे पर्दे पर देवी संतोषी मां के रूप में वापसी करेंगी। फिल्म 'लगानः वन्स अपॉन अ टाइम इन इंडिया' की अभिनेत्री ने टीवी शो 'संतोषी मां' में मुख्य भूमिका निभाई थी, जो 2015 से 2017 तक प्रसारित हुआ था। लेकिन अब दो साल बाद फिर से ग्रेसी संतोषी मां के रूप में वापसी कर रही हैं। इस शो में वे व्रत कथाएं सुनाएंगी। ग्रेसी ने अपनी वापसी को कन्फर्म करता हुआ एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है।



ग्रेसी ने कहा, 'संतोषी मां' में मेरे लिए मां संतोषी की भूमिका निभाना बहुत संतुष्टिदायक था और फिर से उस सार को लाना सपने जैसा है। दैवीय किरदार निभाना आसान नहीं होता है, लेकिन इसमें काफी सकारात्मकता होती है, जो यह अपने साथ लाती है। अभिनेत्री ने कहा कि मां संतोषी के प्रति श्रद्धा उन्हें इस किरदार में वापस ले आई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फैन्स मुझसे पूछते हैं कि मैं केवल चुनिंदा रोल ही क्यों करती हूं जबकि मुझे कई रोल ऑफर होते हैं। इसका कारण यह है कि मैं हर रोल के साथ खुद को जोड़ती हूं ताकि कुछ खोज सकूं। संतोषी मां का रोल मुझे पूरा करता है। एक पवित्र भूमिका निभाना आसान नहीं है, लेकिन इससे ऐसी सकारात्मकता मिलती है जिसे बयान नहीं किया जा सकता। संतोषी मां के लिए मेरा लगाव ही मुझे फिर से वापस लाया है और इस वापसी को लेकर मैं खुश हूं। 'संतोषी मां-सुनाए व्रत कथाएं' का प्रीमियर जल्द टीवी पर होगा।

## रूप दुर्गापाल रोमांटिक हॉरर स्टोरी करेंगी

**मुंबई।** अभिनेत्री रूप दुर्गापाल पहली बार एक रोमांटिक हॉरर स्टोरी का हिस्सा बनकर काफी रोमांचित हैं। 'बालिका वधू', 'स्वरागिनी' और 'कुछ रंग प्यार के' के लिए पहचानी जाने वाली अभिनेत्री ने 'लाल इश्क' की टीम के साथ काम शुरू किया है, जिसमें उनके फैंस उन्हें एक अलग अवतार में देखेंगे। रूप ने कहा, 'मेरी भूमिका सकारात्मक है। वह एक पत्नी है, जो अपने पति को बहुत प्यार करती है। दर्शकों को स्टोरी के मजेदार ट्विस्ट एंड टर्न देखकर मजा आएगा। मैं पहली बार रोमांटिक हॉरर स्टोरी करने का लुत्फ उठाऊंगी।' रूप फिलहाल दंगल टीवी के कार्यक्रम 'सीआईएफ' में नजर आ रहीं हैं।

## होटल मुंबई ने मुझे मानवता का महत्व सिखायाः खेर

**मुंबई।** मशहूर अभिनेता अनुपम खेर ने अपनी 501वीं फिल्म होटल मुंबई की सराहना करते हुए कहा कि असल जिंदगी के नायकों पर आधारित इस फिल्म ने उन्हें मानवता का महत्व समझाया। एंथनी मारस निर्देशित इस फिल्म में खेर ताज होटल के शेफ हेमंत ओबराय के किरदार में हैं जिन्होंने 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई हमले के दौरान होटल में फंसे कई लोगों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। साल 2009 में आई डॉक्यूमेंट्री सर्वाइविंग मुंबई पर आधारित इस फिल्म में भारतीय मूल के ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल भी नजर आएंगे। ज़ी स्टूडियो और पर्पज इंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित फिल्म होटल मुंबई 29 नवंबर को हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज़ होगी। खेर ने कहा यह फिल्म असल जिंदगी के नायकों के शौर्य को बयां करती है। विषम हालात में कई बार हम अपने अंदर अभूतपूर्व हौसला पाते हैं। अभिनेता के तौर पर तो हमें सब जानते हैं लेकिन दूसरों की सहायता करने वालों के बारे में जानना ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा सच तो यह है कि होटल मुंबई ने मुझे मानवता का महत्व सिखाया।



## बाल यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए यूनिसेफ से जुड़े आयुष्मान खुराना



**मुंबई।** बाल यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने की मुहिम में बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना यूनिसेफ और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से जुड़ गए हैं।

आयुष्मान बाल यौन शोषण के खिलाफ पॉक्सो से मिलने वाले संरक्षण और कानूनी सहायता के बारे में लोगों को जागरुक करने की पहल का हिस्सा बने हैं। आयुष्मान ने इस मुद्दे को ले कर एक वीडियो शूट किया है। उन्होंने लोगों को इस तरह के घिनौने अपराधों के बारे में सतर्क रहने और तुरंत संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना देकर बाल यौन शोषण के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कहा। आयुष्मान ने कहा, एक जागरूक नागरिक के रूप में मैं उन मामलों में आवाज उठाना चाहूंगा जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है। यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पोक्सो) मंत्रालय का एक बेहद महत्वपूर्ण कदम है जो लोगों को जागरुक कर बाल यौन शोषण के खिलाफ कानूनी समर्थन प्रदान करता है।

अभिनेता ने आगे कहा, बच्चों के खिलाफ किए जाने वाले ए अपराध जघन्य हैं। हमारे देश के भविष्य को बचाने के लिए सरकार और यूनिसेफ का यह प्रयास सराहनीय है। इस अभियान का लक्ष्य सोशल मीडिया, टीवी और सिनेमाघरों के जरिए पूरे देश के लोगों तक पहुंचना है।

**एक जागरूक नागरिक के रूप में मैं उन मामलों में आवाज उठाना चाहूंगा जिन पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।**